सुप्रभात
रांची, गुरुवार
09.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 118



12 सिंघम अगेन से करीना कपूर का फर्स्ट लुक रिलीज

न्यूज डायरी



## शुभमन गिल और सिराज रैंकिंग में बने नंबर वन

**नयी दिल्ली।** विश्व कप 2023 के बीच आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग के ताजे आंकड़े जारी किये गये हैं। नई रैंकिंग में 830 अंकों के साथ भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने बल्लेबाजी रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर लिया है। वहीं मोहम्मद सिराज भी नंबर वन बने।

## एलआरडीसी का घूसखोर पेशकार गिरफ्तार

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित एलआरडीसी ऑफिस के पेशकार विपिन किशोर एक्का को पलामू एसीबी की टीम ने बुधवार को 5000 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्हें ऑफिस से ही गिरफ्तार किया गया है। शंकर पासवान का जमीन से जुड़ा एक मामला एलआरडीसी ऑफिस में चल रहा था।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




# एटीएस ने आइएसआइएस के दो आतंकियों को दबोचा

## झारखंड से रची जा रही थी आतंकी साजिश, पाक के संपर्क में थे

- गिरफ्तार आरिज हसन गोड्डा और नसीम हजारीबाग का रहनेवाला है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एटीएस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आतंकी संगठन आइएसआइएस से जुड़े आतंकी मो आरिज हसनैन और मो नसीम उर्फ मोहसिन को धर दबोचा। एटीएस टीम ने एक को हजारीबाग और दूसरे को गोड्डा से गिरफ्तार किया है। आरिज गोड्डा के रहमत नगर का रहनेवाला है, जबकि मो नसीम हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहनेवाला है। आरिज की निशानदेही पर मो नसीम को हजारीबाग के कटकमसांडी इलाके के पेलावल महतो टोला से गिरफ्तार किया। दोनों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान चौंकाने वाले खुलासे हुए। पता



चला है कि दोनों आतंकी फिलिस्तीन जाकर मस्जिद अल-अक्सा को यहूदियों के कब्जे से मुक्त करवाना चाहते थे। इसके लिए दोनों जम्मू-कश्मीर से लेकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान तक के लोगों के संपर्क में थे। इतना ही नहीं दोनों आतंकी झारखंड के युवाओं को भड़काकर आइएसआइएस से जोड़ने की साजिश भी रच रहे थे।

**कई अहम दस्तावेज जब्त :** गिरफ्तार आतंकियों के पास से एटीएस ने कई अहम दस्तावेज भी जब्त किये हैं। इन पर डार्क वेब के जरिये आइएसआइएस के आतंकियों से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। आतंकवाद निरोधी दस्ते को इनपुट मिली थी कि हजारीबाग और गोड्डा जिले में आइएसआइएस मॉड्यूल को ऑपरेट किया जा रहा है। ऽ्पिई सूचना पर हजारीबाग और गोड्डा में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आतंकी झारखंड के युवाओं को भड़का कर आइएसआइएस से जोड़ने की साजिश में शामिल थे। इन पर डार्क वेब के जरिये आईएसआईएस के आतंकियों से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। (शेष पेज 11 पर)

## एक्शन में सीएम : आरोपी बीडीओ पर केस की मंजूरी

- बालूमाथ के तत्कालीन बीडीओ अर्जुन राम पर है गबन व भ्रष्टाचार का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को भ्रष्टाचार के मामले में फंसे बालूमाथ के तत्कालीन बीडीओ अर्जुन राम के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी दे दी है। बालूमाथ थाना कांड संख्या 09/2016, 06/07/2016 के अभियुक्त अर्जुन राम के विरूद्ध भारतीय दंड विधान 1880 की धारा 406,409,419,420, 34 के तहत अभियोजन की स्वीकृति के देते हुए जांच के आदेश दे दिये हैं। श्री राम पर के खिलाफ लातेहार के बालूमाथ थाना कांड संख्या 99/2016 दर्ज किया गया है। उनपर इंदिरा आवास योजना के तहत शौचालय निर्माण में अनियमितता का आरोप है।

**क्या है मामला :** अभियुक्त के खिलाफ अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आयी है कि इंदिरा आवास योजना के तहत शौचालय सामग्री, धुआं रहित चूल्हा एवं योजना बोर्ड की आपूर्ति का आदेश बिना किसी निविदा-कोटेशन के उन्होंने मेसर्स एके ट्रेडर्स, रांची को दे दिया। (शेष पेज 11 पर)

## नीतीश के विवादित बयान पर भड़के पीएम मोदी, कहा
# कोई शर्म नहीं उनको, कितने नीचे गिरोगे

- नीतीश के आपत्तिजनक बयान से पूरे देश की सियासत में भूचाल

**एजेंसी**

**गुना (एमपी)।** पीएम मोदी ने नीतीश कुमार के जनसंख्या नियंत्रण पर दिये बयान पर सख्त नाराजगी जतायी। एक चुनावी मंच से इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिहार के सीएम के इस बयान को महिलाओं का अपमान और दुनिया में देश की बेइज्जती कराने वाला बयान करार दिया है। उन्होंने कहा, इंडी अलायंस के नेता ने विधानसभा के अंदर, जिस सभा के अंदर माता बहनें भी मौजूद थी, कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है कि ऐसी भाषा में भद्दी बातें की। कोई शर्म नहीं है उनको। पीएम ने नीतीश कुमार समेत पूरे इंडिया गठबंधन पर सवाल खड़े कर दिये। महिलाओं पर दिये आपत्तिजनक बयान के बाद पूरे देश की सियासत आग बबूला हो गयी है। (शेष पेज 11 पर)



### दुनिया में देश को बेइज्जत मत करो

पीएम ने कहा, इतना ही नहीं इंडी अलायंस का एक भी नेता, माता बहनों के इतने भयंकर अपराध के खिलाफ एक शब्द भी बोलने के लिए तैयार नहीं हुआ, जो माता बहनों के खिलाफ ये दृष्टिकोण रखते हैं, वे अपका भला कर सकते हैं, आपका सम्मान कर सकते हैं। वो आपका गौरव रख सकते हैं। कितना दुर्भाग्य आया है, देश का... कितने नीचे गिरोगे। दुनिया में देश की बेइज्जती करा रहे हो। मेरी माताएं बहनों मैं आपके सम्मान के लिए जो हो सकेगा, वो करूंगा। कभी पीछे नहीं हटूंगा। ये नेता जो इंडी अलायंस का झंडा लेकर घूम रहे हैं।

## पीएम की यात्रा को ले सीएस और डीजीपी ने की समीक्षा

**रांची (खबर मन्त्र)।** 15 को पीएम मोदी के झारखंड दौरे को लेकर बुधवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत कई अधिकारी खूंटी पहुंचे। तैयारियों की समीक्षा की। स्टेडियम निर्माण कार्य व अस्थायी हेलीपैड का जायजा लिया। जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के बाद बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में कार्यक्रम की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। मोदी उलिहातु दौरे पर आनेवाले हैं। उनके आगमन से पूर्व तैयारियां जोरों पर हैं। उलिहातु और खूंटी में अयोजित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। अधिकारियों ने खूंटी के डीसी और को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी समन्वय के साथ काम करें। विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

# जेलर ने इडी से कहा, कॉल दबाव में पर मोबाइल मेरा था

- जेल में इडी के खिलाफ साजिश रचने का मामला, मोबाइल की होगी जांच
- आज जेल अधीक्षक से होगी पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी के अफसर को साजिश के तहत फंसाने के मामले में बुधवार को जेलर नसीम से पूछताछ हुई। जेल से इडी अफसरों के खिलाफ साजिश मामले में कौन-कौन वीआइपी कैदी शामिल थे और उसमें जेलर सहित अन्य जेलकर्मियों और अफसरों की क्या भूमिका थी, इस संबंध में जेलर नसीम से पूछताछ की गयी थी। जेलर नसीम ने इडी को बताया कि मोबाइल उसी का था, लेकिन कॉल के लिए अफसरों का दबाव था। इडी इस मामले में मोबाइल से गायब डेटा को रिकवर करेगी और उसका फॉरेंसिक जांच करायेगी। मंगलवार को जेल के बड़ा बाबू से बातचीत हुई थी। बड़ा बाबू ने कहा था कि अफसरों के दबाव में काम किया। गुरुवार को अब जेल अधीक्षक हामिद अख्तर से इडी पूछताछ करेगी।

**आर्म्स लाइसेंस लेने का आरोप :** इडी जेल में बंद आरोपियों को जेल में सुविधाएं मुहैया कराना, गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में जेल अधीक्षक हामिद अख्तर से गुरुवार को पूछताछ करेगी। (शेष पेज 11 पर)

## सीबीआइ के संयुक्त निदेशक बने चंद्रशेखर

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने 2000 बैच के गुजरात-कैडर भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी वी चंद्रशेखर को पांच साल के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्त किया है।

## एनआइए की भी सुरक्षा बढ़ेगी, केंद्र ने भेजा पत्र

**रांची।** इडी के बाद अब एनआइए के अफसरों को भी झारखंड में खतरा है। नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने भी राज्य में अपने दफ्तर और अफसरों की सुरक्षा का मसला केंद्रीय गृह मंत्रालय के समक्ष उठाया है। एजेंसी ने मंत्रालय को इस संबंध में चिट्ठी लिखी है। इडी दफ्तर की सुरक्षा पहले ही खतरे की आशंका पर बढ़ायी जा चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को एनआइए की चिंता से अवगत कराते हुए सुरक्षा बढ़ाने को कहा है। एनआइए का कहना है कि वह राज्य में कई गंभीर मामलों की जांच कर रही है। इस सिलसिले में अफसरों को सुदूर गांवों और जोखिम वाले इलाकों में जाना पड़ता है।




## सरना धर्मकोड को लेकर सालखन का अल्टीमेटम

**रांची।** आदिवासी सेंगेल अभियान ने केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड की मांग को 30 दिसंबर से पहले मान लेने की धमकी दी है नहीं तो भारत बंद कर आदिवासी अपनी मांगों को लेकर रेल और सड़क जाम करने को विवश हो जायेंगे। रांची के मोरहाबादी मैदान में आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने यह बातें कही।

## हमास का बड़ा आतंकी मोहसन अबू जिना ढेर

**फिलीस्तीन।** हमास के बड़े आतंकी मोहसन अबू जिना को इजराइली सेना ने ढेर कर दिया है। आईडीएफ की कार्रवाई में मोहसन मारा गया है। इसके अलावा इजराइल सेना ने उत्तरी से दक्षिणी गाजा के बीच एक और कॉरिडोर खोला है।

## अपहृत नाना-नाती सकुशल बरामद, चार गिरफ्तार

**कोडरमा।** तिलैया डैम ओपी अंतर्गत नाना और नाती का अपहरण किये जाने के मामले का उद्भेदन करते हुए दोनों को सकुशल बरामद कर लिया। इसमें दो महिला चार लोग गिरफ्तार किये गये हैं।

## हर गरीबों को घर देना 'मोदी' की गारंटी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुरैना में एक चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव के बाद गरीबों को पक्का घर देना मोदी की गारंटी है। एमपी में करीब 48 लाख घर गरीबों को दिये गये हैं।

## मानव तस्करी के खिलाफ अभियान में 44 गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे मानव तस्करी नेटवर्क को झटका देते हुए एनआइए ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य पुलिस बलों के साथ कई राज्यों में व्यापक अभियान चलाकर मानव तस्करी के चार मामलों में 44 को गिरफ्तार किया है।



रांची में आयोजित सरना धर्म कोड जनसभा में सालखन मुर्मू ने कहा

# नहीं सुनी गयी हमारी बात तो 30 दिसंबर को भारत बंद का आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान के बैनर तले बुधवार को हजारों लोग मोराहबादी मैदान में आयोजित जनसभा में जुटे। मौके पर सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा कि बीजेपी आदिवासियों को जबरन हिंदू बनाने का काम कर रही है। पढ़े लिखे लोग भी सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे हुए हैं। सरना धर्म कोड जनसभा से हमारी बात नहीं सुनी गयी तो 30 दिसंबर को भारत बंद बुलाया जाएगा। जब तक आदिवासियों को धार्मिक पहचान नहीं मिल जाती, तब तक आंदोलन करते रहेंगे। आदिवासियों को अलग सरना धर्म कोड दिलाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी आंदोलन करना चाहिए। आदिवासियों को पूरे देश में गोलबंद होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री सरना धर्म कोड देने की घोषणा करें। सरना धर्म कोड सभी आदिवासियों को एकजुट करने का प्रयास करेगा। झारखंड गठन के 23 साल बाद भी सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट सही से लागू नहीं हुआ। सरना धर्म के साथ लुगुबुरु को बचाने की जरूरत है।



### सरना धर्मकोड के बाद आदिवासी राष्ट्र की उठी मांग

आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने आदिवासी राष्ट्र की मांग कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। सरना धर्मकोड की मांग को लेकर रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित जनसभा में सालखन मुर्मू ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र की बात हो रही है, अगर आदिवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी नहीं हुई तो हम इस देश के अंदर आदिवासी राष्ट्र की मांग करेंगे, जिसका केंद्र झारखंड होगा।

**राष्ट्रपति और पीएम का कट आउट लगाकर हुई जनसभा :** मोरहाबादी मैदान में देश के विभिन्न राज्यों से आये आदिवासियों के इस जनसमूह के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कटआउट चर्चा का विषय बना रहा। जब सालखन मुर्मू से इस तस्वीर के औचित्य पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगले साल 2024 में चुनाव होने वाले हैं। हमारा नारा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सरना धर्मकोड दो, आदिवासियों का वोट लो।

**ये लोग रहे मौजूद**

देवनारायण मुर्मू, नरेंद्र हेमरोम, विश्व नाथ टुडु, सोहन हेमरोम, अध्यक्ष सपन किसकु, गणेश चद्र हेमरोम, अमर मरांडी, बरना हंसदा, आनंद टुडु, सुमित्रा मुर्मू, तेलका मुर्मू, मोहन हांसदा, फुलचंद तिर्की, संजय तिर्की, भुनेश्वर लोहरा समेत सैकड़ों लोग थे।

चिटफंड और नन बैंकिंग कंपनियों से जब्त पैसे निवेशकों को लौटाने का मामला

# राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में दायर करेगी एसएलपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर दायर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 11 सितंबर 2023 के हाई कोर्ट के आदेश को लेकर राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करने का निर्णय लिया है। जिस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली 6 दिसंबर निर्धारित की है।

**क्या था हाईकोर्ट का निर्देश :** दरअसल, 11 सितंबर को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि छोटे निवेशकों के डूबे पैसे को उन्हें मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार 45 दिनों के भीतर हाई लेवल कमेटी बनाने का नोटिफिकेशन जारी करें। कोर्ट ने यह भी कहा था कि यह हाई लेवल कमेटी हाई कोर्ट के सेवानिवृत चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में तीन सदस्य होगी। इसमें सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस के अलावे सेक्रेटरी बोर्ड आफ ऑफ रिवेन्यू एवं सीबीआई की एक पदाधिकारी जो डीआईजी रैंक से कम का न हो, वह रहेंगे। यह हाई लेवल कमेटी चिटफंड कंपनियों द्वारा छोटे निवेशकों के गबन किए गए पैसे को वापस दिलाने का प्रयास करेगी।

**हाई लेवल कमिटी बनाने के मामले में हाईकोर्ट के निर्देश पर सरकार ने दी जानकारी**

पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ रुपए की संपत्ति एवं पैसे जब्त किए हैं। जब्त पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाया जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए. बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि चिटफंड कंपनियों ने अधिक ब्याज का लालच देकर उनके पैसे का गबन कर लिया गया है मामले की जांच सीबीआई कर रही है, लेकिन निवेशकों के डूबे पैसे भी वापस दिलवाने की पहल की जाए।

# सीबीआइ नौ साल से फरार चार आरोपियों की संपत्ति करेगी कुर्क

जाली कागजात पर ₹7.99 करोड़ का बैंक लोन लेकर फरार होने का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जाली दस्तावेज के बल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को 7.99 करोड़ रुपये का चूना लगाने के बाद पिछले नौ साल से फरार चार आरोपियों पर सीबीआई दबिश बनानी शुरू कर दी है। सीबीआई आरोपियों की संपत्ति कुर्क करेगी। सीबीआई कोर्ट से सीबीआई ने इश्तेहार के साथ कुर्की जब्ती आदेश प्राप्त कर ली है। धोखाधड़ी कर बैंक को नुकसान पहुंचाने के मामले के मुख्य साजिशकर्ता आरोपी मेसर्स रेणुका पॉलीसैक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विवेक प्रताप सिंह के साथ सुब्रतो सेनगुप्ता एवं दिनेश चंद की संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की जायेगी। जबकि आरोपी किशोर कुमार महापात्रा के घर इश्तेहार चिपकाया जायेगा। उक्त चार आरोपियों ने अन्य आरोपियों के साथ आपराधिक साजिश रचकर सरकारी जमीन का जाली कागजात जमा कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बोकारो स्थित एसएमई शाखा से सात मई 2009 को हजारीबाग में कारोबार बढ़ाने के नाम पर 7.99 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। जब किस्त जमा नहीं किया गया तो पांच साल बाद एसबीआई एसएमई शाखा के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक नीरज राजा सिंह ने सीबीआई में आठ जुलाई 2014 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले के जांच अधिकारी ने तफ्तीश पूरी करते हुये चार्जशीट दाखिल की। अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया। लेकिन उस समन का जवाब नहीं आया। मामले के उक्त चारों आरोपी फरार चल रहा है। जिसके कारण मामला न्यायिक प्रक्रिया के प्रथम चरण में ही लंबित है। इस मामले के अन्य आरोपियों में मुरारी प्रसाद बर्णवाल, कुमार रश्मिरथी सिंह, प्रबीर कुमार बसु, राज कुमार मोदी, मो युसुफ, उदय प्रताप सिंह एवं रेणुका सिंह चार्जशीट है।

## हाइकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व सीएम मधु कोड़ा के खिलाफ ट्रायल पर लगायी रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चल रहे ट्रायल पर झारखंड हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। मधु कोड़ा ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर रोक के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने के साथ ही अदालत ने इस केस से जुड़े सभी दस्तावेज (एलसीआर) भी हाईकोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। मधु कोड़ा की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और हाईकोर्ट के अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने बहस की।

**सीबीआई और इडी ने की है जांच**

दरअसल मनी लॉउंड्रिंग केस के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ इडी कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप लगा है। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई और इडी ने की है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, बंधु तिर्की और हरिनारायण राय को कोर्ट सजा सुना चुका है।

## हाइकोर्ट ने प्रमोशन पर लगी रोक हटायी

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को आरक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों को अनारक्षित श्रेणी के रिक्त पद पर प्रोन्नति देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने 31 अक्टूबर को ही प्रमोशन पर लगी रोक हटा ली है। अदालत ने आदेश में कहा कि प्रमोशन का मामला याचिका के अंतिम निर्णय से प्रभावित होगा। पिछली सुनवाई में अदालत ने कार्मिक विभाग की ओर से 2022 में जारी उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसके तहत आरक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों को आरक्षित श्रेणी के रिक्त पद पर प्रोन्नति देने का प्रावधान किया गया था। इस संबंध में मुकेश कुमार, राजीव कुमार सिन्हा और अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में इस याचिका पर सुनवाई हुई।

# जेल में 150 से अधिक मोबाइल सिम एक्टिव

**एटीएस के टेक्निकल सेल के आंकड़ों के आधार पर हुआ खुलासा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपियों प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल की इडी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचे जाने की सूचना पर छापेमारी के पूर्व जेल में एक सौ पचास से अधिक मोबाइल सिम एक्टिव मिले। इसकी सूचना एटीएस की रिपोर्ट में आई है। जानकारी के मुताबिक, रांची के अलावा धनबाद और हजारीबाग स्थित जेलों में बंद गैंगस्टर्स मोबाइल-सेलफोन के जरिए गिरोह ऑपरेट कर रहे हैं। ये चौंकाने वाला खुलासा टेक्निकल इन्क्वायरी में हुआ है। एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की टेक्निकल सेल ने जांच में पाया था कि रांची शहर के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के भीतर 150 से भी ज्यादा मोबाइल सिम एक्टिव हैं। पुलिस मुख्यालय ने जेल के भीतर सक्रिय सिमकार्ड नंबर, व्हाट्सएप नंबर, आइईएमईआई नंबर और वर्चुअल नंबर के ब्योरे के साथ ये रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपा था।

## विशाल सिंह की बेल पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड में शामिल सजायफ्ता विशाल सिंह ने झारखंड हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। उसकी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान विशाल सिंह की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने बहस की। उन्होंने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि पूर्व में भी हाईकोर्ट में विशाल सिंह की ओर से दो बार जमानत दाखिल को गई थी, जिसे अदालत खारिज कर चुका है। ऐसे में उसे बेल नहीं दी जानी चाहिए।

वहीं विशाल सिंह की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने उसे जमानत देने की गुहार लगाई। जिसके बाद अदालत ने उसकी जमानत पर अगली सुनवाई के लिए शुक्रवार की तिथि निर्धारित की है। उस दिन अदालत विशाल की बेल पर फैसला सुनाएगा। विशाल सिंह को हजारीबाग सिविल कोर्ट आजीवन कारावास की कि सजा सुना चुका है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं दोनों

# बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**सीए अनीस अग्रवाल की अग्रिम जमानत पर इडी से मांगा जवाब**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 75 करोड़ रुपए का बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में जेल में बंद बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने ज्ञान प्रकाश सरावगी को जमानत दे दी। कोर्ट ने सरावगी के 1 साल 7 माह जेल में बिताने की अवधि को देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की है। वहीं, सरावगी के चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीस अग्रवाल की अग्रिम जमानत को लेकर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी।

बता दें कि ज्ञान प्रकाश सरावगी को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 29 मार्च 2022 को गिरफ्तार किया था। बैंक आफ इंडिया व यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया को 75 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत अनुसंधान कर रही ईडी कांके रोड निवासी बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी सहित 10 आरोपियों के खिलाफ ईडी की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। अन्य आरोपियों में ज्ञान प्रकाश सरावगी का सीए अनीस अग्रवाल, अमित सरावगी, अभिषेक अग्रवाल व उनकी छह कंपनियां शामिल हैं।

**ज्ञान प्रकाश सरावगी की 38 करोड़ की संपत्ति जब्त :** जांच के दौरान ईडी ज्ञान प्रकाश सरावगी की अब तक 38 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। ईडी के अनुसंधान में यह तथ्य सामने आया है कि जिनपर पहले से ऋण था, उन्हीं कागजातों पर आरोपियों ने दोनों बैंकों को 75 करोड़ रुपये का ऋण लेकर चूना लगा दिया था।

## विष्णु अग्रवाल और प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी पर हाइकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीद बिक्री मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में दायर अलग-अलग जमानत अर्जी मामले की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रेम प्रकाश की जमानत पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 13 दिसंबर निर्धारित की है। वहीं विष्णु अग्रवाल के जमानत पर कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए 11 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।



सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में विष्णु अग्रवाल और प्रेम प्रकाश के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ऐसे में उन्हें जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट में हुई।

बता दें कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी।

कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गई थी। मामले में प्रेम प्रकाश भी आरोपी हैं।

## छत्तीसगढ़ चुनावी दौरे में पीएम से मिले सांसद संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे प्रवास के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरजपुर जिले में विशाल जनसभा को संबोधित किया। भाजपा संगठन की तरफ से इस जिले का प्रभार रांची के सांसद संजय सेठ को दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रवास के क्रम में सांसद संजय सेठ ने भी उनसे मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने श्री सेठ से विधानसभा चुनाव की स्थिति से संबंधी जायजा लिया। सूरजपुर जिला और इसके अधीन पढ़ने वाले तीन विस क्षेत्र से संबंधित जानकारी सांसद ने पीएम को दी। उन्होंने बताया कि सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति है। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने जनजातीय गौरव दिवस, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को झारखंड आगमन को लेकर उन्हें जोहार कहा।

# शिक्षा सचिव ने सरकारी शिक्षकों के तबादले की अनुशंसा के लिए जारी किया दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सरकारी शिक्षकों के स्थानांतरण की अनुशंसा के लिए जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक करने संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। उन्होंने यह जानकारी बुधवार को सभी उपायुक्त को दी है। शिक्षा सचिव ने इसके क्रियान्वयन के लिए 21 नवंबर तक समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करने की बात कही है। सचिव ने लिखा है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में स्थानांतरण की कार्रवाई की जायेगी।

**शिक्षा सचिव ने दिये दिशा निर्देश**

वैसे सभी शिक्षक, जो असाध्य रोग से पीड़ित हैं और जिनके द्वारा झारखंड शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल पर स्थानांतरण के लिए ऑनलाईन आवेदन किया गया है, के लिए जिला में चिकित्सा बोर्ड की बैठक आयोजित हो। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश से निर्गत निर्देशों के अनुसार चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी किया जाये। चिकित्सा प्रमाण पत्र को वैसे सभी शिक्षकों के ऑनलाईन आवेदन में संलग्न किया जाना आवश्यक है, जिनके द्वारा असाध्य रोग कोटि के तहत आवेदन समर्पित किया गया है।

राज्य के विभिन्न नगर निकायों में मनी जल दिवाली

# महिलाओं ने जाना जल का महत्व

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र सरकार की पहल पर राज्य शहरी विकास अभिकरण, नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड के अंतर्गत विभिन्न नगर निकायों की ओर से अमृत एवं एनयूएलएम मिशन के तहत महिलाओं के लिए पानी, पानी के लिए महिलाएं अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 7-9 नवंबर तक जल दिवाली के रूप में मनाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं में पेयजल के प्रति जागरूकता लाना है। उन्हें शहरों में जल उपचार संयंत्रों का भ्रमण करवा कर जल उपचार और परीक्षण प्रक्रियाओं के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान दिया जा रहा है तथा घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जा रहा है।



राज्य के 31 नगर निकायों में अलग-अलग स्थानों पर 31 जल उपचार संयंत्रों साइटों की पहचान की गई है। सात नवंबर को जुगसलाई नगर परिषद् द्वारा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का भ्रमण जल उपचार संयंत्र में कराया गया एवं 8 को 15 का दौरा शहरी स्थानीय निकायों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा किया गया। दो दिनों में 762 महिलाओं को 16 जल उपचार संयंत्रों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान और निकायों के संबंधित साईट इंजीनियरों ने उन्हें घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति में शामिल विभन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया। यह भ्रमण नगर निगमों के आयुक्तों और विभिन्न नगर निकायों के पदाधिकारी और अभियंताओं के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। जल उपचार संयंत्रों के भ्रमण के दौरान जल उपचार की प्रक्रिया की जानकारी महिलाओं द्वारा काफी उत्सुकता से ली और जल के महत्व को बतलाते हुए जल बचाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर पीएम के झारखंड आगमन का बेसब्री से इंतजार

# जेएमएम ने प्रधानमंत्री मोदी से एचइसी को बचाने का किया आग्रह, झारखंड का बकाया भी मांगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पीएम नरेंद्र मोदी से एचईसी को बचाने का आग्रह किया है। साथ ही केंद्र के पास झारखंड की बकाया राशि देने की भी मांग की है। केंद्रीय कार्यालय, रांची में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 15 नवंबर को झारखंड के स्थापना दिवस पर पीएम के झारखंड आगमन का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे मौके पर उन्हें चाहिए कि वे एचईसी को बचाने की पहल भी करें। देश के पहले पीएम नेहरू और



इस राज्य की माटी के लाल इंजीनियर कार्तिक उरांव ने जिस औद्योगिक संस्थान को खड़ा किया था, उस भाजपा के शासन काल में पिछले 10 सालों में बर्बाद कर दिया गया। नतीजा यह है कि पिछले 2-3 सालों से एचईसी के कर्मी बदतर स्थिति में हैं। एचईसी के उद्धार के अलावा झारखंड का जो केंद्र के पास बकाया है, उसे भी वे दिलाएं। आदिवासी, मूलवासियों के लिए जो राज्य सरकार की योजनाएं हैं, उसे पूरा करने में मदद करें।

**आदिवासी हित के नाम पर केवल दिखावा**

सुप्रियो भट्टाचार्य के मुताबिक मध्य प्रदेश में 15 नवंबर को चुनाव होने हैं। वहां बड़ी संख्या में आदिवासी सीटें भी हैं। कहीं ऐसा न हो कि झारखंड में आदिवासी के नाम पर किसी तरह की घोषणा से वोट पर असर पड़े। इस केंद्र सरकार में लगातार आदिवासी, मूलवासियों, अकलियतों के खिलाफ अत्याचार बढ़ा है। अभी मिजोरम में चुनाव भी हो गये पर पीएम वहां नहीं गये। आदिवासियों के जलते पहचान को बचाने की जिम्मेदारी उन्होंने नहीं ली। उन्हें आदिवासियों पर केवल बात करना अच्छा लगता है। पिछली बार झारखंड के राज्य स्थापना दिवस समारोह पर पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रांची आना था पर उस दिन वे मध्यप्रदेश चली गयीं। अबकी 15 नवंबर को जब पीएम खूंटी (झारखंड) आ रहे हैं तो भाजपा अपना कार्यक्रम ना कर ले। इस दिन पूरे राज्य के लिए उत्सव का दिन है। पीएम अगर झारखंड आगमन पर एचईसी को बचाने के लिए पहल नहीं करते हैं तो इसका गलत मैसेज जाएगा। वर्ष 2024 में उन्हें पता लग जायेगा कि कैसे वे किसी खास औद्योगिक समूह को आगे बढ़ाने में लगे हैं और देश को बर्बाद करने में लगे हैं।

# आदित्यपुर-गम्हरिया मार्ग पर खुला देश का पहला जीप और सिट्रोएन मल्टी ब्रांड शोरूम

## मल्टी ब्रांड डीलरशिप के लिए कंपनी ने भालोटिया ग्रुप के साथ मिलाया हाथ

## एक छत के नीचे मिलेगी दोनों ब्रांड के उत्पादों की बिक्री और सर्विस की सुविधा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जीप और सिट्रोएन ने भारत के पूर्वी हिस्से में अपनी पहुंच बढ़ाते हुए जमशेदपुर में 'भलोटिया जमशेदपुर' डीलरशिप का उद्घाटन किया है। इस मल्टी-ब्रांड डीलरशिप में जीप और सिट्रोएन कारों का मजबूत पोर्टफोलियो एक ही छत के नीचे मिलेगा। यहां पर आईसीई (पेट्रोल व डीजल) और ईवी (इलेक्ट्रिक) रेंज के वाहनों का विस्तृत पोर्टफोलियो उपलब्ध होगा, जो विभिन्न सेगमेंट्स में ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। देश के इस महत्वपूर्ण औद्योगिक और आर्थिक केंद्र में इस मल्टी-ब्रांड डीलरशिप का उद्घाटन यहां मौजूद वृद्धि की संभावनाओं और इन दोनों अमेरिकी ब्रांडों की बढ़ती पसंद को प्रदर्शित करता है। आदित्यपुर-गम्हरिया फोर लेन के किनारे खुले इस शो रुम के उद्घाटन के मौके पर कंपनी के नेशनल सिनर्जी हेड शिशिर मिश्रा, डीलरशिप डेवलपमेंट के हेड प्रसाद पंसालकर, जीप के सेल्स हेड पंकज पार्कर, सिट्रोएन के सेल्स हेड जयेश शुक्ला, जोनल मैनेजर निखिल, भालोटिया ग्रुप के अशोक भालोटिया, उनके अग्रज गजानंद भालोटिया, अजय भालोटिया, कृष्णा भालोटिया समेत अन्य परिजन एवं विशेष आमंत्रित जन उपस्थित थे। जमशेदपुर में महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित यह 3 एस सुविधा 6000 वर्ग फुट में फैली हुई है। यहां पर सिट्रोएन पोर्टफोलियो में सी 3 एयरक्रॉस एसयूवी, ई-सी3, सी 5 एयरक्रॉस एसयूवी, और सी 3 के साथ ओ 4 जीप नेमप्लेट में ग्रैंड चेरोकी, रैंगलर, मेरिडियन और कंपास की पूरी श्रृंखला मिलेगी। यहां पर 20,000 वर्ग फुट में फैली एक समर्पित वर्कशॉप है, जहां अत्यधिक प्रशिक्षित सर्विस प्रोफेशनल्स ग्राहकों को विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक डायग्नोस्टिक एवं रिपेयर टूल्स की मदद से स्पेयर पार्ट्स और शानदार सर्विस प्रदान करते हैं। शोरूम में ग्राहकों का अनुभव बेहतर बनाने के लिए यह ब्रांड एक विस्तृत डिजिटल परिवेश में काम करता है, जो एटीएवीएडीएसी रिसेप्शन



जीप और सिट्रोएन के भव्य शोरूम के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और शोरूम के मालिक अशोक व अजय भालोटिया परिवार के सदस्यगण।

### वैश्विक ऑटोमोबाइल कंपनियों में अग्रणी खिलाड़ी हैं जीप और सिट्रोएन

जीप और सिट्रोएन, दोनों ऑटोमोटिव उद्योग में विश्व की अग्रणी कंपनियां हैं, जो अपनी गुणवत्ता, इनोवेशन और ग्राहकों की संतुष्टि प्रदान करने की अपनी तत्परता के लिए प्रसिद्ध हैं। जमशेदपुर में यह नया शोरूम इन दोनों प्रतिष्ठित ब्रांड्स को एक छत के नीचे ला रहा है, जिससे जमशेदपुर और आसपास के लोगों को ऑटोमोटिव का विश्व-स्तरीय अनुभव प्राप्त हो सकेगा।

### जमशेदपुर का प्रतिष्ठित कारोबारी परिवार है भालोटिया ग्रुप

जमशेदपुर में ऑटोमोटिव रिटेल के क्षेत्र में भलोटिया ग्रुप की मजबूत पकड़ है, जहाँ ये प्रसिद्ध ऑटोमोटिव ब्रांड्स के साथ एक्सक्लूसिव गठबंधन में काम करते हैं। इसके अलावा यह समूह मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता के ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स भी बनाता है। उन्हें अपने उत्पादों की शानदार गुणवत्ता के लिए सम्मानित भी किया गया है, जिसमें कारगिल संघर्ष के दौरान टाटा मोटर्स के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में 1,000 सेना ट्रक लोड बॉडी रिकॉर्ड समय में पहुंचाने की उल्लेखनीय उपलब्धि भी शामिल है।

बार और हाई-डेफिनिशन 3-डी कॉन्फिगरेटर जैसी सुविधाओं के साथ सुगम डिजिटल अनुभव प्रदान करता है।

## झारखंड जीप इंडिया के लिए एक आकर्षक बाजार : आदित्य जयराज



जीप इंडिया के ऑपरेशन हेड आदित्य जयराज।

नए डीलर पार्टनर का स्वागत करते हुए, जीप इंडिया ऑपरेशंस के हेड, और स्टेलेंटिस इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आदित्य जयराज ने अपने संदेश में कहा, 'आर्थिक विकास की दृष्टि से झारखंड मुख्य राज्यों में आता है, इसलिए यह हमारे लिए एक आकर्षक बाजार है। हमारी पिछली मल्टी-ब्रांड डीलरशिप्स सफल होने के बाद यह डीलरशिप इस क्षेत्र में पैसेंजर वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। अपना हर कार्य ग्राहकों पर केंद्रित रखते हुए, इस नई सुविधा में जीप और सिट्रोएन के सर्वोत्तम वाहन और उनके लिए बेहतरीन आफ्टर-सेल्स सेवाएं मिलेंगी, जिससे ग्राहकों को अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। आदित्य ने कहा, 'ग्राहकों को प्रीमियम वाहन एवं बजट के विकल्प एक ही छत के नीचे मिलने से मूल्य और सेगमेंट दोनों में उन्हें लचीलापन प्राप्त होगा। इससे हमें और ज्यादा बड़े ग्राहक आधार तक पहुंचने में मदद मिलेगी। झारखंड में हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षमता है, इसलिए हम इस बाजार पर अत्यधिक केंद्रित हैं। हमें विश्वास है कि हम यहां के प्रबुद्ध ग्राहकों को सर्वोत्तम उत्पाद व सेवाएं प्रदान करते हुए इस क्षेत्र में अपने कदम मजबूत करते चले जाएंगे। हमारे निरंतर विस्तार से भारतीय बाजार के लिए जीप और सिट्रोएन इंडिया की दृढ़ प्रतिबद्धता और हमारे वाहनों की बढ़ती मांग प्रदर्शित होती है।'

### जीप और सिट्रोएन का वर्ल्ड क्लास मल्टी ब्रांड शोरूम है यह : शिशिर मिश्रा



स्टेलांटिस इंडिया के सेल्स एंड मार्केटिंग सिनर्जी के डायरेक्टर और हेड शिशिर मिश्रा ने जमशेदपुर शो रुम में आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, भालोटिया जमशेदपुर हमारी कंपनी का भारत में पहला मल्टी ब्रांड शो रुम है। हमें भालोटिया ग्रुप के साथ जुड़ कर गर्व की अनुभूति हो रही है और निश्चित रुप से ग्लोबली आइकॉनिक एसयूवी जीप और सिट्रोएन के ग्राहक यहां आकर वर्ल्ड क्लास सेल्स एंड सर्विस सुविधा का लाभ उठायेंगे।

### सेल्स एंड सर्विस की वर्ल्ड क्लास सुविधा से लैश है शोरूम



डीलरशिप डेवलपमेंट हेड प्रसाद पंसालकर ने अपने संबोधन में कहा कि जमशेदपुर में भालोटिया जमशेदपुर शो रुम के जरिए जीप और सिट्रोएन के ग्राहकों के लिए हमने वर्ल्ड क्लास सेल्स एंड सर्विस की सुविधा दी है। वर्ल्ड क्लास आधारभूत संरचना के साथ बेहद प्रशिक्षित एवं अनुभवी स्टाफ ग्राहकों को सेवा की नयी संस्कृति से रुबरु करायेंगे।

### एक ट्रेंड सेटिंग शहर है जमशेदपुर : पंकज पार्कर



जीप इंडिया के सेल्स हेड पंकज पार्कर ने कहा कि हमलोगों को पूरा विश्वास है कि जीप और सिट्रोएन एसयूवी की बिक्री में यह शहर एक कीर्तिमान स्थापित करेगा।

स्पीड न्यूज

### विजया गार्डेन क्रियेटिव वीमेंस लीग ने संग्रहित किये कपड़े व खिलौने



जमशेदपुर। बारीडीह विजया गार्डेन क्रियेटिव वूमेंस लीग के तत्वावधान में बुधवार को कपड़े, खिलौने आदि का संग्रह किया गया। इसमें बारीडीह विजया गार्डेन के परिवारों ने बढ़-चढ़ कर योगदान दिया। संग्रहित साम्रग्री संस्था कोरू फाउंडेशन को सौंप दी गयी. फाउंडेशन के द्वारा दीपावली के अवसर पर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच उक्त सामग्री बांटी जायेगी। सामग्रियों के संग्रह में प्रियंका वर्मा, रेशमी दत्ता, सोनी मुंडा, निधि श्रीवास्तव, ऋचा वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, कुसुम सिंह ने भागीदारी निभायी।

### पूर्वी सिंहभूम : 2 नये डेंगू मरीज मिले

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले में 08 नवंबर के सैम्पल जांच में 2 डेंगू पॉजिटिव पाए गए। डेंगू पॉजिटिव लोगों में गोलमुरी टिनप्लेट कॉलोनी के 1 और कदमा के 1 डेंगू पॉजिटिव शामिल हैं। अबतक कुल 12664 सैम्पल की जांच में 1406 लोग(कोल्हान प्रमंडल) डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। वर्तमान में 79 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 3 आईसीयू में, 76 नॉर्मल वार्ड में भर्ती हैं। आज 7 लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया ।

### गम्हरिया के नये थाना प्रभारी आलोक दूबे ने पदभार लिया



गम्हरिया। बुधवार को गम्हरिया के नए थाना प्रभारी के रूप में 2012 बैच के तेज तर्रार इंस्पेक्टर आलोक दुबे ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सुषमा कुमारी का स्थान लिया है। इससे पूर्व वे सरायकेला के सर्किल इंस्पेक्टर और आदित्यपुर के थाना प्रभाररी रह चुके हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद थाना में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अलावा क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने गुलदस्ता प्रदान कर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा नेता मनोरंजन सिंह, पूर्व पार्षद सोनू सिंह, आजाद कुमार आदि शामिल थे। इस मौके पर श्री दुबे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपराधियों पर अंकुश लगाना है ताकि क्षेत्र के लोग अमन चैन से रह सकें। उन्होंने कहा कि आपसी सामंजस्य से सभी को साथ लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल रखने पर उनका ध्यान केंद्रित रहेगा।

### चंचल भाटिया मानवाधिकार ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय सचिव बने



जमशेदपुर। राष्ट्रीय स्तर की संस्था मानवाधिकार ऑर्गेनाइजेशन और एंटी करप्शन आफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव लौहनगरी के युवा सिख नेता सरदार चंचल सिंह भाटिया बनाए गए हैं। संरक्षक शाहिद जैदी एवं अध्यक्ष आसिफ अहमद के निर्देश पर उपाध्यक्ष हमीद मसूद ने इस आशय का नियुक्ति पत्र भेजा है। इस पत्र में उल्लेखित है कि झारखंड राज्य में सामाजिक हित में उठाए गए कदम एवं मानवाधिकार से जुड़े बिंदुओं पर कार्य करने के कारण उन्हें इस पद से नवाजा गया है। सरदार चंचल सिंह भाटिया भारतीय जनता पार्टी के साथ ही विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं व्यवसायिक समूह के साथ जुड़े हुए हैं। रचनात्मक तथा सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उनकी एक विशिष्ट पहचान है।

# हेमंत सरकार कर रही आदिवासी मूलवासियों की संस्कृति और धार्मिक स्थलों का विकास : चंपई सोरेन

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** सूबे के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड में आदिवासी-मूलवासियों की संस्कृति, सभ्यता एवं धार्मिक स्थलों का तेजी से विकास हो रहा है। आदिवासियों ने अपनी पौराणिक सभ्यता, संस्कृति एवं इतिहास को बचाने का काम किया है। शोषकों के खिलाफ विद्रोह कर धार्मिक स्थलों को मिटने नहीं दिया। 20 साल बाद राज्य की बागडोर यहां के धरतीपुत्र हेमंत सोरेन को मिला, और महज दो वर्षों में राज्य को विकास के मानचित्र पर खड़ा कर इतिहास रच दिया है। गम्हरिया प्रखंड के कालिकापुर स्थित सेंट्रल जाहेर थान एवं मुगार्घुटु जाहेरथान का 10 करोड़ की लागत से होने वाली अत्याधुनिक संसाधन युक्त सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करते हुए सोरेन ने लुप्त होती संस्कृति को बचाने में सरकार के प्रयासों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के हर गांव में मांझी हाउस एवं प्रत्येक प्रखंड में 12 करोड़ की लागत से ग्रामीणों के लिए बैठक हॉल का निर्माण होगा। उसमे दो हजार लोग एक साथ बैठक कर सकेंगे। सोरेन ने कहा कि राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाने का हर प्रयास तेजी से चल रहा है।

निजी स्कूलों की तर्ज पर हर पंचायत में मॉडल स्कूल का निर्माण हो रहा है। उसमें निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था रहेगी। कहा कि फ्री कोचिंग एवं विदेशों में पढ़ने की व्यवस्था भी सरकार ने शुरू की है। सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से गांव एवं शहर के बीच की दूरी को समाप्त किया जाएगा। ग्रामीणों को इसकी सुविधा भी शीघ्र मिलेगी। सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड को 20 वर्षों में लूट का केंद्र बनाकर अपनी राजनीतिक ताकत को बढ़ाया।

कहा कि आदिवासियों की संस्कृति को ध्वस्त करने का प्रयास किया। कहा कि किसानों का गंजिया बराज एक ड्रीम प्रोजेक्ट था, जिसे पूरा किया जा रहा है। अगले जनवरी तक 9 पंचायतों के किसानों को सालोभर सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।। कहा कि सरकार का मकसद हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देना है। इस अवसर पर कालिकापुर के टायो गेट में करीब 3,86,52,300 रुपये व मुगार्घुटू में करीब 5,06,27,100 रुपये की योजना का मंत्री ने शिलान्यास किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री चंपई सोरेन।

### ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष छाया कांत गोराई, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, राम दास टुडू, अमृत महतो, गोपाल महतो, बीटी दास, पिंकी मंडल, अनीता टुडु, सुकमती मार्डी, राम हांसदा, भोमरा मांझी, मोहन बास्के, अविनाश सोरेन, अमृत महतो, उदय मार्डी, जगदीश महतो, दीपक नायक, मंगल मांझी, गुरबा मार्डी, महेश्वर महतो, अनिल सोरेन आदि उपस्थित थे।

## बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को युनियन बैंक के बिस्टुपुर स्थित मुख्य शाखा के समक्ष युनियन बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन, झारखंड स्टेट के आह्वान पर तथा सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन के तत्वावधान में एक जुझारू प्रदर्शन आयोजित किया गया। विदित हो कि पिछले दिनों पूरे झारखंड में युनियन बैंक के प्रबंधन के मनमानी तथा अनुचित श्रम-व्यवहार के विरोध में युनियन बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन झारखंड स्टेट के बैनर तले कर्मचारियों ने तीव्र संघर्ष छेड़ रखा है।उसी कड़ी में आज का प्रदर्शन आयोजित किया गया था। आन्दोलन कारियों के प्रमुख मांगे हैं - लिपिक संवर्ग में पर्याप्त नियुक्ति करना, अस्थाई/आकस्मिक कर्मचारियों का स्थाईकरण, उन्हें सरकारी नियमों के अनुसार न्युनतम मजदूरी देना, डेपुटेशन के नाम पर हो रहे अनुचित श्रम-व्यवहार बंद करना, नियमों के अनुसार बैंक में काम करवाना आदि।



## 3 आवेदकों को वर्ग 3 तथा 5 आवेदकों को वर्ग 4 के पद पर नियुक्ति के लिए की गयी अनुशंसा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समारणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुकम्पा पर नियुक्ति से संबंधित कुल 20 आवेदनों की गहन समीक्षा की गई जिसमें वर्ग-3 के पद पर नियुक्ति हेतु 03, वर्ग-4 के पद पर नियुक्ति हेतु 05 आवेदनों को अनुशंसित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर उपायुक्त समेत अन्य सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**वर्ग 3 के पद पर अनुशंसित आवेदन निम्नवत हैं-**

1. अमन कुमार सिंह, पुत्र (अनारक्षित), स्व0 सुजीत कुमार सिंह, प्रधान लिपिक, सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल, गांगडीह मु0, जमशेदपुर
2. पारसमणी ठाकुर, पुत्र, (अ0 पि0व0), स्व0 विरेन्द्र लाल ठाकुर, निरीक्षक (पुलिस)
3. राजेश मुर्मू, पुत्र, स्व0 राम चन्द्र मुर्मू, भू0पू0 शिक्षक, उ0म0वि0 पाथरभांगा

**वर्ग 4 के पद पर अनुशंसित आवेदन निम्नवत हैं-**

1. गौविन हॉसदा, पुत्र (अ0ज0जा0), स्व0 रायमत हांसदा, अनुसेवक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, जमशेदपुर
2. कविता भकत, पुत्री, स्व0 लखी प्रिया भकत, अनुसेवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोटका
3. मनोज मराण्डी पुत्र, स्व0 लखीराम मराण्डी, हवलदार, एसएसपी कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम
4. बिरजु मुखी, पुत्र, स्व0 मेघनाथ मुखी, झाड़ूकश, वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय
5. सुमन हेमरोम, पुत्र, स्व0 सिरिल हेमरोम, भू0पू0 रसोईया, झा0 स0 पु0 -6,

## टाटा पिगमेंट गेट के निकट जल जमाव और खराब सड़क का विधायक मंगल ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा पिगमेंट गेट के निकट अंडर ब्रिज के पास लगातार जल जमाव की समस्या से सड़क की स्थिति बद से बद्तर होती जा रही है।स्थिति की जानकारी मिलते ही लगातार क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी क्षेत्र का निरीक्षण कर इस दिशा में किये जा रहे कार्य प्रगति का अवलोकन कर रहे हैं इसी क्रम में उन्होंने जुस्को, रेलवे और जुगसलाई नगर परिषद के पदाधिकारी के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण किया और उत्पन्न समस्याओं को बारिखी से समझते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जानकारी देते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि आम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है लोग चोटिल हो रहे हैं समस्या 20 वर्षों से जस की तस बरकरार है उन्होंने कहा कि आज स्थाई समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है दुर्गा पूजा समय छाई गिराया गया था उसे त्वरित हटाने का निर्देश जुगसलाई नगर परिषद को दिया गया है साथ ही साथ बड़े-बड़े नाले जिसमें जाम की स्थिति है उसे भी सफाई का निर्देश दिया गया है ताकि पानी की निकासी में किसी प्रकार की समस्या ना हो साथ उन्होंने कहा कि रेलवे और जुस्को के पदाधिकारी को भी स्थाई समाधान के दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया जा चुका है ताकि किसी तरह की परेशानी राहगीरों और स्थानीय लोगों को न हो।



## सीपी समिति मध्य विद्यालय और राइजिंग सन ने किया केबुल बस्ती में बाल मेले का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सी पी समिति मध्य विद्यालय और राइजिंग सन इंग्लिश स्कूल केबुल बस्ती के द्वारा संयुक्त रूप से आज विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया, प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार सिंह ने बताया की 14 नवंबर बाल दिवस के दिन पर्व त्योहार का समय है अतः विद्यालय में आज ही बाल दिवस समारोह का आयोजन मेले के रूप में किया गया, बाल मेले का प्रारंभ विद्यालय समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने फीता काट कर और माता सरस्वती और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनेश कुमार ने कहां की पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चो से बहुत प्यार और सम्मान करते थे, जिसके आलोक में उनके जन्मदिन के दिन ही बाल दिवस का आयोजन पूरे भारत वर्ष में होता है।



## शफायत हुसैन की स्मृति में रेडक्रॉस भवन में 112 यूनिट रक्तदान

पोती आमना आसिफ ने पहला रक्तदान कर शिविर का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को अहसीन इंटरनेशनल स्कूल के फाउंडर चेयरमैन आसिफ महमूद के पिता स्वर्गीय शफायत हुसैन की याद में रेड क्रॉस भवन में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन रेड क्रॉस भवन में किया गया। इस शिविर का आयोजन अहसीन इंटरनेशनल स्कूल की फाउंडर चेयरमैन आसिफ महमूद ने किया। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर विजय कुमार महतो डीएसपी एंटी क्राइम ब्यूरो जमशेदपुर,विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस के सेक्रेटरी विजय कुमार हाजी इलियास खान,इमारत ए शरिया के काजी सऊद आलम, हाफिज अनवर आलम,मुफ्ती निशात अहमद और एहसीन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर अर्चना दिवेवेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ आसिफ महमूद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आसिफ महमूद ने कहा कि रक्तदान देश व समाज में इंसानियत की भावना को सिंचता है। इसके जरिए हम इंसानियत को जिंदा रखते हैं। मुख्य अतिथि एवं डीएसपी एसीबी विजय महतो ने कहा कि इंसान को अपने जीवन में वह काम अवश्य करना चाहिए जिससे स्वयं को संतुष्टि मिलती हो। रक्तदान करके आप अपने जीवन में सच्ची संतुष्टि पा सकते हैं क्योंकि इसके जरिए आप किसी के जीवन को बचाने का काम करते हैं। इमारत-ए-शरिया के काजी सऊद आलम ने कहा कि दुनिया का सबसे अच्छा इंसान वो है जो हमेशा दूसरों की भलाई के बारे में सोंचे। रक्तदान इसके लिए एक अच्छा माध्यम है। हमें याद रखना चाहिए कि अल्लाह ताला ने इंसान को इंसानियत की रक्षा के लिए इस धरती पर भेजा है। मुफ्ती निशाद अहमद ने कहा कि रक्तदान के जरिए हम इंसानियत को बचाने का काम करते हैं। हाफिज अनवर आलम ने कहा कि रक्तदान के जरिए हम न सिर्फ इंसानियत की भावना को मजबूत करते हैं बल्कि राष्ट्रीय एकता को भी। क्योंकि रक्त का कोई जाति अथवा धर्म नहीं होता। आपके द्वारा किया गया रक्तदान हर जाति-धर्म के लोगों की समान रुप से काम आता है। डॉ अर्चना द्विवेदी ने कहा कि हमें यह देख कर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि युवा पीढ़ी रक्तदान को लेकर बेहद जागरुक है। आज के इस कार्यक्रम में काफी उत्साह दिखा। स्कूल के चेयरमैन आसिफ महमूद की सबसे छोटी बेटी आमना आसिफ ने अपने दादा अब्बा स्व शफायत हुसैन की याद में जिंदगी का अपना पहला रक्तदान किया। इसके साथ ही रक्तदान शिविर शुरु हो गया जो अपरान्ह 4 बजे तक चला। इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में रेड क्रॉस के डीके घोष, अजीज हसनैन,अयाज अहमद की भी मुख्य भूमिका रही।



अपने दादा की स्मृति में रक्तदान करतीं आमना आसिफ का हौसला बढ़ाते पिता आसिफ महमूद, भाई व अन्य।

## खबर एक नजर में

### गोवा राष्ट्रीय खेल में जमशेदपुर के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



जमशेदपुर। गोवा में 37 वे राष्ट्रीय खेल में भाग लेकर जमशेदपुर आगमन पर विजय हुई आर्चरी टीम का टाटानगर स्टेशन पर जिला आर्चरी संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। साथ ही जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के द्वारा संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा के नेतृत्व में विजय हुए सभी खिलाड़ियों एवं कोच को अंगवस्त्र व पुष्पहार देकर सम्मानित किया गया। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर ढोल एवं नगाड़े से दूरोंतो एक्सप्रेस से पहुँचे सभी युवा खिलाड़ियों का जोरदार अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। फूल माला , अंगवस्त्र इत्यादि से सभी को विजय की शुभकामनाएं दी गयी। जमशेदपुर व झारखंड को गौरवान्वित करते हुए राष्ट्रीय खेल में युवा खिलाड़ियों ने दो गोल्ड एवं 2 सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किया :-

>> मिक्स टीम में दीपिका व मृणाल ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

>> एकल प्रतियोगिता में दीपिका कुमारी ने गोल्ड प्राप्त किया।

>> पुरुष टीम में गोलडी मिश्रा, श्रेय भारद्वाज, मृणाल चौहान एवं गुरु बेसरा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

>> महिला टीम में दीपिका कुमारी, कोमोलिका बारी, दीप्ति कुमारी एवं अग्नि कुमारी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया

स्वागत व अभिनंदन करने में मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय कोच डी सैसवारी राव, कॉमनवेल्थ चैंपियन भाग्यवेई चानू, राष्ट्रीय कोच अनिल कुमार, राष्ट्रीय कोच सुशांतो पात्रो, झारखंड तीरंदाजी एसोसिएशन से राहुल सिंह, रवि राज शर्मा, वरुण सिंह, संजय सिंह, बिमलेश उपाध्याय,नागेश राव, अमित मिश्रा, तजिंदर सिंह जॉनी, विकाश शर्मा, विनोद गुप्ता, बंटी सिंह, रंजीत उपाध्याय, संजय शर्मा, किशोर साहू, विशाल उपाध्याय, आकाश कुमार, वरुण सिंह संजय सिंह, बिमलेश उपाध्याय,नागेश राव, राजकमल यादव, शशि सिंह, मोहित एवं अन्य उपस्थित थे।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में कांड्रा व गम्हरिया में चलाया गया जांच अभियान



गम्हरिया। दीवाली, छठ व अन्य पर्व त्योहार के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के उद्देश्य से जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह के नेतृत्व में कांड्रा और गम्हरिया मेजाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र में अस्थायी रूप से चला जा रहे विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जहां बूँदी लड्डू, मोतीचूर लड्डू, छेना मिठाई आदि बनाकर विभिन्न खुदरा एवं छोटे मिठाई दुकानों में आपूर्ति की जाती है, वहां छापेमारी कर जांच की गई। इस क्रम में किसी भी निमार्ता के पास खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीयन नहीं पाया गया। बताया गया है कि इस दौरान कांड्रा के वार्ड एक स्थित अचीटो कापड़ी, हराधान पात्रा, कृपा सिंधु ओझा आदि के दुकानों से लड्डू का नमूना लेकर उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। इसके अलावा बिना लाइसेन्स के दुकान संचालन करने के लिए प्रति दुकानदार दो हजार रुपए जुर्मानां की वसूली की गई। इसके अलावा कांड्रा के महंथी स्वीट्स, गम्हरिया के श्याम मिष्ठान भंडार से भी जांच के लिए खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहित किया गया। सभी मिठाई दुकानदारो को अपने-अपने डिस्प्ले ट्रे मे बेस्ट बिफोर/ अंतिम उपयोग की तिथी अंकित करके ही मिठाई की बिक्री करने का निर्देश दिया गया। चेतावनी दी गई कि जांच के क्रम में मिठाई के डिस्प्ले ट्रे में अंतिम उपयोग की तिथी अंकित नहीं रहने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत उनपर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष साहू भी मौजूद थे।

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड के विद्यार्थियों ने लगायी प्रदर्शनी



जमशेदपुर। श्रीनाथ कॉलेज आफ एजुकेशन के बी.एड.के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का अभ्यास शिक्षण समाप्ति के बाद महाविद्यालय में उनके द्वारा प्रयुक्त शिक्षण अधिगम सामग्रियों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा विद्यालय में पढ़ाए गए प्रकरणों से सम्बंधित शिक्षण सामग्रियों को प्रस्तुत किया गया, साथ ही उन्होंने अपने शिक्षण सामग्री के साथ प्रकरण की प्रस्तुति भी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बालभद्र जेना के निर्देश में सभी विषय शिक्षकों ने इस प्रदर्शनी के लिए विद्यार्थियों की सहायता की । प्रदर्शनी के उद्देश्य के बारे में बताते हुए डॉ. जेना ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी से विद्यार्थियों की रचनात्मकता का विकास होता है । कक्षा के शिक्षण सहायक सामग्री के उपयोग से न सिर्फ शिक्षण प्रभावी होता है बल्कि इससे विद्यार्थियों का अधिगम भी अधिक पुष्ट और दीर्घकालिक होता है । प्रशिक्षुओं ने अपने अभ्यास - शिक्षण के दौरान उपयोग किए गए तीन सबसे अच्छे शिक्षण - सामग्री को इस प्रदर्शनी में शामिल किया ।

### प्रभुनाथ सिंह ने किया अपना 28वां एसडीपी डोनेशन



जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत जहां रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, वहीं आज रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने अपना 28वां एसडीपी डोनेशन किया, जिसके साथ ही उन्होने अपना 64 रक्तदान पूरा किया। जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में सिंह को प्रोत्साहन देने हेतु खबर मन्त्र के ब्यूरो हेड व वरीय पत्रकार सत्येन्द्र कुमार, जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के प्रशासक संजय चौधरी उपस्थित थें।

### एशियाई मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में एसके तोमर ने जीता सिल्वर मेडल



जमशेदपुर। बुधवार को 5 दिवसीय 22वीं एशियाई मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप 2023 का आयोजन फिलिपींस के कैंपास शहर के न्यू क्लर्क सिटी एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित होने जा रही है इस चैंपियनशिप के आज पहले ही दिन झारखंड जमशेदपुर के अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट थ्रोवर एस के तोमर ने अपने व्यक्तिगत स्पर्धा शॉट पुट थ्रो में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 12.36 मीटर गोला को फेंक कर 22 वें मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला रजत पदक जीता । इसी स्पर्धा में मेजबान देश के प्रतिभागी मैस निक्सन ने 13.17 मीटर फेंक कर स्वर्ण पदक और कांस्य पदक भारत के गुरप्रीत सिंह कुंदेल ने जीता है ।एथलेटिक चैंपियनशिप में मास्टर एथलीट फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बेहतरीन एथलीटों की सूची भारतीय दल के रूप में किया है जिसमें जमशेदपुर के चार और झारखंड के अन्य जिलों से तीन , कुल मिलाकर सात एथलीटों का चयन हुआ है। झारखंड के ये सातो मास्टर एथलीट जिन में एक महिला और 6 पुरुष प्रतिभागी है जो भारतीय मास्टर एथलीट टीम में शामिल हैं। यह जानकारी मास्टर एथलीट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रवक्ता श्याम शर्मा ने दी है।

## स्पीड न्यूज

### 51 हजार दीप प्रज्वलित करेगा राष्ट्रीय परशुराम सेना




**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के बैनर तले और सर्व सनातन समाज के सहयोग से बन रहे झारखंड और बिहार के प्रथम चिरंजीवी भगवान परशुराम मंदिर के गुंबद का कार्य काफी तेजी के साथ महाराष्ट्र के कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें समस्त सनातन का सहयोग विभिन्न प्रदेशों से बढ़-चढ़कर आ रहा है। पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर दिन रविवार को संध्या में 51 हजार दीप का प्रज्वलन किया जाएगा साथ ही हर घर एक दिया अभियान के तहत जो दीप आएगा उसे भी भगवान परशुराम को समर्पित किया जाएगा। प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण ने कहा कि यह पल समाज को एक सूत्र में पिरोने और अपने आराध्य को याद करने के लिए सबसे बेहतरीन होने जा रहा है। प्रदेश प्रभारी अभिषेक तिवारी ने कहा कि यह एक शुभ अवसर भगवान परशुराम ने हम सभी को प्रदान किया है जिसमें मंदिर प्रांगण में हम खुद को समाज के लिए बराबर में खड़ा होना सुनिश्चित कर सकते हैं। संगठन के संरक्षक मुकेश तिवारी के द्वारा उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को शामिल होने की अपील की है। उक्त दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की रूप रेखा बनाने में राष्ट्रीय परशुराम सेवा के संरक्षक अजय तिवारी 'अकेला', कमलेश शुक्ला, बसंत तिवारी, परमेश तिवारी, प्रदेश सलाहकार अविनाश धमार्चार्य, रमेश पांडे, कोषाध्यक्ष अंकित पांडे, अरविंद पांडे,संजीत पांडे, राहुल पाठक, कर्ण तिवारी, अभिषेक पांडे, शुबास दुबे, चंदन शुक्ला, नवनीत शुक्ला, मनी तिवारी, राहुल उपाध्याय, संजम दुबे राहुल पाठक, रितिक चौबे एवं सदस्यों ने लोगों से मंदिर परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम का साक्षी बनने की अपील की है।

### भाजपा नेता ने निजी खर्च से सड़क का कराया मरम्मती



उंटारी रोड पलामू। प्रखंड के सिडहा में गनौरी मेहता के घर से कोयल नदी तक सड़क मरम्मती का कार्य बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अपने निजी खर्च से करवाया। सिडहा से लेकर कोयल नदी तक अप्रोच पथ पुरी तरह जर्जर हो चुका था जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने सड़क की मरम्मती को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी से आग्रह किया था। सड़क मरम्मती के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, संजय कमलापुरी, सजन सिंह, रामसेवक पासवान, अशोक चौधरी, बिंदेश्वर चौधरी, रामलखन सिंह, सुनील सिंह, पंकज चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के प्रगति का आधार सड़क होता है। बेहतर सड़क होने से लोगों का आवागमन सुलभ होगा।

### महायज्ञ समिति ने विधायक को दिया कलश यात्रा में आने का न्योता



**चैनपुर पलामू।** मेदिनीनगर बारहलोटा हाउसिंग कॉलोनी में 21 नवंबर से 28 नवंबर तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है जिसमें सभी गण्यमान्य लोगों और श्रद्धालुओं को एकत्रित होकर भव्य कलश यात्रा में शामिल होने के लिए कमेटी के द्वारा निमंत्रण दिया जा रहा है। बुधवार को आयोजित समिति के मुख्य संरक्षक सनातनी धर्म रक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया के मझीगावां आवास पर पहुंच कर 21 नवंबर को कलश यात्रा में शामिल होने के लिए सनातनी धर्म पटा पहना कर आने का निमंत्रण दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि भव्य कलश यात्रा में सभी श्रद्धालुओं को श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हाउसिंग कॉलोनी स्थल से सभी श्रद्धालु कलश लेकर बारहलोटा रेडमां होते हुए छःमुहान होकर शिवाजी मैदान पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में आसमान से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा किया जाएगा। साथ ही परम पूज्य शांतिधर्म रथ श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज हेलीकॉप्टर से 7 नदियो का जल का छिड़काव करेंगे।

### पाटन : स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का किया गया वितरण



पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में वर्ग एक एवं दो के कुल 93 छात्र छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य सोनी देवी, सीआरपी उपेन्द्र राम, संयोजिका कांति देवी, प्रधानाध्यापक हरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर हरेंद्र सिंह ने पोशाक वितरण करने के उपरांत सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह योजना बच्चों के लिए हितकारी योजना है। इस योजना से गरीब बच्चे को सहायता मिलती है तथा इससे बच्चों में विद्यालय के प्रति तथा पढ़ाई के लिए लगाव बढता है। पोशाक पाकर बच्चें खुश हुये।

### नगर परिषद् ने 23 को नोटिस भेजा



**विश्रामपुर पलामू।** नगर परिषद् विश्रामपुर अंतर्गत अवस्थित धृतियों से धृतिकर वसूली की मुहिम तेज कर दी गई है। नगर परिषद् ने ऐसे 23 धृतिधारकों को नोटिस भेजा है जिनके धृतियों का लंबित कर रु 10,000/- अथवा अधिक है। साथ ही निकाय क्षेत्र के 50 ऐसे व्यवसायियों को भी नोटिस किया गया है जिनके व्यापार अनुज्ञप्ति की समयसीमा समाप्त हो चुकी है परन्तु अनुज्ञप्ति को नवीकृत नहीं करवाया गया है। नगर पालिकाओं के संचालन के लिए कर संग्रहण एक प्रमुख राजस्व स्रोत है तथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम-2011 ऐसे विभिन्न करों की वसूली की अनुमति देता है। नगर परिषद विश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत अवस्थित सभी निजी, सरकारी एवं अर्धसरकारी संपतियों से कर वसूली का लक्ष्य निर्धारित है। शतप्रतिशत कर वसूली से नगर पालिका सुदृढ़ होगा एवं बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हो सकेगा। इसकी जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने दी।

### 37वां राष्ट्रीय खेल: गोवा में पलामू के सुमित कुमार ने जीता कांस्य पदक



मेदिनीनगर। गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में लगोरी (पिट्ठो) खेल में झारखंड पुरुष वर्ग की टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता है। झारखंड लगोरी की टीम में पलामू के सुमित कुमार अपने सूझ बूझ के साथ खेलते हुए, आसाम, राजस्थान, बिहार की टीम हो हराते हुए कांस्य पदक जीता। 31 अक्टूबर को पलामू से नेशनल गेम्स में शामिल होने के लिए सुमित गोवा रवाना हुआ थे। उनके साथ कोडरमा से 9 खिलाड़ी, हजारीबाग से 2, रामगढ़ से 3, कुल 15 खिलाड़ियों के साथ कोच प्रिंस मिश्रा, हेमंत कुमार रवाना हुए थे। टीम ने 2-1 से जीता मुकाबला। गोवा के कैंपल ओपन ग्राउंड में झारखंड की टीम का मुकाबला सेमी फाइनल में राजस्थान की टीम के साथ हुआ था। जिसमें झारखंड की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। जीत दर्ज करने के बाद झारखंड पुरुष वर्ग की टीम खुशी से झूम उठे।

### महिला विरोधी है नीतीश : लवली गुप्ता



**मेदिनीनगर।** बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार के बयान पर मीडिया से मुखातिब होकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने विधानसभा में जिस तरह का बयान दिया है वह बयान सदन की मर्यादा को तार-तार करने वाला है। वह सभ्य समाज का प्रतिनिधित्व करने के लायक नहीं रह गए हैं।

## छठ में सजेगा कोयल रिवर फ्रंट : प्रथम महापौर




● **चेंबर के सौजन्य से होगा गंगा आरती, छठ गीत व रंग-बिरंगे लाइट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने हिंदुओं के महापर्व छठ हेतु कई घाटों का निरीक्षण किया। महापौर ने कहा कि छठ घाटो की सफाई में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसका मॉनिटरिंग हम स्वयं करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां-जहां घाटों में सफाई की आवश्यकता है मुझे या मेरे प्रतिनिधि को छठ घाटों की सफाई देख रही है। संस्था पूर्व में ही सूचित करें जिसे निगम या मेरे निजी खर्च से सफाई कराई जाएगी। उन्होंने अपने निजी खर्च से जेसीबी लगाते हुए निगम क्षेत्र की प्रमुख घाट कोयल रिवर फ्रंट की सफाई का नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। कहा कि इस वर्ष निगम द्वारा निर्मित कोयल रिवर फ्रंट पर पहला छठ पूजा होगा जिसका शुभारंभ पलामू चैंबर परिवार के सौजन्य से मेरे देखरेख में कोयल रिवर फ्रंट मैं निर्मित गंगा आरती मंच पर भव्य गंगा आरती एवं भजन से किया जाएगा। घाटों को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाई जाएगी और सफाई की विशेष व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। परिवार के सौजन्य एवं चेंबर की देखरेख में शिवाजी मैदान और इस वर्ष से चैनपुर सूर्य मंदिर प्रांगण छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरण किया जायेगा। शिवाला घाट स्थित बट पूजा चबूतरा निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।

## सनातन धर्म के लिए समर्पित है मेरा जीवन: पांकी विधायक




खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सुग्गी-आरका ठाकुर बाड़ी मंदिर में लक्ष्मी पूजा सह पंच दिवसीय मानस सम्मेलन के 24वें अधिवेशन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पांकी के विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, विशिष्ट अतिथि सीओ सह बीडीओ केदारनाथ सिंह, पंचायत के मुखिया बबन प्रसाद, कमेटी अध्यक्ष विजय तिवारी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मुखिया बबन व कमिटी अध्यक्ष विजय ने विधायक को सम्मानित किया। विशिष्ट मौके पर विधायक ने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेहता ने कमेटी को 31 हजार रुपये की सहयोग राशि दी। ठाकुरबाड़ी मंदिर की ओर इशारा करते हुए मेहता ने कहा कि इसके जीर्णोद्धार में जो भी राशि खर्च होगी उसके लिए भी कमेटी को परेशान नहीं होना है। जितनी राशि खर्च होगी, मैं देने के लिए तैयार हूं। मेहता ने लोगों से अपील की कि आगामी 21 तारीख से भागवत महापुराण की कथा हाउसिंग कॉलोनी मैदान में होने जा रही है। इसके लिए भी पांकी से कलश यात्रा में करीब 1000 श्रद्धालुओं को भेजने का काम करेंगे। कई वर्षों से सनातन धर्मावलंबी की इच्छा की पूर्ति के लिए रामलाल का दर्शन करने के लिए अयोध्या भेजने का काम करेंगे। मंच संचालन शंकर शुक्ला ने किया। मौके पर निर्मल मेहता, वीरेंद्र मेहता, अखिलेश चंद्रवंशी, गुड्डू तिवारी, अजय पासवान, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, कमेश यादव, सुरेश राम चंद्रवंशी, मनोज राम, मुखिया बिगन महतो, सुनील कुशवाहा, लव मेहता, रविन्द्र पासवान, दिलीप पांडे, अजीत प्रसाद गुप्ता, विजय तिवारी, शंभु प्रसाद, गोखुल प्रसाद, मुखिया बबन प्रसाद, प्रिंस, राजू, नीरज, शनि, मिथलेश, उज्वल, अजय, रौशन पांडेय, सुदर्शन, टिंकु गुप्ता, विक्रम, रघुवंश पाठक समेत लोग उपस्थित थे।

# 15 नंवबर से प्रारंभ होगा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अभियान

डीसी ने की बीडीओ, सीओ समेत जिलास्तरीय पदाधिकारी संग बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त रंजन ने 15 नंवबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान को कैसे सफल बनाया जाये एवं अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाये इस पर चर्चा की गयी। बैठक में डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस अभियान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने की बात कही। उन्होंने अलग-अलग पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा। उन्होंने कहा कि शिविर में जो भी आवेदन आयेंगे उस संबंधित आवेदन को संबंधित पदाधिकारी सक्रिय होकर एड्रेस करें तो हम अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर सकेंगे। बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्य प्रक्षेत्र की योजनाएं,कहां विशेष ध्यान रखना है, ऑन द स्पॉट कौन सी शिकायतों का निवारण किया जा सकता है, इन बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। उपायुक्त ने विभिन्न पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सभी बीडीओ, सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**चार- पांच पंचायतों में हर दिन लगेगा शिविर**

अभियान के दौरान प्रतिदिन जिले के विभिन्न प्रखंडों में कम से कम चार - पांच पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन शिविरों में लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। नया राशन कार्ड के लिए आवेदन लिया जायेगा। स्वीकृत राशन कार्ड दिये जायेंगे। राशन डीलर के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का निराकरण पेंशन लाभ, मनरेगा के तहत नये जॉब कार्ड, हड़िया बेचने वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें फुलो-झानों आशीर्वाद योजना से जोड़ना है। वहीं धोती-साड़ी का वितरण व कंबल वितरण भी किया जायेगा। अबुआ आवास के तहत नये आवेदन लिये जायेंगे साथ ही इ-श्रम पोर्टल पर निबंधन, लंबित दाखिल खारिज के मामलों का निष्पादन, लगान रसीद निर्गत, पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना के आवेदन लेने जैसे कार्य किये जायेंगे।

## रामचंद्र चंद्रवंशी इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सभागार में दो दिवसीय व्याख्यान आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सभागार में दो दिवसीय व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान के प्रथम दिन गणित विषय के शीर्षक मैट्रिक्स पर प्रभारी प्राचार्य डॉ आरपी सिन्हा ने शीर्षक विद्युत वाहन उर्जा व वेद पर विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि हमारे वेदों में वर्णित जानकारी का उपयोग कर आधुनिक युग के विभिन्न क्षेत्रों पर शोधन कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विद्युत वाहन व अन्य उपकरण भी शामिल है। इस आयोजन में आरसीयू के कुलपति डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निर्देश पर इन दो विषयों व सफल व्याख्यान सह विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड मनीषा सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

मौके पर मानवीकीय व विज्ञान के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ केके मिश्रा, गोविंद सिंह, डॉ बीके यादव, प्रमेंद्र कुमार, डॉ अमरेंद्र कुमार, मृतेश कुमार सिंह व अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद थे। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि यह व्याख्यानमाला विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। व्याख्यानमाला से बच्चे शिक्षकों के बातों को सुनकर आत्मसात करेंगे।

## हम काम करने में विश्वास रखते हैं : आलोक चौरसिया



मेदिनीनगर। विधायक आलोक चौरसिया ने पलामू-गढवा सीमा पर स्थित बड़गड़ प्रखंड के बढ़नी गांव में पुल निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने ग्रामसेतु योजना अंतर्गत ग्राम बढ़नी पंचायत बड़गढ़ प्रखंड के बगल में बिरहा नाला पर पुल निर्माण का शिलान्यास आलोक चौरसिया ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि इस नदी पर पुल निर्माण हो जाने से ग्राम बढ़नी, सालों, गढ़िया, लामी, बगरवार, कंजिया, मतगड़ी अनेक गांव का जुड़ाव हो जायेगा। चौरसिया ने कहा कि मैं क्षेत्र में एक एक समस्या को देखकर समाधान करने का पहल कर रहा हूं। ताकि लोगों को किसी प्रकार के परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। मैं काम करने पर विश्वास रखता हूं। उन्होंने संवेदक को आगाह करते हुए कहा है कि काम की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। चौरसिया ने कहा कि जिस प्रकार केंद्र सरकार गरीबों के आंसू पोछने, पेट भरने एवं आर्थिक रूप से सबल बनाने का काम कर रही है। मौके पर भीष्म चौरसिया, आनंद सोनी, रामकरेश चौरसिया, ओम प्रकाश गुप्ता, बजरंग गुप्ता, ठाकुर प्रसाद महतो, भूषण सिंह, बिरजू सिंह, स्वाति तिर्की, सुनीता देवी, राजेश्वर ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे।

## पर्यावरणविद ने हिमाचल के दो जिलों के कई स्कूलों की दीप यात्रा में पौधा लगाने व बचाने का दिया संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला के शीला चौक, व घरोह सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं कुल्लू जिले के लॉरिअल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक महोत्सव के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद, कौशल किशोर जायसवाल ने दीप यात्रा के तहत दीपावली पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए उक्त विद्यालय परिसरों में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कर्नाटक का चंदन, नेपाल का रुद्राक्ष,थाईलैंड का बारहमासी आम, क्रिसमस ट्री एवं बोतल पाम लगाकर वितरित भी किया। वहीं कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों को उन्होंने पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मुल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया। लॉरिअल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल कविता शर्मा, केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल पुष्पा शर्मा एवं घरोह विद्यालय के प्रिंसिपल निशा डोगरा ने मोमेंटो देखकर सम्मानित करते समेत कई शिक्षकों ने अपने संबोधन में पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल के द्वारा पिछले 5 दशक से देश-विदेश में निजी खर्चों पर निस्वार्थ कार्य करने की न सिर्फ सराहना की बल्कि उन्हें मोमेंटो देखकर सम्मानित भी किया।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रतिभा संगम कल

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रतिभा संगम कार्यक्रम का आयोजन 10 नवंबर को किया जायेगा। इसकी जानकारी स्कूल के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दी। प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक सह पांकी विस क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व विशिष्ट अतिथि पलामू डीडीसी रवि आनंद होंगे। प्राचार्य ने कहा कि कार्यक्रम दिन के 10 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतिभा संगम में स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।

### चावल लदा ट्रक को अपराधियों ने अगवा किया

**हरिहरगंज पलामू।** मेदिनीनगर औरंगाबाद एनएच 139 पर कौआखोह के समीप मंगलवार की रात करीब दस बजे अज्ञात अपराधियों ने चावल लदे ट्रक को अगवा कर फरार हो गया। चालक संजय चौधरी ने बताया कि बिहार के अरवल से चावल लेकर छतीसगढ़ रायपुर जा रहा था। कौआखोह के समीप अपराधियों ने टॉर्च जलाकर गाड़ी रोकने का इशारा किया। उसके बाद एक अपराधी ट्रक के पास आया और बोला कि पेपर लेकर चलो साहब देखेंगे। जब पेपर लेकर उनके गाड़ी के पास गए तो जबरन अपराधियों ने गाड़ी पर बैठा लिया। गाड़ी में चार लोग सवार थे। कुछ दूर जाने के बाद गाड़ी से उतार दिया। हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि चावल लदे ट्रक को सुनियोजित तरीके से अपराधियों ने अगवा किया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### युवती ने पानी टंकी से लगाई छलांग, हालात गंभीर

**नीलांबर पितांबरपुर।** लेस्लीगंज में लगे पानी टंकी से लेस्लीगंज निवासी अमारिक भुईयां के 20 वर्षीय पुत्री ने बुधवार की शाम में कूद गई। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती पानी टंकी पर चढ़ गई और चिल्ला चिल्ला कर बोलने लगी की यहां पर कोई नहीं आना नहीं तो टंकी से कुद कर जान दे दूंगी। आसपास के लोगों ने तत्काल लेस्लीगंज थाना पुलिस को सूचना की। लेस्लीगंज थाना के एएसआई राजीव कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा लड़की को नीचे उतरने के लिए भी कहा गया। लेकिन लड़की टंकी से नीचे नहीं उतरी। अचानक एक लड़का बचाने के नियत से पानी टंकी पर चढ़ गया और पानी टंकी से लटके उक्त लड़की को हाथ ही पकड़ लिया। लेकिन लड़की हाथ छुड़ाकर कूद गई। इस क्रम में टंकी के बीच वाले लगे लोहे की इंगल पर टकराकर लटक गई। जिसमें उक्त लड़की को सर में काफी गंभीर चोटे आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सिर फटने के बाद काफी रक्त स्राव होने लगा। जिसके कारण स्थिति नाजुक बन गई। तत्काल पुलिस ने टंकी से उतार कर प्रशासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच भेजा गया।

## एसपी रीषमा रमेसन ने की समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा बुधवार को अपने कार्यालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान बीते माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की गई। साथ ही थानावार वारंट, कुर्की के निष्पादन के संबंध में की गई कार्रवाई, कांडों में गिरफ्तारी एवं निष्पादन की कार्रवाई की समीक्षा पुलिस अधीक्षक रमेसन के द्वारा की गई। पिछले माह में हत्या, लूट, बलात्कार, पोक्सो आदि के कांडों में गिरफ्तारी एवं उद्भेदन के संबंध में क्या-क्या प्रयास किए गए हैं उसकी गहन समीक्षा की गई। उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई के दृष्टिकोण से मनातू, नावा बाजार, छतरपुर नौडीहा एवं हरिहरगंज को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। हत्या के जिन कांडों का उद्भेदन अभी तक नहीं हो पाया है उसको लेकर भी संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को विशेष निर्देश दिया गया। कांड उद्भेदन एवं कांड निष्पादन की दिशा में जिन थाना प्रभारी एवं पदाधिकारियों ने अच्छा काम किया है, उन्हें सुसेवांक से पुरस्कृत करने का आदेश दिया गया एवं जिनके कार्य में लापरवाही पाई गई उन्हें निंदन की सजा का आदेश दिया गया। गोष्ठी मे एसडीपीओ सुरजीत कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पशु क्रुरता निवारण को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश



**मेदिनीनगर।** पशु क्रुरता निवारण के नियमों के अनुपालन को लेकर डीसी शशिरंजन ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी ने इसे लेकर पशु क्रुरता अधिनियम को लेकर संबंधित थाना को निर्देश निर्गत करने का निर्णय लिया। पशु संबंधी कानूनों को संदेवीकरण कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

पुलिस पदाधिकारी व जिला परिवहन समेत पशु चिकित्सक व लोक अभियोजन को शामिल किया जायेगा। पशु शरण स्थल के लिए पांच एकड़ भूमि चिंहित कर जिला एसपीसीए को स्थानांतरित किया जायेगा। इसे लेकर सीओ को पत्राचार किया गया है। माडल शेल्टर के संबंध में राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा बनाये गये माडल की कॉपी मांग किया गया है।

नगर निकाय लखनउ द्वारा संचालित कान्हा उपवन का भ्रमण करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि परिवहन के लिए आवेदक एसडीओ को आवेदन करें।

### हुसैनाबाद : सुपर शक्ति टीएमटी ने राजमिस्त्री सम्मेलन का किया आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला छतरपुर रोड ,नियर खादी ग्रामोद्योग के पास सुपर शक्ति टीएमटी छड़ के द्वारा राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन कया गया। मौके पर कम्पनी के मार्केटिंग ऑफिसर लौकुश सिंह ने सुपर शक्ति सरिया उसकी गुणवक्ता पर प्रकाश डाला। राजमिस्त्री लोगो को इससे मकान निर्माण में होने वाले फायदा को बताया। उन्होंने कहा कि इस सरिया से निर्माधिन भवन काफी टिकाऊ और मजबूत होता हैं। मौके मिस्त्री को दीपावली पर उपहार भेट किया। मौके पर बिजनेस स्पॉटिंग ऑफिसर राजीव सिंह, अक्षय कुमार मेहता, मिस्त्री शिवकुमार रजक, सुदेश राम, युगेश्वर राम, संजय पासवान, संतोष चौहान, विनोद मेहता, अखिलेश आदि लोग उपस्थित थे।

## बसपा का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती पर बल

# कार्यकर्त्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं : दिनकर



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** बहुजन समाज की विधान सभा स्तरीय गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कैडर समीक्षा बैठक बुधवार को शहर के टैक्सी स्टैंड परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी प्रमोद राम ने की और संचालन बसपा के वरिष्ठ नेता चितरंजन दास ने किया।

कार्यक्रम के पूर्व सैकड़ो बसपा कार्यकर्त्ताओं ने वाहनों से बाइक रैली निकाली। गणमान्य लोगों ने शहर के अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री उतर प्रदेश सह झारखंड प्रदेश प्रभारी जी सी दीनकर, केंद्रीय सदस्य प्रभारी रामबाबू, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, जिला अध्यक्ष अजय भारती पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि यादव, पुनित अंबेडकर ने डॉक्टर भीम राव अंबेडकर, कांशी राम के तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

बैठक को संबोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि जी सी दीनकर ने कहा की कार्यकर्त्ता ही पार्टी की ताकत और इसके रीढ़ होते है, हमे पार्टी को आगे बढ़ाने है इसके लिए हमें पूरी ईमानदारी और और एक नए ऊर्जा के साथ लगने की जरूरत है। बसपा बिना किसी जाति के भेद भाव करने वाली पार्टी है जो समाज को एकजुट करके समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संघर्षरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अपनी भाईचारा बनाकर संगठन को को मजबूत बनाने की जरूरत है। मौके पर शेर अली ने कार्यकर्त्ताओ से आव्हान करते हुए बहुजन समाज पार्टी एक मिशन है जो समाज के महापुरषों के विचार पर चलने की पार्टी है, बैठक में केंद्रीय सदस्य प्रभारी रामबाबू, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, हरि यादव, अजय भारती, सुहैल हक, सुदर्शन राम, सहित अन्य लोग ने बसपा की संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रणव सुमन, नूरुल खान, सब्बीर हुसैन, बिरेंद्र राम, गुरु प्रसाद, सुनैना कुंवर, फिरोज आलम, सल्लाहुदीन नूरी, इफ्तेखार आलम, मदन भारती, राजकुमार जी, कृष्णा राम, फरीद खान, अशद हुसैन, वकील सिद्दिकी समेत विधान सभा के सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीएसएनएम कॉलेज कर्मियों ने मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कालेज कर्मियों ने बुधवार को अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया है। वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा झारखंड प्रदेश के बैनर तले बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज सतबरवा पलामू के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने शैक्षणिक हड़ताल किया और धरना प्रदर्शन की। इस दौरान अपनी मांगों के समर्थन में शिक्षकेतर कर्मचारी तथा कर्मी अपने हाथों में तख्ती बैनर लिए हुए शैक्षणिक हड़ताल का समर्थन कर रहे थे। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रसाद ने किया। मौके पर अजय प्रसाद ने कहा कि वित्त रहित शिक्षा नीति के कारण आज हम कॉलेज कर्मियों के समक्ष भूखे मरने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में सरकार को वित्त रहित शिक्षा नीति के तहत राहत देनी चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक उपेंद्र कुमार सिंह मनु देव, प्रतिमा कुमारी, किरण कुमारी, निकिता कुमारी, सहायक रिशाल सिंह, भोला मेहता, सुदामा प्रसाद के साथ कर्मचारी और कर्मचारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### सिजुआ ने बच्चों को दिवाली के मौके पर फुलझड़ी बांटा

**कतरास।** बुधवार को शिव मंदिर, मांझी बस्ती, निचितपुर में प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ क्षेत्र के द्वारा 36 गरीब एवं असहाय महिलाओं एवं बच्चों को दीपावली एवं धनतेरस के शुभ अवसर पर साड़ी मिठाई और बरतन तथा 30 बच्चों के बीच फुलझड़ियां,पटाखे, मिठाई एवं लस्सी का वितरण किया गया। मौके पर काकुली रॉय,अध्यक्ष, प्रज्वला महिला समिति ने कहा कि समिति इस तरह के आयोजन समिति के द्वारा करती रहती है और इस तरह के सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है इस अवसर पर सुनीता सिंह, विमला मिश्रा,संगीता धुर्वे, माया सिंह, वंदना विश्वकर्मा एवं नूतन जोशी आदि उपस्थित थी।

### रेल एसपी ने कतरासगढ़ रेल थाना का किया निरीक्षण

**कतरास।** रेल थाना कतरासगढ़ का बुधवार को धनबाद रेल एसपी मनोज स्वर्गियारी ने निरीक्षण किया। रेल एसपी ने निरीक्षण के दौरान दैनिकी कांड, मालखाना, पुलिस कर्मियों के वर्दी आदि निरीक्षण किया। रेल एसपी ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए रेल यात्रियों की विशेष सुविधा पर ध्यान रखना का निर्देश दिया। रेल यात्रियों के यात्रा के दौरान पुलिस उनके सुरक्षा के प्रति हमेशा चौकन्ना रहे। साथ ही उनके हर सुविधाओं का भी ख्याल रखें। पुलिस यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करें। निरीक्षण में रेल एस पी के साथ रेल डीएसपी संजीव कुमार बेसरा भी मौजूद थे।

### जिंदल स्टील के पर्वतपुर कोल ब्लॉक गेट के समक्ष धरना



**बोकारो/तालगड़िया।** चंदनकियारी प्रखंड के जिंदल स्टील के पर्वतपुर कोल ब्लॉक गेट के समक्ष स्थानीय बेरोजगार संघर्ष समिति एवं बिहार कोल माइंस यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। नियोजन समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे लोग जुलूस की शक्ल में धरना स्थल पहुंचे जहां सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामलाल महतो ने एवं संचालन लक्ष्मण महतो ने किया। कुमुद महतो ने कहा कि जिंदल स्टील प्रबंधन नियोजन गाइडलाइन के आधार पर नियोजन नहीं दे रही है। स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। जमीन देने वाले रैयत पलायन को मजबूर हैं। अगर प्रबंधन हमारी मांगों पर पहल नहीं करता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर अनिल बाउरी, परमेश्वर दास, वैष्णव मारुति महतो, ललिता देवी, फलारी महतो, अनिता बाउरी समेत अन्य मौजूद थे।

### सिंदरी की महिला की संदिग्ध मौत मामले में ससुराल के छः लोगों पर हत्या का केस दर्ज

**सिंदरी।** डोमगढ़ के डीकेफोर 145 निवासी जय माँ काली टूर एंड ट्रैवल्स संचालक विजय पाण्डेय की छोटी पतोहू अर्चना पाण्डेय (30) के संदिग्ध मौत मामले में मृतका की माँ श्रीमती शर्मा की लिखित शिकायत पर सिंदरी थाना में ससुराल पक्ष के छः लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पति मनीष पाण्डेय, श्वसुर विजय पाण्डेय, सास मीना देवी, जेठ प्रकाश उर्फ पप्पू पाण्डेय, जेठानी प्रभा देवी और मँझले भाई सुमित उर्फ पिंकू पाण्डेय के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और हत्या की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जाँच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेलर से टेंपो टकरायी, कोई घायल नहीं

**सिंदरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के गौशाला बाजार में बुधवार की अहले सुबह चार बजे आड़े तिरछे लोगों से भरे टेंपो चलाने के कारण हॉलपैक बॉडी लदे ट्रेलर से टकरा गई। ट्रेलर संख्या आर जे 01 जी बी 9919 झरिया से गोविंदपुर की ओर जा रहा था। वहीं टेंपो सिंदरी से झरिया की ओर जा रहा था। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। टक्कर के कारण गौशाला सिंदरी मुख्य मार्ग कुछ देर जाम रहा।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ का धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बुधवार को झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के द्वारा 11 सूत्री मांगों को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के हजारों की संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों, सहिया साथी, एनएचएम कर्मचारी, पोषण सखी सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारियों का जुटान हुआ। रैली हीरापुर हटिया होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी शामिल हुए। जिले में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे महासंघ की संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह चिकित्सा संघ के राज्य महासचिव संजुत कुमार सहाय ने बताया कि 11 सूत्री मांगों को लेकर विशाल महाधारणा और रैली का आयोजन किया गया। इस धारणा के माध्यम से कर्मचारियों के लिए हो रही समस्याओं से सरकार को अवगत कराने के लिए की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में आने से पहले सभी सहिया साथियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से वादा किया था कि उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा। लेकिन अब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो 4 दिसंबर को रांची में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के समक्ष धरना प्रदर्शन की जाएगी।

इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से अशोक सिंह नयन,रवीश कुमार, शंकर दशोंधी, सोमा गोराई, गौतम सिंह,नरेश राव,रमेश सिंह,अनूप कुमार, सोनी पासवान सहित हजारों की संख्या में शामिल हुए।



**अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की मांगें**

- मुख्य मांगों में तृतीय वर्ग के राज्यकर्मियों का न्यूनतम ग्रेड पे 2400 रुपए किया जाए।
- चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को तृतीय वर्ग के रिक्त पड़े पदों के 50 प्रतिशत पर पदोन्नति दी जाए।
- निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में काम कर रहे सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, एसटीटी, पारा मेडिकल, एएनएम आदि के लिए संवर्गीय नियमावली बनाई जाए. सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाकर 65 वर्ष की जाए।
- आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका के निर्गत नियमावली की त्रुटियों को सुधारा जाए।
- अवैतनिक चौकीदारों की सेवा नियमित कर पूर्ण सरकारी कर्मचारी घोषित की जाए।
- संघ या महासंघ के पदधारकों के स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए।

## दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता में जीएनएम कतरास को मिला दुसरा स्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** दुर्गा पूजा में शहर के झारखंड मैदान में बनाए गए पंडाल को स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है इस पंडाल को भव्यता के आधार पर खूब सारहा गया है। जबकि दूसरे स्थान पर जीएनएम कॉलेज पूजा पंडाल को चुना गया है तथा तीसरे स्थान पर भूली बी ब्लॉक के पूजा पंडाल को पुरस्कृत किया गया है।नगर निगम ने स्वच्छता के प्रति आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से पिछले वर्षों की तरह इस बार भी प्रतियोगिता का आयोजन किया था इसका परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ। प्रतियोगिता कल 100 अंकों की थी और सात मापदंडों के आधार पर आयोजित की गई. झारखंड मैदान 100 में से 46 अंक प्राप्त किया। कतरास के जी एन एम कॉलेज पंडाल ने 39 अंक प्राप्त किया तथा भूली बी ब्लॉक के पंडाल ने 31 अंक हासिल कर यह पुरस्कार जीता है।



**विजेताओं का मापदंड**

1.पंडाल परिसर में गीले व सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन पर 20 अंक।
2.चिंतित स्थान पर प्रतिमा का विसर्जन घाट को कम गंदा करना 20 अंक।
3. नॉन बायो डिग्रेडेबल कचरा निगम को सपना 15 अंक।
4. प्रसाद वितरण में कागज पेट आदि का प्रयोग 15 अंक।
5. पंडाल परिसर में सफाई मित्र की भागीदारी 10 अंक।
6.नागरिकों के लिए पंडाल में इन्नोवेटिव वर्क 10 अंक।
7.जुलूस के दौरान न्यूनतम प्लास्टिक अपशिष्ट उत्सर्जन 10 अंक शामिल है।

## दलित शोषण मुक्ति मंच का देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम

**धनबाद।** बुधवार 8 नवंबर को दलित शोषण मुक्ति मंच धनबाद जिला कमेटी की ओर से देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम धनबाद रणधीर वर्मा चौक में आम लोगों से हस्ताक्षर कराया गया।

राष्ट्रीय मुद्दों के साथ झारखंड और झरिया कोलफील्ड के प्रदूषण विस्थापन के साथ भारत सरकार एवं राज्य सरकार अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ों सभी पर प्लान लागू किया जाए। देश में दलितों के उत्पीड़न, अत्याचार, संविधान को बदलने की साजिश एंव एससी, एसटी, अल्पसंख्यक, पिछड़ों की योजनाओं में लगातार कटौती हो रही है इस कटौती के खिलाफ और आरक्षण की रक्षा के लिए संविधान बचाओ- देश बचाओ के तहत 4 दिसंबर 2023 को महामहीम भारत के राष्ट्रपति को यह हस्ताक्षर अभियान सुपुर्द किया जाएगा। धनबाद जिले के अंदर 10,000 लोगों का हस्ताक्षर करवाने का फैसला है जिसके तहत बुधवार को रणधीर वर्मा चौक में स्वतः लोगों ने आकर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिए और 450 लोगों ने हस्ताक्षर किया। इस मौके पर दलित शोषण मुक्ति मंच के झारखंड के अध्यक्ष शिव बालक पासवान ने कहा की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा अन्य समुदायों के सदस्यों को संविधान में लागू करने के बाद भी हर तरह का भेदभाव उत्पीड़न, हिंसा और घोर अन्याय का सामना कर रहे हैं और भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से पिछले 9 वर्षों में स्थिति और खराब हो गई है यह सरकार ऐसे तरीके से काम कर रही है जो संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रहे हैं। आगे पासवान ने अपील किया कि धनबाद जिला के शोषित पीड़ित जो संविधान में विश्वास और उसकी रक्षा करना चाहते हैं वैसे तमाम लोगों को तीन दिसंबर को पूर्वा एक्सप्रेस से दिल्ली चलो का आह्वान किये। आगे सहिया, सहियासाथी, बी.टी.ई, एस.टी.टीड, ए. एन. एम पैरामेडिकल कर्मचारियों के आंदोलन मांगों को समर्थन करते हुए पासवान ने कहा कि इनको के स्थाईकरण और जीने लायक वेतन मिलनी चाहिए। केरल ऐसे एक मात्र राज्य जहां सहिया को 15000/- और अन्य लोगों को अधिक वेतन दिया जाता है। हस्ताक्षर अभियान में मुख्य रूप से अंबेडकर मिशन के साथ शशि भूषण कुमार, अनिल हजरा, विजय पासवान, विनोद पासवान राजेश धारी, रामबालक धारी, गणेश रविदास और अनिल रजक तथा अन्य साथी शामिल थे।

## श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में अन्वेषण प्रदर्शनी का आयोजन

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी कला प्रदर्शनी भाषा और साहित्य सह विद्यालय आनंद भोज का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी स्थल छात्रों के नए परियोजनाओं और विचारों से सुसज्जित थे। विद्यालय स्तर पर चयनित कुल 70 परियोजनाओं को विज्ञान सामाजिक विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राएं अपने ग्रुप लीडर एवं गाइड टीचर के साथ अपने स्टालों में उत्साह के साथ प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे थे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ प्रियदर्शी को तिलक लगाकर बैज लगाकर पौधा देकर एवं उन्हें शॉल देकर किया गया। प्राचार्या श्रीमती पी शैलजा जयकुमार ने प्रदर्शनी की महत्ता पर विचार प्रकट किया। 21वी सेंचुरी स्किल पर आधारित अन्वेषण के केंद्र में उन्नत विचार रचनात्मकता संचार और अनुसंधान विश्लेषण शामिल थे। मुख्य अतिथि डॉ प्रियदर्शी ने गहनता के साथ सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर छात्रों के प्रयास की सराहना की।



**एक नजर में**

### रोटरी क्लब चास ने किया दीपावली मिलन कार्यक्रम



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा केके सिंह कॉलोनी चीरा चास में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने सबको दिवाली की शुभकामनाएं दी। संयोजक रंभा सिंह एवं मनोज सिंह ने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना है। पूर्व अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने मंच संचालन करते हुए कहा कि दीपावली त्योहार के रीति रिवाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। रंभा सिंह नेहा अग्रवाल मुरारी अग्रवाल लकी ड्रा के विजेता रहे। मौके पर मनोज चौधरी, विनय सिंह, प्रेम शंकर सिंह, हरबंस सिंह, नरेंद्र सिंह, दीपक झांझरिया, राजेश केडिया, भवनीत सिंह, सरोज सिंह, सिद्धार्थ सिंह माना सिद्धार्थ पारख धनेश बंका राजकुमार पोद्दार प्रदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

### चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने सहायक श्रम आयुक्त से की मुलाकात



**बोकारो।** बोकारो चेम्बर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों के समक्ष उत्पन्न विभिन्न समस्याओं को लेकर सहायक श्रम आयुक्त से मिला। अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना काल के बाद व्यापारी पहले से ही मंदी की समस्याओं को झेल रहे हैं और उस पर श्रम विभाग द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई से व्यापारियों में भय और आक्रोश है। संरक्षक संजय बैद ने कहा कि विभाग को सकारात्मक रवैया अपनाते हुए अनावश्यक कार्यवाही से बचना चाहिए। चेंबर के महासचिव सिद्धार्थ पारख ने कहा कि व्यापारी भरसक प्रयास करते हैं कि वह कानून का पालन करें। विभाग को नरम रवैया दिखाते हुए सही मार्गदर्शन करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में नरेंद्र सिंह, जगमोहन सिंह, राजेश पोद्दार, मनोज चौधरी, रवि शंकर आदि उपस्थित थे।

### सफाई कर्मियों ने बकाये वेतन भुगतान की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के अधीन साफ सफाई का कार्य कर रही है बेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के सफाई कर्मियों और कर्मचारियों ने विगत 3 माह के बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर फुसरो नगर परिषद कार्यालय के समक्ष टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में सफाई कर्मियों ने बताया कि विगत 3 माह जूलाई, अगस्त, सितंबर माह का वेतन नहीं मिलने के कारण हम सभी कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा एजेंसी को 1.5 से पैसे का भुगतान नहीं किया गया है फिर भी कंपनी द्वारा जैसे तैसे कर हम मजदूर को पैसे का भुगतान करती रही है। कहा कि नगर परिषद द्वारा पैसे भुगतान नहीं मिलने के कारण अंततः कंपनी द्वारा भी विगत 3 माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुमार कुंभकार ने कहा के जिन सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद कार्यालय के समक्ष टायर जलाकर प्रदर्शन किया है उनके खिलाफ करवाई किया जाएगा। क्योंकि वह सफाई करने नगर के अधीन नहीं एजेंसी के अधीन कार्य करते हैं। उन्हें एजेंसी से अपना पैसा मांगना चाहिए। कहा कि एजेंसी का कुछ पैसा नगर की ओर से बकाया है। क्योंकि एजेंसी को जो खाते में पैसे का भुगतान करना है कंपनी वह खाता अब तक खुलवाकर नगर परिषद को नहीं दी है। इस कारण पेमेंट का भुगतान नहीं हो पाया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : एम-41-एलडी-21 ट्रेन्स-एचटीई-33, दिनांक: 08.11.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची -834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** कोचिंग डिपो, हटिया को 21 अदद प्राथमिक ट्रेनों के एसी कोचों में तीन साल की अवधि के लिए लिनन वितरण। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** ₹ 19,28,84,004.77। **बयाना राशि :** ₹ 11,14,400/-। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 29.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in

(PR-788)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **11/JMT/2023-24**, PR No. **310581,** Running, Repairing Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) for Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya में अपरिहार्य कारण निम्न संशोधन किया जाता है।

| क्रमांक | पूर्व में प्रकाशित निविदा खोलने की तिथि एवं समय | संशोधित निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | 17.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न | 18.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न |

शेष शर्तें यथावत रहेगी।

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR.NO.310965 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**
दूरभाष (मो0) सं0–  Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-II)**
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– लहलहे, थानाः– मेदिनीनगर, थाना नं0:– 239
पत्रांक– 756 (A)/भू0अ0, दिनांक– 02.11.2023

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लहलहे | 14 | 557 | रैयती | टांड़–2 | 0.2105 | 1 | अखिलेश्वर तिवारी वो विकेश तिवारी, रमेश तिवारी, पिता स्व० सोनभद्र तिवारी | |
| | | 57 | 561/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0534 | | तदैव | |
| 2 | | 46 | 107/P | रैयती | पक्का मकान, दुकान | 0.0374 | 2 | चंपा देवी, पति गुप्तेश्वर तिवारी | |
| 3 | | 57 | 561/P | रैयती | पक्का मकान, दुकान | 0.0535 | 3 | पुष्पा देवी, पति रामलाल तिवारी | |
| 4 | | 38 | 105/P | रैयती | पक्का मकान ईट का दिवार, छत करकट, दुकान | 0.0420 | 4 | मंदीप चौधरी, पिता स्व० नारायण चौधरी वगै० | |
| 5 | | 38 | 105/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0392 | 5 | संजय चौधरी वो संतोष चौधरी, पिता स्व० वृन्दा चौधरी वगै० | |
| 6 | | 38 | 105/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0198 | 6 | संजय चौधरी, पिता स्व0 रामजन्म चौधरी, अजय चौधरी, अरूण चौधरी, दिनेश चौधरी, पिता स्व0 कृष्णा चौधरी, गिरीजा चौधरी, नरेश चौधरी, सुदेश चौधरी, राकेश चौधरी, पिता स्व0 रामलगन चौधरी, रामशरण चौधरी वगैरह | |
| | | 46 | 107/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0410 | | तदैव | |
| 7 | | 57 | 561/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0534 | 7 | अज्ञात | बृजमोहन तिवारी वो मोहन तिवारी वो संतोष तिवारी पिता स्व0 यमुना तिवारी |
| 8 | | 38 | 106/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0535 | 8 | अज्ञात | गोपाल राम पिता स्व0 मुनेश्वर राम वो विकेश राम पिता स्व0 राजू राम |
| 9 | | 38 | 106/P | रैयती | पक्का मकान | 0.0441 | 9 | अज्ञात | धर्मेन्द्र वर्मा पिता स्व0 मुनिल राम |
| 10 | | 38 | 106/P | रैयती | पक्का मकान | 0.0380 | 10 | अज्ञात | जयराम पिता स्व0 सरयु पाल |
| 11 | | 46 | 107/P | रैयती | मकान ईट का दुकान करकट का | 0.0370 | 11 | अज्ञात | बृजमोहन तिवारी वो मोहन तिवारी संतोष तिवारी पिता यमुना तिवारी |
| | | | | | कुल | 0.7228 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 310944 (Palamu) 23-24 (D)

# वायु प्रदूषण के खिलाफ बस्ताकोला में प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया।** ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बीसीसीएल के एरिया 9 के महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, हस्ताक्षर अभियान के दौरान स्थानीय एकजुट हुए और विकास भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किये। प्रदर्शनकारी झरिया में प्रदूषण बंद करो, महाप्रबंधक शर्म करो का नारा लगा रहे थे। बड़ी संख्या में प्रदूषण से त्रस्त राहगीरों ने हस्ताक्षर कर बीसीसीएल कोयला कंपनी के मानक के विरुद्ध कार्यशैली पर सवाल उठाये। विकास भवन भगतडीह से कतरास मोड़ तक सड़क पर उड़ रहे धूलकणों से परेशान निवासियों में बीसीसीएल के प्रति आक्रोश देखा गया। लोगों ने बताया कि राजपुर परियोजना से कोयला ट्रांसपोटिंग के दौरान हाइवा के चक्का के साथ कीचड़ सड़क पर पहुँचता है फिर डस्ट बनकर इतना उड़ता है कि यहाँ जीना दुभर हो गया है। पीने का पानी पर भी धूलकण का परत जम जाता है।

ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि कोयला खनन हेतु जनकल्याण मद का फण्ड अधिकारी गबन करते हैं। लाखों पेड़ काटे गए और बदले में कागज पर पौधारोपण हुआ, जिसका नतीजा है कि आज झरिया की हवा जहरीलीहो गई है, यहाँ के लोगों का रोगप्रतिरोधक क्षमता घट गया है जिसके कारण कैंसर,टी बी, अस्थमा, हृदय रोग से संबंधित घातक व गंभीर बीमारियों के गिरफ्त में हैं।

युथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि हमारी सांसे संकट में है। आलम यह है कि अब सांस लेने पर भी संकट आ गया है। अशोक मालाकार ने कहा कि झरिया शहर को प्रदूषित करने श्रेय बीसीसीएल महाप्रबंधक को जाता है। अगर इसपर रोक नही लगाई गई तो आगे हमलोग कार्यालय घेराव करेंगे।

अभियान में कौशल सिंह, अरबिंद यादव, श्रीकान्त अम्बष्ठ, अशोक मालाकार, डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, डॉ दिलीप कुमार, महताब आलम, राजेश गोस्वामी, डॉ एस हैदर, मो गाजी, डॉ यू आर दास, अली सरकार, विक्रम सिंह, बिभा सिंह, संजीव सिंह, निशा मोदी, सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

**कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
दूरभाष सं0–  (जिला भू–अर्जन शाखा)  Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित) **Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-II)**
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा :– दुलसुलमा, थाना :– सतबरवा, थाना नं0 :– 260
पत्रांक 755(E)/भू0अ0, दिनांक 02.11.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | दुलसुलमा | 165 | 865 | रैयती | परती कदीम | 0.0166 | 1 | ईश्वर सिंह पिता द्विपनाथ सिंह | उरीप कुमार सिंह पिता ईश्वर सिंह |
| 2 | | 7 | 874 | बकास्त | टाड़–3 | 0.5834 | 2 | देवी दयाल सिंह पिता भरासा सिंह भंगु सिंह पिता कुवराज सिंह | शीला कुंवर पति स्व0 नरेश सिंह अखिलेश सिंह पिता स्व0 प्रसिद्ध सिंह ननदेश्वर सिंह पिता स्व0 देवी दयाल सिंह कइली देवी पिता स्व0 महादेव सिंह |
| 3 | | 162 | 870 | बकास्त | टाड़–2 | 0.3667 | 3 | देवी दयाल सिंह पिता भरासा सिंह | शीला कुंवर पति स्व0 नरेश सिंह कइली देवी पति स्व0 महादेव सिंह |
| 4 | | 210 | 862 | रैयती | टाड़–1 | 0.2429 | 4 | वृजमान सिंह प्रभु सिंह भुआली सिंह पिता स्व0 नान्हु सिंह | |
| 5 | | 165 | 863 | रैयती | टाड़–3 | 0.8675 | 5 | सुखदयाल सिंह वो ठाकुर सिंह पिता अलियार सिंह वो सोमर सिंह पिता दुखु सिंह वो शुखु सिंह पिता तेतर सिंह | वृजमान सिंह वगैरह पिता स्व0 नान्हु सिंह, लालबहादुर सिंह पिता स्व0 खिरोद सिंह, लोटन सिंह पिता स्व0 बंसी सिंह, राधा सिंह वगै0 पिता स्व0 नाकुन सिंह, ईश्वरी सिंह वगै0 पिता मोती सिंह, गंगिया कुंवर पिता कैश्वर सिंह, पाडु सिंह वगै0 पिता भुनेश्वर सिंह, हिरामन सिंह पिता हरिहर सिंह, माधो सिंह वगै0 पिता खेलावन सिंह, जंगबहादुर सिंह वगै0 पिता रामदेव सिंह, बिरबल सिंह वगै0 पिता कौलेश्वर सिंह, उमेश सिंह पिता महीपत सिंह, दीपन सिंह वगै0 पिता शिवनन्दन सिंह |
| | | 165 | 865 | रैयती | परती कदीम | 0.0834 | | तदैव | तदैव |
| | | 165 | 866 | रैयती | गोटा आर | 0.0650 | | तदैव | तदैव |
| 6 | | 3 | 868 | बकास्त | टांड़–3 | 0.4326 | 6 | अज्ञात | महादेव सिंह पिता भगु सिंह शीला कुंवर पति स्व0 नारेश सिंह अखिलेश सिंह पिता स्व प्रसिद्ध सिंह ननदेश्वर सिंह पिता स्व0 देवी दयाल सिंह |
| 7 | | 169 | 873 | रैयती | टांड़–3 | 0.6859 | 7 | अज्ञात | महादेव सिंह पिता भगु सिंह शीला कुंवर पति स्व0 नारेश सिंह अखिलेश सिंह पिता स्व प्रसिद्ध सिंह ननदेश्वर सिंह पिता स्व0 देवी दयाल सिंह 0.10 डी0 पीच रोड है। |
| | | | | | कुल | 3.3440 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR310935 (Palamu)23-24*D

# नशा पर शिकंजा

नशे की रोकथाम के लिए हमारे कानून अन्य देशों के मुकाबले बहुत कड़े हैं, फिर भी अपराधी कुछ खामियों की वजह से बच निकलते हैं और यही कारण है कि मादक पदार्थों का व्यापार फल-फूल रहा है। विश्व की कुल अर्थव्यवस्था का 15 फीसदी हिस्सा यही व्यापार रखता है। भारत से मादक पदार्थों की तस्करी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, बर्मा, ईरान आदि देशों के जरिये होती है। हालांकि भारत इस अवैध व्यापार में तस्करों के लिए केवल एक पड़ाव का काम करता है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। क्योंकि इस अवैध व्यापार का तस्करी, आतंकवाद, शहरी क्षेत्र के संगठित अपराध तथा आर्थिक एवं व्यावसायिक अपराधों से काफी करीबी रिश्ता है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि भौगोलिक स्थिति के कारण भारत नशीली दवाओं की तस्करी के लिए अच्छा रास्ता बन गया है। आरंभ में भारत में नशीली दवाओं से संबंधित कानून बहुत पुराने थे, जिनमें अवैध व्यापार के लिए बहुत कम सजा का प्रावधान था, इसलिए स्वापक औषधि और मनःभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 बनाया गया, जो 14 नवम्बर 1985 से लागू हुआ। 1961 में भारत ने नशीली दवाओं के बारे में अंतरराष्ट्रीय करार पर और 1988 में नशीली दवाओं तथा मदहोशी पैदा करने वाले पदार्थों के अवैध व्यापार पर रोक संबंधी संयुक्त राष्ट्र के करार पर हस्ताक्षर किए, इसलिए 1988 में भारत में एक और अधिनियम बनाया गया जिसे स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ के अवैध व्यापार की रोकथाम अधिनियम नाम दिया गया। इसमें जेल की कड़ी सजा और जुमार्ने के साथ नशीली दवाओं का अवैध धंधा करने वालों को मौत की सजा देने तथा उनकी सम्पत्ति जब्त करने का प्रावधान है।

# सड़कों से उम्मीद

देश में 2022-23 में राजमार्गों का निर्माण 36.5 किलोमीटर प्रतिदिन के स्तर पर पहुंच गया। यह राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की सबसे तेज रफ्तार है। गडकरी ने कई ट्वीट कर कहा कि भारत ने 2.5 किलोमीटर की चार लेन की कंक्रीट की सड़क का निर्माण सिर्फ 24 घंटे में पूरा कर एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अलावा 26 किलोमीटर की एक लेन की बिटुमन की सड़क का निर्माण सिर्फ 21 घंटे में पूरा किया गया है। दिल्ली मुम्बई राजमार्ग अगले साल से चालू हो जाएगा। इसमें ठेकेदारों को समर्थन, ठेका प्रावधानों में ढील, उप-ठेकेदारों को सीधे भुगतान तथा ऑन-साइट मजदूरों के लिए खाने-पीने के अलावा चिकित्सा की सुविधा शामिल है। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं में गुणवत्ता नियंत्रण के लिए निर्माण उच्च भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के मानदंडों के अनुरूप किया जा रहा है। नीति दिशानिदेर्शों के अद्यतन को गुणवत्ता नियंत्रण क्षेत्र बनाया गया है। देश की सड़को को विश्व स्तरीय और बेहतर बनाने का काम तेजी से चल रहा है लेकिन झारखंड और बिहार जैसे राज्य आज भी राष्ट्रीय सड़क औसत से काफी पीछे हैं। इन दोनों राज्यों में सड़क की परियोजना पांच से दस वर्ष तक देर से चल रही है। दूसरी ओर केन्द्र सरकार का कहना है कि इन राज्यों में भूमि के कानून और अधिग्रहण की प्रकिया में देर से सड़क परियोजना समय से पूरा नहीं हो पाती है। आज सड़क विकास की गति को तेज करती है। यूपी, महाराष्ट, और गुजरात में आठ-आठ लेन की सड़क बन रही है जिससे उन राज्यों में निवेश और रोजगार में तेजी आ रही है। आज सड़कों से ही विकास का पैमाना तय हो रहा है। लेकिन झारखंड, बिहार में सिर्फ धोषणाओं की खबर ही चर्चा में है।

# नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक

**नशे** पर कसना होगा शिकंजा युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक ही नहीं देश का भविष्य कही जाने वाली पीढ़ी की दिशाहीनता के संकट को भी सामने रखती है देश की युवा पीढ़ी का इस तरह से दिशाहीन होना चिंतन का विषय है। आज की बदलती जीवनशैली में जमीन से जुड़ी सोच से दूरी और हर तरह की सुख-सुविधाओं में पल रहे किशोर और युवा इस बाजार के निशाने पर हैं कम उम्र के ग्राहकों को न सिर्फ लती बनाना आसान है, बल्कि उनके दोस्तों और हमउम्र लोगों तक ड्रग्स बाजार को फैलाना भी आसान होता हैं, इसीलिए इन पदार्थों के सेवन ही नहीं आपूर्ति को लेकर भी सख्ती और सजगता जरूरी है ड्रग्स की सप्लाई करने वालों पर भी शिकंजा कसा जाना चाहिए। हाल ही में फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि क्रूज पर रेव पार्टी करते हुए आर्यन और दूसरे आठ लोगों को पकड़ा गया था। इस मामले में अब नशीले पदार्थों के इस्तेमाल और खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ और जांच जारी है। ऐसे में एक ओर चर्चित अदाकार के बेटे का रेव पार्टी और ड्रग्स सेवन के मामले में शामिल होना इसे सनसनी बना रहा है तो दूसरी ओर परिवार, समाज और प्रशासन के सामने युवाओं की यह दिशाहीनता बड़ी चिंता बनकर उभरी है। ऐसे वाकये नशीले पदार्थों की बढ़ती पहुंच और युवाओं में इनके इस्तेमाल के बढ़ते जूनून को लेकर चेताने वाले हैं चिंतनीय है कि बड़े घरानों और चर्चित हस्तियों के बच्चे ही नहीं आम परिवारों के बच्चों तक भी हर तरह के नशे की पहुंच बढ़ रही है। युवा ही नहीं किशोरवय बच्चे भी ड्रग्स के जाल में फंस रहे हैं। नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक और यहां तक कि मानवीय सोच के मामले में भी जीवन को गहराई से प्रभावित करता है। कम उम्र के बच्चों का इस जाल में फंस जाना तो सदा के लिए जीवन में अन्धेरा कर देता है। नशे के आदी बन जाने के चलते नशीले पदार्थ खरीदने के लिए किशोर और युवा आपराधिक गतिविधियों का हिस्सा बन जाते हैं हिंसात्मक व्यवहार और दुर्घटनाएं तो किसी भी तरह के नशे से गहराई से जुड़ी समस्याएं हैं। शोध पत्रिका 'ड्रग एंड अल्कोहल रिव्यू' द्वारा लैंगिक अपराध और शराब के संबंध पर किए गए सर्वेक्षणों में यह तथ्य सामने आया है कि लैंगिक अपराध के लगभग आधे मामले नशे की हालत में ही होते हैं। बहुत से ऐसे मामले भी समाने आए हैं जिनमें नशे के शिकार युवाओं ने चोरी, झूठ, जालसाजी ही नहीं की बल्कि अपने परिवारजनों की जान तक भी ले ली है। देखने में यह भी रहा है कि नई पीढ़ी में बेवजह के व्यक्तिगत आक्रोश से लेकर शारीरिक व्याधियों को न्योता देने तक, ड्रग्स सभी तरह की व्यावहारिक नकारात्मकता और शारीरिक परेशानियों की जड़ हैं। अफसोसजनक बात यह है कि भारत में युवाओं का एक बड़ा प्रतिशत शराब, ई-सिगरेट, हुक्का और अन्य तरह की नशीली दवाओं जैसे कई तरह से दूसरे नशों की लत का शिकार बन रहा है। किशोरों में बढ़ती नशाखोरी के चलते आपराधिक कृत्यों में उनकी भूमिका भी बढ़ी है। इतना नहीं नशाखोरी से कर्मचारियों की उत्पादकता भी कम होती है एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में शराब पीना मौत और अपाहिज होने का पांचवा सबसे प्रमुख कारण है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में छपी रिपोर्ट बताती है ज्यादा शराब पीने की आदत का 200 से भी अधिक बीमारियों से संबंध है। दुर्भाग्यवश जिस तेजी से नशा करने वालों की संख्या बढ़ रही है, उसी अनुपात में नई पीढ़ी के जीवन में आशाओं की जगह कुछ गलत होने की आशंकाएं और मानसिक उन्माद भी बढ़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक दुष्कर्म, हत्या, डकैती, लूटमार जैसी छोटी-बड़ी आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वालों में नशे का सेवन करने वालों के मामले लगभग 74 प्रतिशत हैं। ऐसे में युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक ही नहीं देश का भविष्य कही जाने वाली पीढ़ी की दिशाहीनता के संकट को भी सामने रखती है। देश की युवा पीढ़ी का इस तरह से दिशाहीन होना चिंतन का विषय है। हालिया बरसों में शराब के सेवन से लेकर प्रतिबंधित मादक पदार्थों तक, युवाओं की पहुंच और सेवन की आदत दोनों में ही इजाफा हुआ है। कुछ समय पहले आई भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में नशे के लिए शराब के बाद सबसे ज्यादा भांग, गांजा, चरस और अफीम का सेवन किया जाता है। अगर व्यापक रूप से देखा जाए तो अब ऐसे नशीले पदार्थों का भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर एक बड़ा बाजार है। नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर (एनडीडीटीसी) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- दिल्ली (एम्स), द्वारा सरकार की तरफ से किए गए इस अध्ययन के मुताबिक देश में करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं, जबकि 5.7 करोड़ लोगों को अल्कोहल की लत है। साथ ही हमारे यहां करीब 3.1 करोड़ लोग भांग उत्पादों और लगभग 2.26 करोड़ व्यक्ति अफीम का सेवन करते हैं। इतना ही नहीं इसके साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग अवैध नशीली दवाओं पर भी निर्भर हैं। यह सच में चिंता का विषय है कि 10 से 75 आयु समूह के बीच के लगभग 1.18 करोड़ लोग सीडेटिव्स (गैर चिकित्सकीय, बिना चिकित्सा नुस्खे) का इस्तेमाल करते हैं। करीब लाख 26 लाख बच्चे इनहेलेंट्स का प्रयोग करते हैं। गौरतलब है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2018 में एम्स और एनडीडीटीसी को देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित क्षेत्रों में इस सर्वे की जिम्मेदारी दी थी। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस तरह से चोरी छिपे मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन किया जाता है, यह आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा ही होगा। जीवनशैली में जमीन से जुड़ी सोच से दूरी और हर तरह की सुख-सुविधाओं में पल रहे किशोर और युवा इस बाजार के निशाने पर हैं। कम उम्र के ग्राहकों को न सिर्फ लती बनाना आसान है, बल्कि उनके दोस्तों और हमउम्र लोगों तक ड्रग्स बाजार को फैलाना भी आसान होता है। यही वजह है कि वर्चुअल दुनिया के जरिये भी ड्रग्स की खरीद-फरोख्त होने लगी है।





- मोनिका शर्मा

> नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर (एनडीडीटीसी) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- दिल्ली (एम्स), द्वारा सरकार की तरफ से किए गए इस अध्ययन के मुताबिक देश में करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं, जबकि 5.7 करोड़ लोगों को अल्कोहल की लत है। साथ ही हमारे यहां करीब 3.1 करोड़ लोग भांग उत्पादों और लगभग 2.26 करोड़ व्यक्ति अफीम का सेवन करते हैं।

## खास बात

### वायु प्रदूषण से 70 लाख लोगों की मौत

**वायु** प्रदूषण के चलते दुनियाभर में प्रतिवर्ष करीब 70 लाख लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है, जिनमें करीब छह लाख बच्चे भी शामिल होते हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक वातावरण में बढ़ रहा वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी समस्यादायक स्थिति पैदा कर सकता है।

दिल्ली-एनसीआर की हवा में दीवाली से कुछ दिन पहले ही इस कदर जहर घुल चुका है और हवा इतनी दमघोंटू हो चुकी है कि लोगों को न केवल सांस लेना मुश्किल हो गया है बल्कि अन्य खतरनाक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार इस साल अक्तूबर में दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 2020 के बाद सबसे खराब स्तर पर था लेकिन नवम्बर की शुरूआत से ही प्रदूषण के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं और दिल्ली में एक प्रकार से सांसों का आपातकाल-सा दिखाई दे रहा है, जहां चारों स्मॉग की घनी चादर छाई है। यह चादर कितनी खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सूर्य की तेज किरणें भी इस चादर को नहीं भेद पा रही हैं। करीब एक सप्ताह से देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता सूचकांक में तेजी से गिरावट आई है। इस तरह की वायु गुणवत्ता को सेहत के लिए कई प्रकार से बेहद खतरनाक माना जाता है। दिल्ली के कई हिस्सों में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक 800 के आंकड़े को भी पार कर चुका है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से कई गुना ज्यादा है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी अगले 15-20 दिनों तक यहां ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है।

वैसे तो दिल्ली के साथ-साथ देश के कई अन्य राज्यों में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है और देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में भी वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की जा रही है लेकिन दिल्ली पिछले कई वर्षों से दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है, जिसका सीधा-सा अर्थ है कि करीब 3.3 करोड़ लोगों में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम बना हुआ है। लोगों की सांसों पर वायु प्रदूषण का खतरा इतना खतरनाक होता जा रहा है।

# भक्ति गुरु ही देते हैं...

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्रीराम** ने दो खंड में धनुष तोड़ कर रख दिया इसका मतलब होता है कि वे परा और अपरा को अलग कर दिये। जड़ और चेतन को अलग कर दिये। यह जीवात्मा जब जड़ चेतन की गांठ को तोड़ देता है तो यही भवसागर का धुनष तोड़ता है। दो खंड में तोड़ने का मतलब होता है कि जड़ और चेतन को अलग-अलग कर दिया। राजा जनक की राजसभा में श्री राम और परशुराम के बीच की घटना यह बताती है कि अवतारी दोनों है लेकिन अवतारी होने के कारण कोई भगवान नहीं होता है। संसार में जब कोई बड़ा कार्य उपस्थित हो जाता है तो उस कार्य को करने के लिये अवतार होता है। कोई ऐसा व्यक्ति जो धर्म के खिलाफ हो जाता है और अपरा की सारी सिद्धियां को अपने अधीन कर लेता है तो उसका वध के लिये अवतार होता है। लेकिन अवतार को भगवान नहीं कहा जाता है। भगवान उसे कहा जाता हैजो भक्ति कराता है। भक्ति कराने वाले का नाम भगवान होता है और जो भक्ति करता है उसका नाम भक्त या भगत होता है। ज्ञानी को भी भगवान नहीं कहा जाता है। भगवान केवल उसी को कहा जाता है जो भक्ति सिखाता है। श्रीराम भगवान थे। इसलिये कि गुरु आदेश से लक्ष्मण, भरत, शत्रुध्न ये सभी उनकी भक्ति कर रहे थे। जिस दिन गुरु का आदेश हुआ लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुध्न के लिये कि श्रीराम स्वामी हैं और आपलोगों की सेवा करनी है उस दिन से भगवान हो गये। गुरु के द्वारा ही किसी को भगवान बनाया जाता है। भगवान का प्रमाण गुरु ही देते हैं। कोई दूसरा नहीं दे सकता है।

**(ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम)**

**अकेलेपन** का बल पहचान !!

पूज्य बाबूजी की कविता ! समय और हालात ने भले हम सब को अकेला , असहाय कर दिया हो । लेकिन एक अकेले का अपना भी एक बहु प्रचंड बल होता है । धीरज रखें सब ठीक हो जाएगा

**– अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

स्वयं की चिंता को त्यागकर स्वयंभू के चिंतन का नाम ही अध्यात्म है। सही अर्थों में स्वयं के कष्टों का विस्मरण कर समष्टि के कष्टों के निवारण की यात्रा ही वास्तविक आध्यात्मिक यात्रा है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**





**नई** पीढ़ी के युवाओं का स्किल डवलपमेंट, एक राष्ट्रीय जरूरत है, आत्मनिर्भर भारत का बहुत बड़ा आधार है। जो नए संस्थान बने, उसकी पूरी ताकत जोड़कर हमें नए सिरे से स्किल इंडिया मिशन को गति देनी है

**– नरेन्द्र मोदी**

# इस निराशा से ही आशा की किरण निकलेगी

**सुधांशु कुमार**

## विचार

**निस्संदेह** जिस पर विपत्ति आती है उसका दर्द वही जानता है। हम सब महसूस कर सकते हैं, लेकिन भुगतना तो उन्हीं को पड़ता है। जिनको भुगतना पड़ रहा है उनके सामने आप चाहे नीति के जितने वाक्य सुना दें तत्काल उनका मानस उसे ग्रहण करने की स्थिति में नहीं होता। चाहे कितनी बड़ी आपदा हो, चारों ओर मौत का भय व्याप्त हो, मनुष्य के नाते हमें भविष्य के लिए आशा की किरण की ही तलाश करनी होती है। अगर हमने उम्मीद खो दी, तो फिर किसी आपदा पर विजय पाना कठिन हो जाएगा। कोरोना की महाआपदा से घिरे देश में मचा कोहराम कोई भी देख सकता है। जिनके अपने या अपनों की चिताएं जली हैं उनको कहें कि हौसला बनाए रखिए... ये भी दिन गुजर जाएंगे, तो ये बातें उनके गले आसानी से नहीं उतरेंगी, बल्कि इस समय शूल की तरह चुभती हुई भी लगेंगी। एक फेसबुक पोस्ट में लोगों से हौसला बनाए रखने, अपनी सुरक्षा करने के साथ दूसरों को भी हौसला देने की अपील की थी। किसी ने लिखा कि अगर घर के सदस्य की या रिश्तेदार की चिता जल रही हो तो ये बातें किस काम की। उनके अनुसार एक ही दिन में कई चिताएं जलाकर लौटे हैं। ये दिन भी गुजर जाएंगे पर एक मित्र ने लिखा कि पता नहीं तब तक हम जीवित होंगे या नहीं। अह्लरङ्ग फीं - एङ्ग३ङ्ग१ंह्ल : देश की सरकारी संस्थाएं समझें अपनी जिम्मेदारी ये दोनों बातें निराशाजनक लग सकती हैं, किंतु कोरोना से जिस प्रकार का घटाटोप कायम हुआ है उसमें सामान्य मनुष्य की यह स्वाभाविक दारुण अभिव्यक्ति है। जिस तरह ऑक्सीजन और औषधियों के लिए देशभर के अस्पतालों में हाहाकार मचा है, ऑक्सीजन के अभाव में लोगों के घुट-घुट कर दम तोड़ने के समाचार आ रहे हैं, अस्पतालों में मरीज को भर्ती कराने के लिए सौ जुगतें करनी पड़ रहीं है उसमें हर घर मिनट-मिनट डर और आतंक के साये में जी रहा है। व्हाट्सएप मैसेज के उत्तर में एक जानी-मानी एंकर ने लिखा कि सर, हम सब कुछ कर रहे हैं फिर भी हर क्षण इस डर में जी रहे हैं कि पता नहीं क्या होगा। यह किसी एक व्यक्ति की आवाज नहीं है पूरे देश का अंतर्भाव यही है। इस समय पूरा भारत ऐसी ही घनघोर निराशा में जी रहा है और चिंता का शिकार है। हम सबने अपने जीवन में कई महामारियों का सामना किया है लेकिन एक-एक व्यक्ति को इतने दहशत में जीते कभी नहीं देखा। कोरोना के बारे में चिकित्सकों एवं वैज्ञानिको के एक बड़े समूह की राय है कि यह इतनी बड़ी बीमारी है नहीं जितनी बड़ी बन या बना दी गई है, किंतु यह अलग से विचार का विषय है। भारत में डर और निराशा का सामूहिक अंतर्भाव कोरोना की आपदा से बड़ी आपदा है। ऐसे मुश्किल वक्त में कोई सरल उत्तर व्यावहारिक रास्ता नहीं हो सकता, लेकिन जीवन क्रम की ऐतिहासिक सच्चाई को भी हम नकार नहीं सकते। सृष्टि के आरंभ से मनुष्य ने न जाने कितनी आपदाएं, विपत्तियां, विनाशलीलाएं देखीं, उनका सामना किया और उन सबसे निकलते हुए जीवन अपनी गति से आगे बढ़ता रहा। यही पूरी सृष्टि का क्रम रहा है। हमारे पौराणिक ग्रंथों में तो संपूर्ण प्रलयों का विवरण है। प्रलय में सब कुछ नष्ट हो जाता है। इसके बावजूद वहां से फिर जीवन की शुरूआत होती ही है। हर प्रलय के बाद नवसृजन यही जीवन का सच है। जो ईश्वर में विश्वास करते हैं वे मानते हैं कि हर घटित के पीछे ईश्वरीय महिमा है। कोई अवैज्ञानिक अंधविश्वासी सोच कहकर खारिज कर दे, जीवन में आगे बढ़ने की कोशिश करते रहना है। मनुष्य को सृष्टि के आरंभ से अभी तक हर विपरीत परिस्थितियों से जूझने और उससे उबर कर जीवन क्रम को आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान की है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### नशा का असर

**देश** में 24 करोड़ 80 लाख परिवार निवास करते हैं सरकार का आकड़ा है। लगभग 28 करोड़ लोग नशा करते हैं। उम्मीद है आप नशा नियंत्रण करने में मदद करेंगे। मां ने जीवन और शरीर दिया है शक्ति आपको खुद अर्जित करना होगा। नशा पर नियंत्रण के बिना देश वैश्विक ताकत नहीं बन सकता है। अभी जो स्थिति बनी है वह चिंताजनक है।

**– रविकांत सिंह, रांची**

### जहरीली सामग्री

**आज** का युवा सोशल मीडिया का दीवाना हो गया है। वहीं इसके प्लेटफॉर्म पर कई तरह के टॉक्सिक कंटेंट हैं जिससे युवाओं और बच्चों के मन एवं मस्तिष्क पर बुरा असर डाल रहे हैं। भारत में भी इन प्लेटफॉर्म पर कई बार शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों एवं लोगों द्वारा आरोप लगाए गए हैं। अब यहां भी सरकार को हस्तक्षेप करना होगा ताकि युवा पीढ़ी का नुकसान न हो।

**– निशा कुमारी, चतरा**

# वित्त सलाहकार बन सच करें भविष्य के सपने

**बालकिशन यादव**

## करियर

**वित्तीय** मामलों में ज्यादातर आंकड़ों का खेल होता है। इसलिए एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए जरूरी है कि आपको फाइनेंस की भाषा की अच्छी समझ हो। एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर वह होता है जो अपने ग्राहकों को अच्छी सर्विस, वित्तीय राय और सही गाइड कर सके। ये कई तरह की सर्विस देते हैं, जिनमें शामिल हैं- इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट, इनकम टैक्स प्रीप्रेशन और इस्टेट प्लानिंग। फाइनेंशियल एडवाइजर को फाइनेंशियल प्लानर भी कहा जाता है। फाइनेंस के सेक्टर में हो रहे विकास के कारण आज इस क्षेत्र में करिअर की काफी बेहतर संभावनाएं बनी हैं, ऐसा कहना है टीकेडब्ल्यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस के डायरेक्टर अमित गोयल का।

**फाइनेंशियल एडवाइजर का काम**

अपने ग्राहकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उपयोगी सलाह देने का काम फाइनेंशियल एडवाइजर करते हैं। इनका काम अपने ग्राहकों को निवेश, बीमा, बचत योजनाओं, कर्ज आदि के बारे में सही सलाह देना होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा और कम से कम नुकसान हो।

**योग्यता** फाइनेंस सेक्टर में करिअर बनाने के लिए आप कैट एग्जाम के जरिए भारत के किसी भी अच्छे कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। वैसे, पहले केवल कॉमर्स के छात्र ही इस क्षेत्र में भविष्य बनाते थे, लेकिन इसके बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी (मैथ-बायो), बीए, बीबीए और बीई के छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करिअर बनाने के लिए आप चाहें तो एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, एडवांस डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, मास्टर्स इन कमोडिटी एक्सचेंज आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं।

फाइनेंशियल एडवाइजर किसी कंपनी में अकाउंटेंट, ऑडिटर, इकोनॉमिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन ऑफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यु एजेंट आदि के तौर पर काम कर सकते हैं। फाइनेंस में ग्रेजुएशन करने के बाद आप किसी बिजनेस अखबार, पत्रिका आदि में संवाददाता और वित्तीय विश्लेषक के रूप में भी काम कर सकते हैं। बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन-कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्यूचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स को नियुक्त करती है। विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर्स की मांग काफी ज्यादा है। प्रोफेशनल चाहें, तो इंटरनेशनल फाइनेंसिंग कंपनी, लैंडिंग एंड बॉरोइंग, मल्टी करेंसी ट्रेडिंग आदि फाइनेंशियल कंपनियों में नौकरी की तलाश कर सकते हैं।

**सैलरी वॉच**

फाइनेंशियल एडवाइजर के तौर पर करिअर की शुरूआत करने पर ज्यादातर कंपनियां सैलरी के साथ-साथ कमीशन भी देती हैं। वैसे, शुरूआती दौर में सैलरी 20 हजार से 30 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। अनुभवी प्रोफेशनल्स की सैलरी 1 लाख से 2 लाख रुपये प्रति माह तक हो सकती है।

**प्रमुख संस्थान**

डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### विज्ञान मेला में अभिषेक को द्वितीय स्थान



**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर की कक्षा अष्टम के भैया अभिषेक ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विज्ञान मेला, जो पंजाब प्रांत के अमृतसर में आयोजित था। उसमें बाल वर्ग के प्रतिभागियों में द्वितीय स्थान प्राप्तकर विद्यालय एवं रजरप्पा क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत, आचार्यों की प्रेरणा एवं अभिभावक का सही मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

### जवाहर नगर में रामलीला शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री रामायण प्रचारक मंडली काशी के तत्वाधान में जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप परिसर में बुधवार रात्रि से 10 दिवसीय रामलीला का आयोजन हुआ। रामलीला का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और राजन साव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान राम और सीता की आरती उतारकर की गई। मौके पर मंडली के महंथ अनिल विश्वकर्मा, अध्यक्ष पंकज तिवारी और उपाध्यक्ष अर्पित पांडेय ने बताया की उक्त धार्मिक कार्यक्रम 16 नवंबर तक चलेगा।

### आराशाह में खरीफ पाठशाला संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कृषि मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची के तत्वावधान में पतरातु प्रखंड के आराशाह गांव में 14 सप्ताह से चल रहे किसान खेत पाठशाला का समापन हुआ। पाठशाला में सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी प्रियंका साहा मालाकार की देखरेख मे संचालित किया जा रहा था। पाठशाला में 35 पंजीकृत किसानों को आईपीएम विधि से खेती करने के लिये प्रशिक्षित किया गया।

### बीएड कॉलेज में मिले पूर्ववर्ती छात्र



**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढा लारी के बहुउद्देशीय सभागार में बुधवार को पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह हुआ। समारोह में डॉ. सरोज रंजन प्रबंधन, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं सम्मानित सदस्य मनीष कुमार एवं सभी शिक्षकों के द्वारा की गई।

### चित्रगुप्त पूजा समिति के अध्यक्ष बने राजन सिन्हा



दारू। चित्रगुप्त पूजा को लेकर दारू बक्शीडीह के चित्रांश परिवारों के सदस्यों ने मंगलवार की शाम चित्रगुप्त मंदिर दारू में हुई, बैठक में 15 नवंबर को होने वाले चित्रगुप्त पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल संचालन के लिए एक समिति बनाई गई जिसमें पूजा समिति के अध्यक्ष के रूप में राजन सिन्हा सचिव विकास कश्यप कोषाध्यक्ष रोशन सिन्हा, उप कोषाध्यक्ष राकेश सिन्हा, मीडिया प्रभारी सुमन सिन्हा को बनाया गया ।तथा सफल आयोजन के लिए कार्यकारिणी सदस्य भैया आजाद सिन्हा,भैया मिलन भैया शिशिर, भैया सुमित,प्रकाश सिन्हा, अंकित अनुराग, शुभम सिन्हा का चयन किया गया।

### बीडीओ से मिला पत्रकार संघ



कटकमदाग। कटकमदाग प्रखंड पत्रकार संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह उर्फ के के सिहं के नेतृत्व में सभी पत्रकारों ने कटकमदाग बीडीओ एकता वर्मा से मुलाकात की। वर्मा को गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया। साथ ही सभी पत्रकार बन्धु ने पत्रकारिता को प्रजातंत्र का चौथा स्तम्भ माने जाने वाले ।जो बिश्वासनीयता निष्पक्षता स्पष्टता व निडरता के साथ अपने सामाजिक कर्तव्यों का निवर्हन को तत्परता एवं विश्वास के साथ हार्दिक शुभकामनाएं दी। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा ने भी पत्रकार संघ के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं के साथ प्रशासन कर्तव्य का पालन एवं न्यायपूर्ण व्यवस्था विकास का भरोसा दिया। मौके पर कटकमदाग पत्रकार संघ के अध्यक्ष के के सिंह उर्फ कृष्ण कुमार सिंह, सचिव लखन पासवान, कोषाध्यक्ष अमित सहाय, उपाध्यक्ष भास्कर उपाध्याय,प्रवक्ता भवेश मिश्रा, उपसचिव सह कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार राम, उपकोषाध्यक्ष शेशांक शेखर, कर्यालय प्रभारी दुर्गेश सिंह मौजूद थे।

### सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा बस्ती पारटांड स्टेडियम में रविवार से चल रहे रामगढ़ जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रथम सब जूनियर खो–खो चैंपियनशीप प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। फाइनल मैच का उद्घाटनपतरातु प्रखंड प्रमुख कौशल्य देवी के प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच जितेंद्र कुमार, प्रभात कुमार, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य मानस मुंडा, शशि बाउरी, ललन आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में शामिल छह ब्लॉक पतरातू, रामगढ़, चितरपुर, गोला, मांडू और दुलमी के बालक–बालिका की टीम ने अपने बेहतर प्रदर्शन से दर्शको की खूब वाहवाही बटोरी। प्रतियोगिता में 33 बालक व 33 बालिका टीम के बीच कुल 66 मैच खेले गये। फाइनल में बालिका वर्ग का मैच गोला बनाम चितरपुर के बीच खेला गया। जिसमें चितरपुर की टीम 6 अंक से विजेता बनी।

# भीड़भाड़ वाले जगहों पर पटाखे की बिक्री पर लगायें रोक : डीसी

## दिवाली, काली पूजा व छठ को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने एसपी पीयूष पांडे के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की। उपायुक्त ने जिले में दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना करते हुए दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान भी पूरी सतर्कता एवं अपने अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखते हुए शांतिपूर्ण व सफल तरीके से पर्व संपन्न करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में बिना स्थाई अथवा अस्थाई लाइसेंस के किसी भी तरह के पटाखे की बिक्री न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पटाखे की बिक्री पर रोक सुनिश्चित करते हुए मैदान व खुले स्थानों में ही पटाखे की बिक्री होने देने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया। उपयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर नियम अनुसार पटाखे की बिक्री सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस, स्टॉक आदि की जांच कर किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी सामने आने पर पटाखे को जब्त कर उन्हें नष्ट करने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मिलावटी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ से जिले वासियों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में जांच अभियान चलाने एवं लोगों को मिलावटी पदार्थ से बचाव हेतु अपनाए जाने वाले उपायों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वॉलिंटियर्स को किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति हेतु फर्स्ट एड एवं सीपीआर देने जानकारी देने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने जुआ खेलने वालों पर विशेष ध्यान देने, साउंड सिस्टम के नियम अनुसार उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सभी छठ घाट पर छठ पूजा समितियां को अनिवार्य रूप से पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था रखने एवं उनके माध्यम से श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारियां देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी छठ घाटों पर अनिवार्य रूप से गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने, काली पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन एवं विसर्जन के दौरान नियम अनुसार व निर्धारित रूट से ही विसर्जन संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में उप विकास आयुक्त, एसडीओ, सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरही : बिरहोर कॉलोनी में लगा स्वास्थ्य मेला



**बरही।** बरसोत पंचायत के बरियठा बिरहोर टोला में प्रधानमंत्री आदिम जनजाति समूह (पीएम-पीवीटीजी) विकास मिशन के तहत बिरहोर परिवारों के बीच स्वास्थ्य मेला लगाया गया। मेला में एनसीडी स्क्रीनिंग, सिकल सेल अनीमिया स्क्रीनिंग, आभा कार्ड फोरनेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन, गोल्डन कार्ड फॉर्मेशन से संबंधित जांच व गोल्डन कार्ड बनाया गया। मेला में 3 एएनसी जांच, 5 अनीमिया जांच, 11 एनसीडी व 6 गोल्डन कार्ड बनाया गया। वहीं बिरहोर बच्चो को कॉपी, बिस्किट व टॉफी का वितरण किया गया। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन का उद्देश्य है कि पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाकर विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों की सामाजिक आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। मुखिया मोतीलाल चौधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार आदिम जनजाति समुदाय के लोगों पर विशेष ध्यान दे रही है। मौके पर प्रधान लिपिक पंकज कुमार आजाद, बीपीएम नारायण राम, डॉ अंकुर बिहान, सन्नोवर प्रवीण, प्रह्लाद कुमार, अनिता कुमारी, उपेंद्र कुमार दास, मालती कुमारी, रीना कुमारी, माया देवी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### किसी दल में नहीं हूं : सुमन भारती

भुरकुंडा (रामगढ़)।पतरातू प्रखंड के सांकुल पंचायत की मुखिया सुमन भारती ने बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद की कार्यशैली की निंदा की है। कुछ दिन पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा सोशल मीडिया एव अखबारों के माध्यम से सूचना दी गई की सांकुल पंचायत की मुखिया सुमन भारती ने कांग्रेस की सदस्यता ली है। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी राजनीतिक दल नहीं मूं। भारती ने कहा है की उनके छवि को खराब करने का प्रयास किया गया है।

## एक नजर में

### चरही में स्टीम कोयला लदा स्कार्पियो जब्त

चरही। चरही थाना की पुलिस गश्ती के दौरान एक स्कार्पियो संख्या बीआर 04 पीए 0943 को अवैध स्टीम कोयले के साथ पकड़ा गया ।पकड़ा गया स्कार्पियो थाना क्षेत्र के चरही – घाटो मार्ग से धरा गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त नंबर की स्कार्पियो, कोयला लोड कर चरही की ओर जा रहा है। पुलिस की टीम सूचना की पुष्टि के लिए निकली कि उक्त नंबर की वाहन को रोकने की इशारा की। मौके का फायदा उठाते हुए वाहन चालक गाड़ी खड़ा कर भाग गया। पुलिस वाहन को जब्त किया।

### सीएम आमंत्रण टूर्नामेंट का विजेता बना जरगा

दारू। पुनाई पंचायत के ग्राम जरगा मे मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुखिया अनिल कुमार देव किया। टूर्नामेंट कुल 6 टीमों ने भाग लिया,फाइनल मुकाबला में जरगा बनाम लोधी टीम के बीच खेला गया जिसमें जिसमें जरगा टीम लोधी टीम को हरा कर 2–0 से विजय रही। पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव जी के द्वारा बिजेता और उप बिजेता टीम को पुरुस्कार राशि तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजित कुमार ,नंदलाल देव, बीरेंदर देव, अखिलेश देव, सरवन कुमार , राजकुमार यादव, गौतम देव, गोपाल देव, प्रदीप देव ,प्रदीप यादव, बिक्रम देव ,विजय कुमार, कैलाश महतो, जीतन महतो, लक्ष्मण प्रसाद के साथ बहुत सारे ग्रमीण व दर्शक उपस्थित थे।

### जेबीकेएसएस कांडतरी पंचायत स्तरीय चुनाव

बड़कागांव। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जेबीकेएसएस संगठन को मजबूती को लेकर कांडतरी पुराना स्कूल के प्रांगण में बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता रामचंद्र कुशवाहा व संचालन धर्मनाथ कुशवाहा ने किया ।वही जेबीकेएसएस को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया, साथ ही साथ कांडतरी के लोगों ने ठाना है की 2024 में जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनाना है। सर्वसम्मति से अध्यक्ष रामचंद्र कुशवाहा,सचिव रवींद्र कुमार, कोषाध्यक्ष कुलदीप राणा,उपाध्यक्ष भीमदेव कुमार,जयपाल कुमार उपसचिव पृथ्वीराज रंगदार,मनोज कुमार,मीडिया प्रभारी जयदीप कुमार, खिरोधर महतो को चुना गया। मौके पर जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य राकेश मेहता,विकास कुमार,जानिसार आलम,सुनीता साहू,अशोक, राजकिशोर,रामचरित्र, प्रमोद की मौजूदगी में अनुराधा,आरती देवी,उषा देवी, जयदीप,मनोज,बबलू, नरेश,शंकर,लालदेव आदि ने सदस्यता ग्रहण की।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन

कटकमसांडी। प्रखंड के मिडिल स्कूल मैदान में लंबे समय के उपरांत आज शहीद दीपक उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन हुआ। आज का इस टूर्नामेंट में फाइनल मुकबला बंजी बनाम माहुवाए के बीच खेला गया जिस में दोनो टीमों के बीच बेहद ही आकर्षक और रोमांचक मुकाबले रहा अंतिम में यह मुकबाला पेनाल्टी शूटआउट किया गया जिस में बंजी ने 5 –4 से विजेता बनी ।।विजेता टीम को 1 लाख की नगद राशि और मेडल पुरस्कार से नवाजा गया वही महुवा ए उपविजेता टीम को नगद 50 हजार और मेडल से सम्मानित किया गया। इस टूनार्मेंट में सफल बनाने में इस टूनार्मेंट के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव ,कोषाध्यक्ष एंव रेफरी लेंस मेन का अहम भूमिका रही है। मौके पर राजू सिंह,कृष्ण कुमार भोक्ता,पप्पू यादव,नीतीश सिंह , संभू पासवान,कुलदीप सिंह भोक्ता एंव दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह के खिलाफ निकाली रैली



**बरही।** जेएसएलपीएस से जुड़ी 20 पंचायत की महिलाओं ने बाल विवाह के रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया। महिलाओं ने अपने अपने हाथों में बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों को बताते हुए नारे लगाकर बरही चौराहे के चारो रोड में आमजनों को जागरूक किया। उन्होंने जन सेवा परिषद हजारीबाग और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की कम्युनिटी सोशल वर्कर सह जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने महिलाओं को शपथ दिलाते हुए अपने आस-पास बाल विवाह नही होने देने की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाया कि वह लड़कों का 21 वर्ष और लड़कियों का 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह न करें। वहीं जेएसएलपीएस के बीपीएम दीपक कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के सभी 20 पंचायतों में अगले 14 नवम्बर तक हरेक गांव में यह अभियान चलाया जाएगा। मौके पर जन सेवा परिषद हजारीबाग और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की कम्युनिटी सोशल वर्कर सह जीप सदस्या प्रीति कुमारी, बरही पश्चिमी मुखिया समशेर आलम, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, सीपी चंदन कुमार, जेंडर सीआरपी पायल देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### विष्णुगढ़ में वन विभाग ने 13 बोटा लकड़ी किया जब्त

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में वनो की बेतहसा कटाई के खिलाफ वन विभाग लगातार सक्रियता कि भूमिका में है। जिससे वनों कि कटाई करने वालों पर लगातार विभाग के द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। इसको लेकर लकड़ी तस्करों में खौफ का माहौल है। मंगलवार आधी रात में विभाग कि टीम द्वारा एक बड़ी कार्रवाई करते हुवे एक ट्रैक्टर लकड़ियों को जप्त किया गया है। बताया जाता है कि सुरेंद्र मंडल द्वारा बेडा हरियारा जंगल से भारी मात्रा में शॉल के लकड़ी को काट कर आरा मील तक ले जाया रहा रहा था। इसकी सूचना वन विभाग को मिली। जिसके बाद वन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से मौके से हीं 13 बोटा साल के लकड़ी को जप्त कर लिया गया। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चलकरी निवासी सुरेंद्र मंडल पिता स्व. महादेव मंडल द्वारा लकड़ियों को काट कर अटका की ओर आरा मिल में चिराई के लिए ले जाने का प्रयास में था। फॉरेस्ट एक्ट के कई धाराओं के तहत मामला दर्ज की गई है। जब्त की गई लड़कियां विष्णुगढ़ थाना में रखा गया है।

### पथ निर्माण में तेजी लाये संवेदक : ओमप्रकाश मेहता

**इचाक।** इचाक से खैरा भाया दरिया बरका डाढा पथ का निर्माण कार्य कछुआ की चाल की तरह हो रही है। लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें हुई। रोड में समय से जेएसबी नहीं डाले जाने के कारण बरसात के मौसम में काफी कीचड़ हो गई और जीएसबी भी डाला गया तो मेटल की मात्रा कम डाली गई। जिसके कारण रोड की स्थिति खराब हो गई और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उक्त बातें पथ निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता ने कही।

श्री मेहता ने कहा कि पथ का कार्य तेजी से हो इसके लिए हमने कई बार विभाग के इंजीनियर और ठेकेदार से भी बात की इसके बावजूद काम तेजी से नहीं किया गया। अब भी समय है कि ठेकेदार रोड का काम तेजी से करें और गुणवत्ता पूर्ण काम करें ताकि आगे चलकर फिर इस क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता



**बरही।** श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय सब जूनियर खो-खो चयन प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रतिभा के साथ चयन किये गए।झारखंड स्टेट खो-खो एसोसिएशन ने हजारीबाग जिला स्तरीय एक दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल का आयोजन कर्जन मैदान हजारीबाग स्टेडियम में हुआ। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के आकर्षक एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्राचार्य कैलाश कुमार द्वारा चयनित सभी खो-खो खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें बधाई दी। जिन विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के लिए हुआ। उनमें सुशांत, सौरभ शर्मा, हिमांशु, अविनाश, रोशन सोनी रोशन, पीयूष नंदन, मोबिन, देवराज, माही, लवली मेहता इन बच्चों को खेल प्रशिक्षक हर्ष कुमार एवं सुमित कुमार का पूर्ण सहयोग और उनका दिशा निर्देश मिला।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला भू-अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो०) सं०- Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
**(3G Award के तहत घोषित)**
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II)**
**(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– शाहगंज, थानाः– सतबरवा, थाना नं0:– 252
पत्रांक– 755 (B)/भू0अ0, दिनांक– 02.11.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | शाहगंज | 5 | 52/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0837 | 1 | 1. अबास मियां, पिता मादिर मियां | दखल सदीक अंसारी, मो0 युनुस, मो0 आयुब |
| | | 5 | 52/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0200 | | तदैव | राधा देवी, पति लिलेश्वर यादव (केवाला द्वारा प्राप्त है, नामान्तरण नहीं हुआ) |
| | | 25 | 44/P | रैयती | धान–2 | 0.0650 | | तदैव | दखल सदीक अंसारी, मो0 युनुस, मो0 आयुब |
| | | 25 | 65/P | रैयती | टांड़–3 | 0.4420 | | अबास मियां | दखल सदीक अंसारी, मो0 युनुस, मो0 आयुब |
| 2 | | 24 | 10/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0300 | 2 | इन्दल चौधरी | |
| | | 26 | 69/P | बकास्त | धान–3 | 0.0500 | | तदैव | |
| 3 | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0500 | 3 | मो० इद्रीस, मो० अनीस, मो० मोसीन | |
| | | 26 | 69/P | बकास्त | धान–3 | 0.0338 | | तदैव | |
| 4 | | 21 | 76/P | रैयती | धान–3 | 0.0150 | 4 | इसुफ मियां व दुरू मियां | दखल मुस्तकीम, इस्माइल, इमामुदीन, मुख्तार अंसारी |
| | | 21 | 76/P | रैयती | धान–3 | 0.0150 | | तदैव | अज्ञात |
| 5 | | 14 | 43/P | रैयती | धान–2 | 0.0600 | 5 | कासीमुदीन, पिता वली मियां | |
| | | 14 | 43/P | रैयती | धान–2 | 0.0156 | | तदैव | विवादित |
| 6 | | 25 | 44/P | रैयती | धान–2 | 0.0325 | 6 | शेख कासीमुदीन वगैरह, पिता शेष वली मियां | दखल शेख कासीमुदीन, मो0 अनवर, मो0 मोजीब, मो0 औरंगजेब, मो0 मुनाजीर हसन |
| | | 25 | 65/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0883 | | तदैव | दखल शेख कासीमुदीन, मो0 अनवर, मो0 मोजीब, मो0 औरंगजेब, मो0 मुनाजीर हसन |
| 7 | | 24 | 10/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0700 | 7 | खुशलाल प्रसाद चौहान, पिता श्री महादेव नोनिया | |
| 8 | | 25 | 44/P | रैयती | धान–2 | 0.0325 | 8 | गफूरा बीबी, पति अब्बास मियां | दखल सदीक अंसारी, मो० युनुस, मो० आयुब |
| 9 | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.3300 | 9 | गंगा साव | |
| 10 | | 8 | 77/P | बकास्त लगान पाने वाला | धान–3 | 0.0125 | 10 | गुलशन आरा, पति मो० इजहार | दखल मो० इजहार |
| 11 | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.1050 | 11 | मो० चिस्ती अंसारी, मो० इफ्तेबार, मो० इतियाफ | दखल मो० चिस्ती अंसारी वगैरह |
| 12 | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.2350 | 12 | तेतरी देवी | |
| 13 | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.1200 | 13 | शेख दिलदार मियां | दखल रेयासत अंसारी, क्यूम अंसारी |
| 14 | | 26 | 69/P | बकास्त | धान–3 | 0.0400 | 14 | धनपतिया देवी, पति नन्दलाल यादव | |
| | | 8 | 77/P | बकास्त लगान पाने वाला | धान–3 | 0.0170 | | तदैव | |
| 15 | | 22 | 73 | रैयती | धान–3 | 0.0296 | 15 | प्रहलाद चौधरी, पिता चतुर्गुण चौधरी | दखल अनिल चौधरी वगैरह |
| 16 | | 27 | 8 | रैयती | टांड़–3 | 0.3100 | 16 | बिगावन सिंह वो छवि सिंह, पिता गुरसहाय सिंह | दखल अनील, प्रदीप, राजकुमार, रामखेलावन, कलावती कुंवर, चरकू, महेन्द, नरेश, सुरेश, मनोज, छमन, रामकिशुन, सुखदेव, दुखन, बुधन, अवध बिहारी, रंजी, अर्जुन, अजय, बिजय |
| 17 | | 19 | 2 | रैयती | टांड़–3 | 0.0770 | 17 | भुखन मियां वगैरह | दखल सबीर, मसीर, जमीर, नईमुदीन, मोख्तार, अख्तार, तौकिर, गुरुहसन, लाडले हसन, हुसैन, अब्दुल कदुस, सोबरती, खालीद |
| | | 23 | 45/P | रैयती | धान–2 | 0.0900 | | तदैव | दखल इनामुल हक वगैरह |
| 18 | | 15 | 47 | रैयती | टांड़–3 | 0.1527 | 18 | महादेव नोनिया, पिता स्व० रामवृक्ष नोनियां | दखल बिजय चौहान, खुशलाल चौहान, पिता स्व० महादेव नोनियां |
| 19 | | 13 | 6 | रैयती | टांड़–3 | 0.1111 | 19 | मोती सिंह, पिता सुकन सिंह (चैरो) | दखल चन्द्रिका सिंह, उमेश सिंह, गणेश सिंह, चन्द्रिका सिंह, बिरेन्द्र सिंह, भोला सिंह, गुलु सिंह एवं अन्य |
| | | 13 | 66 | रैयती | टांड़–3 | 0.0617 | | तदैव | दखल चन्द्रिका सिंह, उमेश सिंह, गणेश सिंह, चन्द्रिका सिंह, बिरेन्द्र सिंह, भोला सिंह, गुलु सिंह एवं अन्य |
| 20 | | 7 | 9 | रैयती | टांड़–3 | 0.2028 | 20 | रामसेवक चौधरी वगैरह, पिता अलियार चौधरी | दखल वृन्दा चौधरी, अवधेश चौधरी, रामजन्म चौधरी, पुरुषोतम चौधरी, मुकेश चौधरी, दृगराज चौधरी, रामराज चौधरी एवं अन्य |
| 21 | | 23 | 45/P | रैयती | धान–2 | 0.0300 | 21 | सुनिता देवी | |
| 22 | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़ | 0.0300 | 22 | मो० सदीक अंसारी, पिता शेख समसुद्दीन अंसारी | |
| | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़ | 0.0070 | | तदैव | उदयनाथ मिश्रा |
| | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़ | 0.0330 | | तदैव | नसीमुल हक, पिता अब्दुल सकुर |
| 23 | | 26 | 64/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.3200 | 23 | हासीमुदीन मियां | दखल मो० मोजीब, मो० औरंगजेब, मो० मनाजरुल |
| 24 | | 25 | 65/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0883 | 24 | अज्ञात | दखल राधा देवी, पति–लिलेश्वर यादव यह भूमि केवाला द्वारा प्राप्त है, नामान्तरण नहीं हुआ है। |
| 25 | | 26 | 69/P | बकास्त | धान–3 | 0.1950 | 25 | अज्ञात | दखल तेतरी देवी |
| 26 | | 26 | 69/P | बकास्त | धान–3 | 0.0750 | 26 | अज्ञात | दखल बीरबल ठाकुर वगै० |
| 27 | | 26 | 69/P | बकास्त | धान–3 | 0.0250 | 27 | अज्ञात | दखल अलीमुदीन वगैरह |
| 28 | | 26 | 69/P | बकास्त | धान–3 | 0.0125 | 28 | अज्ञात | दखल मो० हसन वगैरह |
| 29 | | 26 | 69/P | बकास्त | धान–3 | 0.0125 | 29 | अज्ञात | दखल सकुर मियां |
| 30 | | 6 | 75/P | रैयती | टांड़–3 | 0.2300 | 30 | अज्ञात | भोला सिंह, सरयू सिंह, गुठल सिंह वगै०, पिता लक्ष्मी सिंह वो चन्द्रिका सिंह, पिता गोपाल सिंह एवं अन्य विवादस्पद |
| 31 | | 6 | 75/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0700 | 31 | अज्ञात | |
| 32 | | 8 | 77/P | बकास्त लगान पाने वाला | धान–3 | 0.0275 | 32 | अज्ञात | दखल मोस्तकीम मियां वगैरह |
| | | | | | कुल | 4.1536 | | | |

PR.NO.310929 Palamu(23-24):D

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

## स्पीड न्यूज

### घाघरा में जोहार मिलेट कैफे का शुभारंभ



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में रागी दिवस पर बुधवार को महिला विकास मंडल और जेसेलपीएस के जोहार मिलेट कैफे का उद्घाटन घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने किया। इस क्रम में बीडीओ ने भी रागी से बने लड्डू की खरीदारी की। बीडीओ ने कहा कि रागी के लड्डू सहित अन्य खाद्य पदार्थ की बिक्री से लोगों को लाभ मिलेगा। मौके पर महिला विकास मंडल की अनिता देवी, मनरेगा बीपीओ अजय लकड़ा, अभिनंदन कुमार, अमरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार भी थे।

### मंडल कारा गुमला में जागरुकता कार्यक्रम

**गुमला।** नेशनल लीगल सर्विस डे कैंपेन तथा सौ दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम के तहत मंडल कारा गुमला में डालसा ने बुधवार को जागरुकता कार्यक्रम किया। मौके पर डालसा ने पीएलवी सबीहा शबनम को उनके जेल में किये गये उत्कृष्ट लीगल एड से संबंधित कार्यो के लिए तथा जेल में रह रहे महिलाओं को कानूनी सहायता पहुंचाने के कारण सम्मानित तथा पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अधिक्षता बुंदेश्वर गोप, कारा अधीक्षक व अन्य उपस्थित थे।

### विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**घाघरा।** बीडीओ दिनेश कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें आगामी 9 नवंबर 2023 को घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड राज्य विधि सेवा प्राधिकार के विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर की तैयारी को ले कई आवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ ने पदाधिकारियों व कर्मियों को दी।

### केओ कॉलेज बीएड संकाय में विभिन्न प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**गुमला।** कार्तिक उरांव कॉलेज बीएड संकाय में बुधवार को पाठ्य सहगामी क्रिया के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किया गया। जिसमें दीपावली कार्ड मेकिंग, थाल सजावट, तोरण व लालटेन मेकिंग की गयी। वहीं रंगोली प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का विषय दीपोत्सव के विविध आयाम रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के आसे के प्राचार्य अमर ज्योति खलखो, डॉ सीमा व डॉ कंचन ने किया। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ राकेश प्रसाद, सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी भी थे।

### डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा लोकतंत्र में ईवीएम की विश्वसनीयता में किसी भी प्रकार का संदेह न रहे। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, एसडीओ सदर, विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी थे।

### हिरही में आजसू ने बांटे 100 कंबल



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हिरही पंचायत में आजसू जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शमीम अंसारी के सौजन्य से गरीब असहायों के बीच ठंड को देख कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने जरूरतमंद लोगों के बीच में 100 कंबल का वितरण किया। मौके पर हिरही के अंजुमन सदर/सेक्रेटरी ने कहा कि जिस तरह से 2009 ओर 2014 में हमारे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग झोला भर के विधानसभा में स्व कमल किशोर भगत को वोट दिया था, ठीक उसी तरह 2024 के विधानसभा में इस बार हमसब लोग नीरू शांति भगत के साथ में रहेंगे। मौके पर हिरही वार्ड सदस्य रेहान अंसारी, नगर सचिव राजन मेहता, जिला छात्र संघ के जिला अध्यक्ष आयुष महतो, नजरुल इस्लाम, रामकिशोर उरांव, अंसारी मदरसा सदर उपस्थित रहे।

### डीडीसी ने की योजनाओं की समीक्षा



**लोहरदगा।** डीडीसी जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में पथ निर्माण की बैठक हुई। बैठक में आरईओ, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ), नगर परिषद समेत अन्य विभागों के पथ एवं पुल निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गयी। आरईओ अंतर्गत सनई-हपात पथ में उच्च स्तरीय पुल, नारी धुर्वा मोड़-सांगोडीह मक्का पथ, सात पथों से पुराने व एक किमी लंबाई के पथों के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव, सनई-हपात पथ, झड़ारी-कोटा वाया बिटपी डुमरी पथ, भंडरा से कैरो पथ वाया आकाशी समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की हुई।

### 2000 शिक्षकों को सम्मानित करेगी पासवा



**लोहरदगा।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) नवंबर के अंतिम सप्ताह में लोहरदगा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह बीएस कॉलेज मल्टीपरपस हॉल लोहरदगा में आयोजित करेगी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी चर्चा होगी। समारोह की तैयारी को लेकर पासवा प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दुबे बुधवार को लोहरदगा पहुंचे एवं सहयोगी संजय दुबे एवं निश्चित जयसवाल के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक आपरुपा पाल चौधरी से मुलाकात कर शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल होने एवं सहयोग करने का अनुरोध किया है। साथ ही साथ लोहरदगा जिला पासवा के पदाधिकारियों के साथ परिसदन में बैठक कर विचार विमर्श किया।

# महिला मंडल की दीदियों के उत्पाद को प्रोत्साहन देगा जिला प्रशासन

- जिला स्तरीय दीपावली मेला सह मिलेट दिवस का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** दीपावली एवं छठ पूजा के मद्देनजर जिले में 4 दिवसीय दीपावली मेला सह मिलेट दिवस 2023 का बुधवार को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के सामने शुभारंभ किया गया। जिसका उदघाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, डीडीसी हेमंत सती व महिला मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के तहत गुमला जिले के स्थानीय माटी शिल्पकारों एवं सखी मंडल के दीदीयों द्वारा निर्मित रागी से निर्मित खाद्य पदार्थों, सस्ते एवं सुंदर दीये सहित अन्य सामग्रियों का स्टॉल लगाया गया है। इस दौरान जिले में मिलेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले भर में मिलेट दिवस के रूप में मनाया गया। उपायुक्त द्वारा शुभारंभ किये गये इस कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंडों के कार्यालय परिसर में अगले 4 दिनों तक 8 से 11 नवंबर तक रागी निर्मित खाद्य पदार्थों, स्नैक्स का स्टॉल लगाया जा रहा है ताकि स्थानीय लोग इस त्योहार रागी से निर्मित स्नैक्स की खरीद कर स्वास्थ्य खाद्य पदार्थों का सेवन कर सके। जिला स्तरीय आयोजित दीपावली सह मिलेट दिवस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने जिले के ग्रामीण महिलाओं द्वारा लगाए गए सभी स्टॉल पर जाकर सामग्रियों को देखा। उपायुक्त ने सखी मंडल की दीदियों से उनके द्वारा बनाए गए सामग्रियों की जानकारी लेते हुए उनके प्रयास की सराहना की।



मेला में लगे स्टॉल का निरीक्षण करते डीसी व डीडीसी।

## समूह की दीदियों की सामग्री की बिक्री बढ़ाने की जरूरत

वहीं उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस को सखी मंडल की दीदियों द्वारा बनाए जा रहे सामग्रियों के उत्पादन को बढ़ाने हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा जो सामग्रियां बनायी गयी हैं वह सराहनीय है। जिला प्रशासन दीदियों के बनाए गए उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। आयोजित मेले में सभी प्रखंडों से आये दीदियों एवं माटी शिल्पकारों के द्वारा बनाया गया दिया, ग्वालिन, कलश, बच्चे के खिलवाने (माटी के), रूई, एवं पलाश के तहत करंज तेल, सरसो तेल, सत्तू, बेसन एवं विभिन्न प्रकार के आचार हेतु स्टॉल लगाया गया है। इसके साथ ही जिले के ग्रामीण महिलाओं द्वारा बने रागी के स्नैक्स का भी एक खास स्टॉल लगाते हुए मिलेट दिवस को बढ़ावा दिया गया। दीपावली मेला में कुल 11 स्टॉल लगाए गए हैं। सभी स्टॉल में विभिन्न प्रखंडों द्वारा निर्मित उत्पाद गुमला वासियो के लिए उपलब्ध कराये गये हैं। इस मेले से जिले के नागरिकों सहित अधिकारियों ने भी कई उत्पादों की खरीद की। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, जेएसएलपीएस की दीदियों के अलावा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## गुणवत्ता के साथ कभी कोई समझौता नहीं की जा सकती

# मजदूरों पर हो रहा शोषण कभी बर्दाश्त नहीं है : सुखदेव भगत

- नदिया में बना रहे सौ शैय्या अस्पताल का पूर्व विधायक सुखदेव भगत एवं सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण
- मजदूरों को कम भुगतान करने की मिली शिकायत एवं एस्टीमेट के विपरीत किया गया कार्य पाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** नदिया के ग्रामीणों की शिकायत पर आज लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत लोहरदगा सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खालको के साथ नादिया ग्राम में 51 करोड़ की लागत से बना रहे सौ शैयय्‍ू क्रिटिकल केयर बिल्डिंग, डॉक्टर, नर्स क्वार्टर जो बनाया जा रहा है उसका साइट पहुंचकर वहां के कार्यों का निरीक्षण किये यह भवन झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के द्वारा बनाया जा रहा है जिसका संवेदक राज कंस्ट्रक्शन गढ़वा है। साइट पहुंचने पर सुखदेव भगत ने पाया कि भवन का निर्माण काफी घटिया और एस्टीमेट के विपरीत हुआ है। साइड में योजनाओं से संबंधित कोई बोर्ड लगा हुआ नहीं है जिसमें प्राक्कलन की राशि तथा योजना पूर्ण करने की तिथि समेत योजना से संबंधित अनेक जानकारी उपलब्ध रहती है। मौके पर श्री भगत ने पाया कि मजदूरों की सुरक्षा हेतु मजदूरों को सेफ्टी बेल्ट तथा हेलमेट जो दिया जाता है वह मजदूरों को नहीं मिला है। श्री भगत ने वहां पर उपस्थित मजदूरों से पूछा कि प्रत्येक दिन कितना भुगतान होता है महिला मजदूरों ने बताया कि 300 तथा पुरुषों ने बताया कि 400 मिलता है जबकि सभी मजदूरों को सरकारी दर 421 रुपया से भुगतान करना है।



निर्माणाधीन योजना का निरीक्षण करते सुखदेव भगत।

**खास बातें :** मजदूरों ने बताया कि उन्हें सादा पेपर में हस्ताक्षर कर लिया जाता है। यह मजदूर विगत 9- 10 महीना से काम कर रहे हैं। मजदूरों को मजदूरी कम भुगतान करने को श्री भगत गंभीरता से लेते हुए तुरंत साइट पर जिला श्रम अधिकारी को बुलाकर सारी वस्तु स्थिति अवगत कराये। जिला श्रम अधिकारी ने सभी कार्य कर रहे मजदूरों का बयान लिया।

# आजसू पार्टी के संघर्ष और बलिदान के बल पर मिला झारखंड : दिलीप

## जारी प्रखंड में आजसू का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न, प्रखंड कमेटी गठित

- झामुमो के दर्जनों कार्यकर्ता आजसू में हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड में बुधवार को आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन प्रखंड प्रभारी सह सचिव सद्दाम हुसैन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु ने कहा कि आजसू पार्टी के संघर्ष और बलिदान के बल पर झारखंड मिला है। अभी की वर्तमान सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन ने 1992 में 3 करोड़ लेकर झारखंड को बेचने का काम किया था और मंत्री पद स्वीकार कर झारखंड को अलग नहीं होने दिया। जारी प्रखंड का निर्माण भी सुदेश महतो की देन है। महासचिव आनंद गुप्ता ने कहा कि झारखंड के अलग हुए 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड विकास के नाम पर काफी पीछे है। चैनपुर से जारी जाने वाली सड़क की हालत भी काफी खराब है। वर्तमान विधायक गहरी नींद में सोये हुए हैं। उनको जनता और क्षेत्र के विकास से कोई मतलब नहीं है। सभा के पश्चात प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बड़ाइक को चुना गया। जबकि कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद सिंह, महासचिव अब्दुल मन्नान खान, सचिव इशाक कुजूर, उपाध्यक्ष शाहबाज खान, वाहिद खान, किशोर खेरवार, राजेंद्र उरांव, अरबाज खान, श्याम भगत, कोषाध्यक्ष जुबेर खान, संगठन सचिव हरिश्वर यादव, महिला प्रखंड अध्यक्ष अणिमा खलखो को चुना गया। कार्यक्रम में जेएमएम छोड़ आजसू पार्टी का दामन थामने वालों में किशोर खेरवार, नारायण खेरवार, केशवर खेरवार, जगन्नाथ खेरवार, गंगा बड़ी आदि भी थे।



फोटो 8 में सम्मेलन में शामिल आजसू के नेता व कार्यकर्ता।

# पहाड़ टोली पंडरिया प्राविं में लकड़ी से बन रहा है भोजन,नहीं मिला सिलेंडर

- कई स्कूलों में नहीं है शौचालय की सुविधा, प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में मामला आया सामने

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** प्रखंड परिसर के सुभाषचंद्र बोस सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया। जिसमें ज्यूरी के रूप में मिशन बदलाव के भूषण भगत, जितेश मिंज और सोशल ऑडिट जिला समन्वयक बलराम शामिल हुए। जनसुनवाई में 23 प्राथिमक स्कूलों के हेडमास्टर और शिक्षक शामिल हुए। पाया गया कि एनपीएस चटकपुर में बच्चों के लिए दरी नहीं है और पहाड़ टोली पंडरिया प्राथमिक स्कूल में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए गैस की सुविधाओं का अभाव है और खाना के लिए लकड़ी का उपयोग किया जाता है। ज्यूरी टीम ने निर्देश दिया कि स्कूल को 15 दिनों में दरी उपलब्ध कराया जाये। ज्यूरी टीम के भूषण भगत ने बताया कि शिक्षकों की कमी और मूलभूत सुविधाओं एवं बुनियादी सुविधाओं का आभाव के कारण विद्यार्थियों ड्राप आउट हो रहे और स्कूलों जाने से कतराते हैं।



# 15 से होगा कार्यक्रम सरकार आपके द्वार, जनता लाभ उठाये : आलोक साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य सह खिजरी विधानसभा के एलडीएम को-ऑर्डिनेटर आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड के इंडिया सरकार एक संवेदनशील सरकार है जनहित में पुनः आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ कर रही है। जिसमें जनता का समाधान ऑन द सपोर्ट किया जायेगा। जनता को इसका लाभ उठाना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित होगा जिसके जरिए लोगों को के बीच विभिन्न लाभों और परिसंपत्तियां बांटेंगे। जाति प्रमाण पत्रों का वितरण, साइकिल के लिए राशि देना, कंबल वितरण करना आदि सभी लाभ ऑन द स्पोर्ट्स दिये जायेंगे। शिविर में ऑन द सपोर्ट शिकायतों का निष्पादन किया जायेगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर पंजीकृत किया जायेगा। आवेदनों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ऑन द स्पोर्ट्स निवारण करते हुए समाधान निष्पादन कागजात के साथ आवेदक की तस्वीर पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। आवेदनों को प्राप्ति तथा ऑन द स्पोर्ट्स लाभों के वितरण की जानकारी भी पोर्टल में अपडेट करना अनिवार्य होगा। ऑन द स्पोर्ट्स राजस्व अभिलेख में संशोधन, परिमार्जन आय जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में आवश्यक संशोधन किया जायेगा।

### झानद 15 को मनायेगा स्थापना दिवस

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (झानद) 15 नवंबर को जिला मुख्यालय गुमला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कैडर कन्वेंशन कार्यक्रम आयोजित कर वीर बिरसा मुंडा को जयंती पर श्रद्धांजलि दी जायेगी। वहीं झारखंड नवनिर्माण दल का स्थापना दिवस भी मनाई जाएगी। साथ ही झारखंड राज्य की स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्वजों व शहीदों के सपनों का झारखंड नवनिर्माण के लिए आंदोलन को तेज करने की भी भावी रणनीति कन्वेंशन में बनाई जाएगी। विदित हो कि अलग राज्य के इन 22 वर्षों के बाद भी झारखंड में सर्वमान्य स्थानीय व नियोजन नीति झारखंड की सत्ता में बैठने वाली कोई भी सरकार नहीं बना पाई है। खनिज संपदा से भरा पड़ा इस राज्य में लोग रोजी-रोटी की तलाश में पलायन और बड़ी संख्या में मानव तस्करी के शिकार होने को लोग मजबूर हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### विक्षिप्तों के बीच इनरव्हील ने बांटे कंबल-गर्म वस्त्र



**गुमला।** इनरव्हील क्लब गुमला ने अरमई स्थित शांति सदन में कार्यक्रम कर वहां रह रहे विक्षिप्तों के बीच गर्म वस्त्र व कंबल बांटा। इनरव्हील के सदस्यों ने कंबल, स्वेटर, गमछा आदि बांटते हुए उनको पुड़ी और सब्जी भी खिलायी। वहीं दीपावली को देख आश्रम में दीया, तेल और पटाखे भी दिये गये। कार्यक्रम में अध्यक्ष उषा देवी, उपाध्यक्ष फ्लोरा मिंज, पूर्व अध्यक्ष पूनम देवी, एडिटर कुसुम साय, निर्मला अग्रवाल, राजकुमारी, कोमल व नवीन मिंज थे।

### बच्चों की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी : मनोरमा



**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के कसपुर ग्राम और रा +2 लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय में होप एवं माई चॉइसेस फाउंडेशन ने सुरक्षित गांव कार्यक्रम चलाया। इस कार्यक्रम के द्वारा किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल देने, गांव से असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, मानव दुर्व्यापार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बच्चों के चार अधिकार, मानव व्यपार, सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी, पास्को एक्ट और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया। उन्होंने मुसीबत पड़ने पर किन टॉल फ्री नंबरों का उपयोग करना है और कैसे अपने आप और पूरे गांव को सुरक्षित रखेंगे इसपर भी चर्चा की। साथ हीं बच्चों से सम्बंधित कानूनों के बारे में बतलाया।किशोर किशोरियों को जीवन की अवस्था अनुरूप हीं कार्य करना चाहिए इसकी भी जानकारी दी गई,बेहतर पढ़ाई कर एक बेहतर नागरिक बन सके इसके लिए भी सभी को प्रेरित किया गया।

# पति ने पत्नी को भगाकर ले जाने की थाने में की शिकायत

- पत्नी फोन से करती थी दूसरे व्यक्ति से बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** हापामुनि ग्राम निवासी कालेश्वर उरांव ने बुधवार को घाघरा थाने में लिखित आवेदन देकर अपनी पत्नी की भगा लेने जाने की शिकायत की। कालेश्वर उरांव ने बताया कि उसकी पत्नी पुसो निवासी गणेश उरांव से फोन में बात करती थी। विगत 15 दिन पूर्व उसकी पत्नी घर पर अकेले थी और गणेश उरांव उसकी पत्नी को भगाकर ले गया है। दोनों झारखंड राज्य से बाहर हैं और दोनों का फोन भी स्वीच ऑफ है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी पत्नी को कहीं वह बेच दिया हो। वहीं कालेश्वर उरांव ने कहा कि उसके तीन पुत्र हैं। तीनों की परवरिश में काफी दिक्कत हो रही है। काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं हो सकी है।




### लापता युवक की हत्या छानबीन में जुटी पुलिस

**जारी।** थाना क्षेत्र के कटिंबा निवासी सुमन एक्का (32) की अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से वार कर निर्मम हत्या कर दिया। हत्या के बाद शव को छुपाने के उद्देश्य से तेलगा दाह नाला में फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गुमला भेज दिया। वहीं मामले की छानबीन कर रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक सुमन एक्का सोमवार से लापता हो था। परिजन उसको खोजबीन किये पर कोई पता नहीं चला।

# शिक्षा हमारी प्राथमिकता में सर्वोपरि है : जिप अध्यक्ष

- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधि के कार्य एवं दायित्व पर सम्मेलन आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा बालिका, लोहरदगा में झारखंड शिक्षा परियोजना (समग्र शिक्षा अभियान) के द्वारा बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधि/स्थानीय प्राधिकार के कार्य एवं दायित्व पर सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी शामिल हुईं।

इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा हमारी प्राथमिकता में सर्वोपरी है। हम सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि अपने क्षेत्र के बच्चों के विकास में अपनी अहम भूमिका निभायें। हम आप सभी गांव की सरकार हैं। हमारी जवाबदेही ज्यादा है। साथ ही सभी पदाधिकारियों से अनुरोध भी किया।



# पीएम मोदी ने वैश्विक पटल पर जनजातीय समाज को दिया बड़ा सम्मान : सधनु भगत

- भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा ग्रामीण मंडल की बैठक 08 नवंबर बुधवार को शांति आश्रम में मंडल अध्यक्ष सुरज दशौंधी की अध्यक्षता में एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सधनु भगत व जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी सुरज मोहन साहू व मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई।

सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ वंदे मातरम गीत गायन के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में मंडल के सभी 12 शक्ति केन्द्रो की बैठक हेतू तिथि व प्रभारियों का मनोंनयन किया गया। उक्त बैठक में आगामी 15 नवंबर जनजाति गौरव दिवस पर देश के यशस्वी पीएम नरेन्द्र मोदी के खुटी धरती आबा भगवान विरसा मुंडा की धरती मे आगमन को लेकर प्रखंड से कार्यकर्ताओं की अधिक संख्या में कार्यक्रम मे सम्मिलित को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पुर्व मंत्री सधनु भगत ने कहा कि पुर्व प्रधानमंत्री स्व अटल विहारी बाजपेयी ने दिल्ली सेंट्रल हाल मे भगवान विरसा मुंडा की चित्र लगाकर झारखंड के स्वाधीनता के महानायकों का सम्मान देने का कार्य किया है।



माल्यार्पण करते सधनु भगत।

**खास बातें :** पूर्व मंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी पीएम मोदी ने धरती आबा को 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में उक्त दिवस को मनाने की घोषणा करके वैश्विक पटल पर जनजातीय समाज को बड़ा सम्मान दिया है। जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू ने कहा कि केंद्र के भाजपानीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाली सरकार अंग्रेजों हुकुमत के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों को सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

# गुमला जिला में बननेवाले 32 किमी सड़क के विरोध में पदयात्रा आरंभ

## भारत माला परियोजना

- 10 नवंबर को पदयात्रा का डुमरी में होगा समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को भारत माला परियोजना के विरोध में लोहरदगा रोड स्थित बस डीपू से तीन दिवसीय अस्तित्व बचाओं पदयात्रा जिलाध्यक्ष सनिया उरांव तथा चापा उरांव के संयुक्त नेतृत्व आरंभ किया। अभियान के तहत चरिअंबा से कटकायां तक 32 किमी कृषि योग्य जमीन में बनने वाले प्रस्तावित एक्सप्रेस वे का विरोध किया गया।

इस संबंध में सनिया उरांव ने कहा कि महासभा विकास विरोधी नहीं है। लेकिन राज्य में जमीन के मुआवजे की राशि इतनी कम है कि जमीन के बदले मिली राशि से भू स्वामी किसानों की जिंदगी बेहतर नहीं की जा सकती है। आजादी के इस अमृतकाल में गरीबों और किसानों की कुबार्नी लेकर विकास का ढिंढोरा पीटा जाना गलत है। स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत को हम यही बात बताने जा रहे हैं। उनमें जरा भी संवेदना होगी तो हमारी बात सुनने वे अपने गांव जरूर आयेंगे। पदयात्रा का समापन 10 नवंबर को सांसद का पुश्तैनी गांव डुमरी प्रखंड के टांगरडीह में किया जायेगा।




पदयात्रा में शामिल आदिवासी महासभा के लोग।

## स्पीड न्यूज

### कृषक मित्र किसानों से कर रहे हैं अवैध वसूली



जानकारी देते किसान

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड के बरडीहा एवं जिका गांव के कृषक मित्र उपेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा किसानों से पंजीकरण के नाम पर प्रति 100 रु लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, ब्रजेश प्रजापति, बिरेन्द्र प्रजापति, वार्ड सदस्य प्रमिला देवी, एवं कमलबसिया देवी, विश्वनाथ प्रजापति, नंदू यादव राजेन्द्र शर्मा, संतोष रजवार तथा बिक्रमा पाल सहित अन्य कई किसानों ने बताया कि कृषक मित्र द्वारा रजिस्ट्रेशन के नाम पर सभी किसानों से 100 रु लिये जा रहे हैं। यही नहीं समय समय पर कभी बीज के नाम पर, कभी केसीसी ऋण दिलाने के नाम पर, तो कभी पंप के नाम पैसों की उगाही की जाती है। जिन किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का किस्त नहीं आता है उसे लाभ दिलाने के नाम पर भी बड़ी रकम की वसूली की जा रही है। जब इस बारे में कृषक मित्र उपेन्द्र विश्वकर्मा से पूछा गया तो उनके द्वारा स्वीकार किया गया कि वे किसानों से पैसा लेते हैं। उनके द्वारा स्पष्ट किया गया कि अपनी जीवकोपार्जन के लिए किसानों से पैसा ली जाती है। इधर कृषक मित्र की कार्यप्रणाली से तंग आकर किसानों ने बीडीओ एवं संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की जांच करते हुए उक्त कृषक मित्र को हटाकर नए कृषक मित्र की बहाली करने की मांग की है।

**गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान के मामले में**

### हाईकोर्ट में मेंटिबिलिटी पर हुई सुनवाई, 23 नवंबर को अगली सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में मेंटिबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर सुनवाई हुई। इस दौरान प्रार्थी की ओर से बताया गया कि इनके पिता वर्ष 1982-83 में सरकारी सेवा पर रहते हुए सचिव, व्यापार मंडल गिरिडीह के पद पर थे। प्रार्थी की शिक्षा दीक्षा एवं लालन पालन गिरिडीह में ही हुआ है। इस दौरान गिरिडीह के सक्षम प्राधिकार द्वारा इनका जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया था। इन्होंने मुखिया का चुनाव सहित कुछ अन्य जनप्रतिनिधि का इलेक्शन लड़ा था, लेकिन उनके जाति प्रमाण पत्र पर सवाल नहीं उठाया गया था। मेयर का चुनाव लड़ने के बाद इनके जाति प्रमाण पत्र सवाल उठाया गया। एकीकृत बिहार के समय से गिरिडीह में ही थे। इसलिए अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर उनके द्वारा मेयर का चुनाव लड़ने का आरोप गलत है। उन्हें मेयर पद के अयोग्य घोषित किया जाना गलत निर्णय था। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने बहस की। दरअसल, एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। बता दें कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाए जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के अयोग्य घोषित किया गया था।

### करियर काउन्सलिंग सेमिनार का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के सभागार में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा सशस्त्र बलों में कैरियर के अवसरों के बारे में युवा मन को प्रेरित और प्रबुद्ध करने के लिए एक कैरियर काउन्सलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर सैनिक स्कूल तिलैया के प्रिंसिपल कर्नल एस मोहनराव आर शामिल हुए। वहीं भारतीय सशस्त्र बलों में जीवन और अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के मायम से साझा किया। कार्यक्रम की शुरुवात विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने मुख्य वक्ता कर्नल एस मोहनराव आर का स्वागत संयुक्त रूप से पौधा देकर किया। वहीं मुख्य वक्ता कर्नल एस मोहनराव ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा की 'सशस्त्र बल: जीवन जीने का एक तरीका' शीर्षक वाले सत्र का उद्देश्य छात्रों को भारतीय सेना में उपलब्ध कैरियर की संभावनाओं की गहरी समझ प्रदान करना है, साथ ही उनसे जुड़ी अनूठी जीवनशैली और मूल्यों पर भी प्रकाश डालना है। वहीं कर्नल एस.मोहनराव आर ने अपने व्यापक अनुभव और ज्ञान को छात्रों के सामने प्रस्तुत करते हुए उन्हें देश सेवा में जाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा कर्नल मोहनराव ने उपस्थित छात्रों से प्रश्न किये और जवाब देने पर छात्र दिव्यांशु कुमार, अविनाश कुमार, श्रवण कुमार, भूमि दक्ष और वैभवी को कर्नल मोहनराव के द्वारा सत्र के अंत में पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, अनुराग सिंह, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, अमित दास, शिक्षक कुमार राजीव, संजीव कुमार जयसवाल, नागेंद्र कुमार, रणविजय सिंह, संतोष कुमार, कुंदन कुमार, अनुपमा पाठक, शीतल केशरी, पूर्णिमा मोदी, अभिजीत आनंद, मनोज कुमार, राजेंद्र पंडित, राजीव रंजन, विक्रम कुमार, कुशल कुमार सौरव दास, सुधांशु कुमार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता कर्नल एस मोहनराव को विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं उप-प्राचार्या अंजना कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रतिक चिह्न एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया।

तीन दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों का हत्यारा, दुर्दांत मामलों में नवीन उर्फ सरबजीत की तीन राज्यों की पुलिस को थी तलाश

# पन्द्रह लाख का ईनामी नवीन उर्फ सरबजीत यादव का आत्मसमर्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** 15 लाख का इनामी व झारखंड-छत्तीसगढ़-बिहार सीमा पर सक्रिय दुर्दांत नक्सली नवीन यादव ने चतरा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की नई दिशा से प्रभावित होकर नवीन यादव उर्फ सरबजीत उर्फ विजय यादव ने सरेंडर किया है।

चतरा पुलिस लाइन में उपायुक्त अबू इमरान, एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार के समक्ष ईनामी नक्सली ने सरेंडर किया। बताते चलें कि गिरफ्तार सबजोनल कमांडर पर तीन दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मी के हत्या का आरोप है। नवीन के सरेंडर करने से भाकपा माओवादी नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है। नवीन उर्फ सरबजीत झारखंड-छत्तीसगढ़ व बिहार के विभिन्न जिलो में सक्रिय था।

**पुलिस को मिली अप्रत्याशित सफलता, अन्य नक्सलियों से भी सरेंडर की अपील :** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि झारखंड के गढ़वा, पलामू, चतरा व लातेहार के बूढ़ा पहाड़ समेत, बिहार के गया, औरंगाबाद व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर इलाकों में दुर्दांत नक्सली नवीन सक्रिय था। इसके विरुद्ध दर्जनों पुलिसकर्मियों की हत्या, हथियार लूट, आगजनी, लूट,रंगदारी, लेवी व अवैध हथियार रखने समेत 6 दर्जन से अधिक दुर्दांत नक्सल मामले दर्ज है। इन सभी मामलों में तीनों राज्यों की पुलिस नवीन की तलाश कर रही थी। नवीन यादव चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बसबुटा गांव का रहने वाला है।

**ओपन जेल में होगा शिफ्ट :** एसपी राकेश रंजन ने बताया कि झारखंड सरकार की आत्म समर्पण नीति नई दिशा के तहत माओवादी संगठन का टॉप 10 कमांडरों मे शामिल 15 लाख के ईनामी रीजनल कमांडर नवीन उर्फ सरबजीत यादव उर्फ विजय यादव को आत्मसमर्पण नीति के तहत ओपन जेल में शिफ्ट किया जाएगा। इतना ही नहीं उसके परिवार को सरकार के द्वारा मिलने वाले हर लाभ से लाभान्वित करने की दिशा में भी छात्र पुलिस हर संभव सकारात्मक सहयोग करेगी। ताकि उसे पर आश्रित उसके बच्चों को मुफ्त अच्छी तालीम मिलने के साथ-साथ आवास व अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके। इतना ही नहीं नक्सली पर राज्य सरकार द्वारा घोषित 15 लाख का इनामी राशि भी उसके परिवार को जल्द ही चतरा पुलिस द्वारा सौंपा जाएगा।

**आश्रितों को मिलेगा सरकारी योजना का लाभ :** नक्सली के सरेंडर कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त अबू इमरान, एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार ने मुख्य धारा से भटके अन्य नक्सलियों से भी सरकार की आत्म समर्पण नीति का लाभ उठाकर मुख्य धारा में शामिल होने की अपील की। एसपी और कमांडेंट ने कहा कि जो नक्सली मुख्य धारा से भटक कर सरकार की योजनाओं को प्रभावित कर रहे हैं। उनसे सख्ती से निपटने को लेकर पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान पूरी तरह तैयार हैं।

वहीं डीसी ने कहा कि आत्मसमर्पण करने के बाद जिला प्रशासन नक्सलियों के आश्रितों को हर संभव सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें मदद करने को तैयार है। ताकि जेल में रहने के बाद उनके परिवार भी आम लोगों की तरह ही जिंदगी जी सके। एसपी राकेश रंजन ने चेताते हुए कहा कि जो नक्सली सरेंडर नहीं करेंगे वह पुलिस की गोली खाने को तैयार रहे।

**उद्देश्य से भटके माओवादी, नहीं बचा कुछ :** सरेंडर करने के बाद रीजनल कमांडर नवीन ने कहा कि अब माओवादी अपने उद्देश्य से पूरी तरह भटक चुके हैं। वह कम उम्र में जमीन के विवाद से तंग आकर संगठन में शामिल हो गया था। लेकिन अब संगठन में कुछ नहीं रह गया है। सभी नक्सली अपनी जान की सुरक्षा के लिए भागे फिर रहे हैं। ऐसे में नक्सलियों के समक्ष अब एक ही रास्ता है कि वह सरेंडर करके सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठा ले। सरेंडर नहीं करेंगे तो आज नहीं तो कल वे मारे ही जाएंगे।

### पेंशनर समाज की बैठक में लिए गए कई प्रस्ताव

**कोडरमा।** झारखंड राज्य पेंशन समाज जिला शाखा की मासिक बैठक बुधवार को नारायण मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें कई प्रस्ताव लिए गए। बैठक में कहा गया कि जो भी पेंशनभोगी पारिवारिक पेंशन भोगी जिस किसी बैंक शाखा से पेंशन प्राप्त करते हैं वह निश्चित रूप से नवंबर 2023 में ही अपना जीवन प्रमाण पत्र अपने बैंक शाखा में जमा कर दें ताकि उनका पेंशन प्रभावित नहीं हो। वहीं 10 नवंबर को जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में समस्या ग्रस्त पेंशनर की समस्याओं पर सुनवाई करने की जानकारी दी गई, जिसमें समस्याओं का समाधान होगा।

## अपहरण मामले का पुलिस ने किया खुलासा

### घटना में प्रयुक्त कार समेत चार गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र से कांटी निवासी रामविलास महतो और उसके नाबालिग नाती नीतीश कुमार के अपहरण मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए न केवल अपहत लोगों की सकुशल बरामदगी करवाने में सफल रहे, बल्कि घटना को अंजाम देने के 4 आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार आरोपियों में जयनगर तिलैया डैम ओपी निवासी चंदन कुमार पिता भिखारी महतो, पोदमी देवी पति भिखारी महतो, करिश्मा देवी पति जयकुमार और मीना देवी पति स्व ानी महतो के नाम शामिल हैं। उक्त जानकारी एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान दिया। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कांटी निवासी मितलाल महतो ने अपने पिता रामविलास महतो और भांजा नीतीश कुमार का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए बीते 7 नवम्बर को तिलैया डैम ओपी में मामला दर्ज करवाया था। कांड की गम्भीरता को देखते हुए त्वरित गति से मामले के उद्‌भेदन के लिए पुलिस की तीन अलग अलग टीम गठित किया गया था, गठित पुलिस टीम के द्वारा अनुसंाान के क्रम में पता चला कि अपहत लोगों को बरही के जंगल में रखा गया है, जिसके बाद पुलिस की टीम ने जंगल मे कांबिंग ऑपरेशन चलाया और बरही के बरसोत जंगल से दोनों अपहत को सकुशल बरामद किया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक किया जाएगा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राज्य समेत जिले में भी संचालित होनेवाली आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण का कार्यक्रम 15 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक संचालित की जायेगी। इसे लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिला स्तरीय पदाकािरयों के साथ बैठक की। वहीं उन्होंने कहा अर्हता प्राप्त सभी व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के लाभ से अच्छादित किया जायेगा, कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर और वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अकि से अकि लाभ आमजनों को दिया जायेगा, अर्हता प्राप्त सभी व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के लाभ से अच्छादित किया जायेगा।

उन्होने कहा कि इस दौरान सभी पंचायतों में आवश्यक रूप से एक शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त ने विभागीय अकिारियों से अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र राजस्व से जुड़े मामले जैसे मयूटेशन, भूमापी, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकार्ड में सुाार करने से संबंाित मामले, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा (सीएफआर) और व्यक्तिगत वन पट्टा (आईएफआर) के लिए संबंाित एफआरसी के आवेदन, आम जनों से सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के लिए आवेदन लिए जायेंगे।

### जिप सदस्य रंजनी शर्मा को धमकी दिये जाने की राष्ट्रीय नाई महासभा ने की निंदा

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा को भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही के इशारे पर धमकी दिये जाने के मामले की राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा ने कड़ी निंदा की है। साथ ही नाई समाज भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही का बहिष्कार करेगा। राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा जिला इकाई की आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में महासभा के पदाकािरियों ने कहा है कि श्रीमती शर्मा समाजिक कार्य के लिए समर्पित महिला हैं। नारी शक्ति, किसान, मजदूर, वनवासियों, बेरोजगार युवाओं की आवाज एवं कोरोना योद्धा के रूप सम्मानित स्वास्थ्य कर्मी महिला हैं। उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचाधारा से प्रभावित होकर स्वास्थ्य कर्मी की सरकारी नौकरी से त्याग पत्र देकर स्वतंत्रतापूर्वक समाजसेवा का कार्य चुना है। वे अपने नेतृत्व में सरकार की सभी विभागों की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने, अपने क्षेत्र में बेहतर जनसुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही हैं।

## 15 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक जिले के विभिन्न पंचायतों में लगेगा शिविर समस्याओं का होगा ऑन-द-स्पॉट समाधान

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। बैठक में डीसी ने कहा कि सरकार ने राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन 15 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसके आलोक में जिले के सभी पंचायत स्तर पर 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक-कल्याकारी योजनाओं का अधिकारिक लाभ आमजनों को उपलब्ध कराया जाएगा। डीसी ने कहा कि व्यक्तिगत योजनाओं को सैचुरेशन मोड में लागू किया जाए, अर्थात् कोई भी अहर्त्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। डीसी ने सभी बीडीओ एवं सीओ को शिविरों का शेड्यूल तथा कार्य योजना तैयार कर साझा करने का निर्देश दिया। इन शिविरों के स्थल, तिथि तथा समय की जानकारी जन प्रतिनिधिगण एवं प्रभारी मंत्री महोदय को भी देने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत के प्रत्येक गांव, टोला में शिविर तिथि तथा स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया, जिससे शिविर में अधिक से अधिक लोग भाग ले सके। डीसी ने शिविर में आवेदनों की प्राप्ति, आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने, शिविरों में आमजनों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से सम्बधित आवेदन प्राप्त करने एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने, आवेदनों की प्राप्ति तथा ऑन-द-स्पॉट लाभों के वितरण की जानकारी पोर्टल में अपडेट अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। शिविर में मुख्य प्रक्षेत्र के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने शिविर में सर्वजन पेंशन, सावित्री बधाई फूले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुान योजना, श्रम विभाग अन्तर्गत श्रमाधन पोर्टल पर प्रवासी श्रमिक पंजीकरण का लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही ऑन-द-स्पॉट परिसम्पतियों, सरकारी लाभों का वितरण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी राजेश कुमार राय, एसी पंकज कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, सीएस डॉ. अवधेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी बीडीओ, सीओ आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण के संचालन को लेकर डीसी ने की बैठक





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राज्य समेत जिले में भी संचालित होनेवाली आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण का कार्यक्रम दिनांक-15 नवम्बर से 29 दिसम्बर 2023 तक संचालित की जायेगी।

इसे लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर और वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजनों को दिया जायेगा। साथ ही उन्होने कहा कि अर्हता प्राप्त सभी व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के लाभ से अच्छादित किया जायेगा। उन्होने कहा कि इस दौरान सभी पंचायतों में आवश्यक रूप से एक शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही साथ विभिन्न जगहों पर भी विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिविरों में लाभ देने के साथ-साथ सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जायेगी।

### अफीम की खेती करने के लिए प्रयुक्त जेसीबी के साथ बिशनु साव को किया गया गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के खनगड्डा में अफीम की खेती रंल्ल के लिए जेसीबी के सहारे गड्ढा करते हुए बिसुन साव को गिरफ्तार कर एनडीपीएस तथा वन अधिनियम के धारा 33 के कांड संख्या 63/2023 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। साथ हीं जेसीबी को बरामद कर थाना परिसर में रख मामला दर्ज की गई है। मामले को जानकारी एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया है। वार्ता के दौरान श्री प्रियदर्शी ने बताया कि नशा मुक्त चतरा बनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेर्शानुसार गांव गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ हीं अफीम से होने वाला नुकशान से लेकर कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दिया जा रहा है। साथ हीं एनडीपीएस 47 के तहत नोटिश देते हुए लोगों से अपील की जा रही हकी की अफीम की खेती ना करें वर्ना जेल के सलाखों में रहना होगा। आगे श्री प्रियदर्शी ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि अफीम की खेती बहुत जानलेवा है इससे बचे वर्ना जेल के हवालात में होंगे। वहीं थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने ग्रामीणों को चेताया कि अफीम की खेती करने वाले होशियार हो जाय वर्ना हम किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे।

### डीसी ने सदर अस्पताल चतरा का किया औचक निरक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर अस्पताल चतरा में डायलेसिस मशीन तकरीबन एक माह से खराब है जिसके कारण डायलेसिस कराने वाले मरीजों को काफी कठिनाई का समाना करना पर रहा है। इसे लेकर बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेने सदर अस्पताल चतरा पहुंचे।उक्त मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद को उन्होंने डायलेसिस मशीन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सदर अस्पताल चतरा में मरीजों के लिए उपलब्ध दवा, अल्ट्रासाउंड, फिजिओथेरेपी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ओ पी डी , दवा वितरण केंद्र, एवं महिला वार्ड एवं पुरुष वार्ड, साफ सफाई, चिकित्सकों व कर्मियों की उपस्थिति समेत अन्य का जायजा लिया। उक्त मौका पर सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल, डॉ अरविंद केसरी, डॉ एनके पांडे अस्पताल प्रबंधक कुश कुमार एवं नीरज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### बिरहोर परिवारों के बीच किया गया राशन का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के हंटरगंज के अति सुदरवर्ती गांव जोलडीहा और कुरखेता गांव में बिरहोर परिवारों के बीच सरकारी अनाज का वितरण किया गया। इस दौरान 40 बिरहोर परिवारों के बीच अनाज का वितरण किया गया। अनाज का वितरण प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार के द्वारा किया गया। अर्जुन कुमार ने इस दौरान छूटे हुए सदस्यों का राशन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उनसे आधार कार्ड लिया और सभी छूटे हुए सदस्यों का नया राशन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू किया। इस दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार ने बिरहोर परिवारों से उनके समस्याओं को जाना और संबंधित पदाधिकारी को इन समस्याओं से अवगत करा कर उनके समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर काफी संख्या में बिरहोर परिवार और गांव के अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# एलआरडीसी का पेशकार 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुआ गिरफ्तार

- केस के डिग्री का नकल देने के लिए वादी से रिश्वत का किया था मांग
- मनिका प्रखंड निवासी के आवेदन पर एसीबी का त्वरित कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार पेशकार।

**लातेहार।** जिला में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमंडलीय कार्यालय पलामू के द्वारा दिन बुधवार को एलआरडीसी के पेशकार को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के द्वारा बताया गया कि मनिका प्रखंड के निवासी शंकर पासवान पिता स्वर्गीय नारायण पासवान के द्वारा पेशकार के द्वारा रिश्वत मांगने के विरोध में आवेदन दिया गया था। शंकर पासवान ने बताया था कि नेमी पासवान पिता स्वर्गीय हलरबोरी मांझी के द्वारा एलआरडीसी के कोर्ट में जमीन से संबंधित मामला किया गया था। जिसका केस नंबर 15/2223 है और केस में उसे डिग्री भी मिल चुका है। जब वादी एलआरडीसी के पेशकार विपिन किशोर एक्का के पास केस का नकल निकालने के लिए गया तो पेशकार के द्वारा वादी से 8 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई, वादी के बहुत विनती करने पर पेशकार ने 5 हजार रुपए की मांग की और बोला कि तभी आपको नकल मिलेगा नहीं तो नकल फाड़ कर फेंक देंगे। वादी घुस नहीं देना चाहता था वादी के दिए गए आवेदन के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू में प्रतिनियुक्ति पुलिस निरीक्षक के द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी के द्वारा रिश्वत मांगने की बात को सत्य पाया गया। जिसके बाद मनिका प्रखंड निवासी शंकर पासवान के दिए गए आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू थाना कांड संख्या 09/धारा-7 (ए) पी.सी.(अमेंडमीट)एक्ट-2018 पंजीकृत किया गया। एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के धावादल के द्वारा दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में बुधवार को प्राथमिकी अभियुक्त विपिन किशोर एक्का को वादी शंकर पासवान से 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जिला स्तरीय दो दिवसीय जलछाजन कार्यशाला का किया गया शुभारंभ

**लातेहार।** झारखंड जलछाजन परियोजना व प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलछाजन विकास अव्यय 2.0 के तहत 8 नवंबर को को टॉउन हॉल, लातेहार में दो दिवसीय जिला स्तरीय जलछाजन कार्यशाला का शुभारंभ वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले में इस वर्ष अपेक्षाकृत वर्षा नहीं हुई है इसलिए यहां जलछाजन के स्कीम की महत्ता बढ़ जाती है। जिले में जल संरक्षण को लेकर हर स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। जल के एक-एक बूंद का संरक्षण और उसके महत्व को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी ने भी कई अहम जानकारी दी। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

### वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरूआत



मौके पर उपस्थित लोग।

बरवाडीह। बुधवार से प्रखंड मुख्यालय के सभागार में झारखंड राज्य पंचायती राज्य विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के केचकी, मंगरा और बरवाडीह के वार्ड सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार और मुखिया कालो देवी के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जहां मास्टर ट्रेनर के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वार्ड सदस्य को पंचायती राज व्यवस्था के तहत उनके हक अधिकार और दायित्व की जानकारी दी गई। साथ ही साथ योजनाओं के चयन में उनकी भागीदारी को भी बताने का काम किया गया। तीन दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के चयनित तीन-तीन पंचायत के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण देने का काम किया जा रहा है। वही प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन चयनित पंचायत के कई वार्ड सदस्य नदारत भी रहे। मौके पर वार्ड सदस्य अशोक कुमार, बलराम सिंह, सरिता देवी, सुषमा देवी, रेखा पाठक, जय शंकर कुमार सिंह मनोज मांझी समेत अन्य मौजूद थे।

बाईक के धक्के से छात्र गंभीर रूप घायल

बरवाडीह। बुधवार की सुबह प्रखंड मुख्यालय के मैन रोड में संचालित चाणक्य कोचिंग सेंटर का छात्र मोटरसाइकिल के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। जहाँ छात्र की पहचान बभंडीह ग्राम निवासी विनोद सिंह के पुत्र आशीष कुमार सिंह के रूप में हुई। उधर घटना में गंभीर रूप से घायल आशीष कुमार सिंह को स्थानीय बजरंगी प्रसाद के द्वारा गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया गया। जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ.अनुपम एक्का के द्वारा घायल आशीष कुमार सिंह का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सक ने बताया कि घायल छात्र के पांव और सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आशीष कुमार सिंह कक्षा 9 का छात्र है, जो रोज की तरह ट्यूशन पढ़ने चाणक्य कोचिंग सेंटर में आया हुआ था। वहीं कोचिंग से छुट्टी के बाद वापस अपने घर जाने के क्रम में बस स्टैंड की ओर से तीव्र गति से आ रही बाईक के द्वारा उसे धक्का लग गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** लातेहार पथ पर आराहरा ग्राम के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल से गिरकर अनुज कुमार 19 वर्ष पिता हीरा सिंह एवं दीपक कुमार 18 वर्ष पिता तुलसी सिंह दोनों ग्राम बालू थाना बालूमाथ घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अनुज कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक नशे में धुत होकर आरा हरा ग्राम घूमने गया था एवं तेज बाइक चलाने के कारण तीखे मोड में असंतुलित होकर गिर गया।

### चित्रगुप्त पूजा 15 को मनाने का लिया निर्णय

**मेदिनीनगर।** सार्वजनिक श्री चित्रगुप्त पूजा समिति एकता पथ बेलवाटिका मेदनीनगर के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा एवं आराधना बड़े ही धूमधाम से दिनांक 15 नवंबर दिन बुधवार को मनाया जाएगा । इस अवसर पर एक बैठक आयोजित कर यह निर्णय लिया गया की इस वर्ष पूजा के अवसर पर चित्रांश बच्चों के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं तीन मेधावी छात्र एवं छात्राओं को 25-25 हजार रुपए है । एक छात्र एवं छात्राओं को 11000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी । यह छात्रवृत्ति मधेश्वरी सहाय की पुण्य स्मृति और स्वर्गीय रानी जगदीश्वर दयाल की स्मृति में आयोजित है । छात्रवृत्ति के लिए इच्छुक उम्मीदवार मंदिर परिसर से आवेदन पत्र प्राप्त कर 12 नवंबर तक जमा कर सकते हैं । यह छात्रवृत्ति 2023 में माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के बीच वितरित की जाएगी।

## घर में घुसकर नकाबपोशों ने की भीषण डकैती

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते परिजन।

**लातेहार।** मंगलवार की देर शाम नकाबपोशों ने सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत समिति सदस्य के घर में घुसकर जमकर लूटपाट की। विरोध करने पर नकाबपोश लूटेरों ने परिजनों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट भी की। घटना सदर प्रखंड के सोहदाग गांव की है। मंगलवार की शाम तकरीबन साढ़े सात बजे पंचायत समिति सदस्य रेशमा बानो अपने परिजनों के साथ घर में थी। इसी दौरान कुछ नकाबपोश लूटेरे वहां पहुंचे और घर का दरवाजा खटखटाया, एक महिला ने घर का दरवाजा खोला, घर का दरवाजा खुलते ही नकापोश घर में घुस गये और पंसस समेत घर के अन्य लोगों को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो नकाबपोश लूटेरों ने परिजनों के साथ मारपीट की। इसके बाद नकाबपोश डकैत निर्भिक होकर तकरीबन एक डेढ़ घंटे तक वहां लूटपाट की। सात की संख्या में आए थे लूटेरे परिजनों के अनुसार, कम से कम दस लाख रुपए की संपति की लूटेरों ने लूट ली। घटना के समय घर में चार सदस्य मौजूद थे। शेष लोग बाहर गये हुए थे। परिजनों के अनुसार, लूटेरों की संख्या छह-सात थी। सभी हथियारों से लैश थे। घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार को थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के निर्देश पर एसआई गौरव सिंह के नेतृत्व में सदर पुलिस घटना स्थल पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने शीघ्र ही लूटेरों की गिरफ्तारी का भरोसा दिया।

### धूमधाम से लक्ष्मी पूजा मानाने को लेकर कमिटी का हुआ विस्तार

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा स्थित देवी मंडप प्रांगण मे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ लक्ष्मी पूजा मानाने को लेकर सुरेश कुमार यादव के अध्यक्षता मे कमिटी गठन किया गया। बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति व्यवस्था बनाकर हर्षोल्लास व धूमधाम से लक्ष्मी पूजा मानाने का निर्णय लिया गया। जिसमे सर्वसम्मति से चलाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसमिति से अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय, सचिव संतोष यादव, उपसचिव संजीत तुरी, कोषाध्यक्ष अर्जुन यादव, उपकोषाध्यक्ष अनिल यादव, को चयनित किया गया. मौके पर विकास यादव, कंचन यादव, रवि यादव, मनोज यादव, अरुण यादव, कारू यादव,धनु यादव,दीपक तुरी, निकेश यादव अर्जुन यादव, कामेश्वर यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जंगली हांथियो के झुंड ने 20 एकड़ में लगे धान, टमाटर की फसलों को किया नष्ट



जानकारी देते पीड़ित।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत झाबर पंचायत के डेंबु ग्राम में मंगलवार की देर रात लगभग 15 की संख्या में हाथियों के झुंड ने तबाही मचाते हुए धनेश्वर यादव के एक मवेशी (गाय)को कुचल कर मार डाला। वही 15 एकड़ में लगे धान के फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया एवं 5 एकड़ में टमाटर की फसल को चट कर गये। जिन किसानों के फसलों को नुकसान हुआ उसमें केदार यादव, धनेश्वर यादव, डेगन यादव, काली यादव, सुरेंद्र यादव, रेवा लाल यादव के नाम शामिल है। किसानो ने बताया कि उन्हें लाखो रुपए का नुकसान हो गया है। वही घटना की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा अमित कुमार, झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव घटना स्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली। जहां ग्रामीणों ने बताया की रात को हाथियों के आने के बाद वन कर्मी को सूचना दिया गया। लेकिन अभी तक कोई भी वन कर्मी सुध लेने नहीं आया। वहीं वन विभाग के ऐसे रैवये से किसानों में आक्रोश है। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, बूथ अध्यक्ष गजेंद्र हिमांशु, रूपेश यादव, बिनोद यादव, हरिनंदन राम, मुकेश भुइयां, रामप्रसाद यादव, संजय भुइयां, लालधारी यादव, कृष्णा यादव, गणेश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### चौकीदार सादिक अंसारी की मिट्टी में शरीक हुए भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव



मौके पर मौजूद भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव।

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चंदवा में चौकीदार सादिक की हुई निर्मम हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल सदीक अंसारी के जनाजे में शामिल हुए और कब्रिस्तान जाकर मिट्टी दी। उसके बाद प्रतुल ने मृतक सादिक के परिजनों से मुलाकात की एवं ढांढस बंधाया। प्रतुल ने थाने जाकर इस घटना की पड़ताल कर रही एसआईटी के सदस्यों से भी मुलाकात की एवं अविलंब कातिलों की गिरफ्तारी की मांग की।थाने से निकलने के बाद प्रतुल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चौकीदार सदीक अंसारी की हत्या इस क्षेत्र में राष्ट्र विरोधी ताकत/अपराधियों के बुलंद हौसलों को दिखाता है। इस हत्या से जनता में बेहद रोष है। अगर इस घटना का अविलंब उद्वेदन नहीं हुआ तो जनता आर पार के आंदोलन के मूड में है। मौके पर जावेद अख्तर, साजिद खान, दीपक निषाद, महबूब अंसारी, शिवनाथ यादव, कृष्ण कुमार, विक्की वर्मा, छोटू कुमार, प्रदीप कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मनिका के मॉडल विद्यालय के पास भीषण सड़क दुर्घटना में एक की मौत

- ग्रामीणों ने कहा 20 मिनट तक अधमरा हालत में सांसे ले रहा था घायल युवक

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क पर पड़ा युवक का शव।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित मॉडल विद्यालय के पास राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन मंगलवार के संध्या लगभग 6:30 बजे भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जेएच 19 सी 8993 नंबर के अपाचे बाइक पर सवार होकर युवक मनिका से लातेहार की ओर जा रहा था इसी क्रम में सामने से आ रही एक अज्ञात बाइक से सीधी टक्कर हो गई। वही घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि घटना लगभग 6:30 बजे संध्या में घटी है जिसके तुरंत ही स्थानीय थाना को इसकी सूचना दे दी गई थी दुर्घटना होने के बाद 20 मिनट तक बाइक सवार युवक अधमरा अवस्था में सांसे ले रहा था लेकिन सूचना देने के बाद भी मनिका थाना से लगभग 1 घंटे तक कोई भी पुलिसकर्मी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों के सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका से घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंची थी लेकिन ग्रामीणों ने जब घायल युवक को मृत होने का आशंका जाता है तो एंबुलेंस भी बिना पुलिसकर्मी के शव को नहीं उठाया लगभग 7:30 बजे घटनास्थल पर थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह अपने दलबल के साथ पहुंचे और मृतक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका भेजा और बाइक को जब्त कर थाना ले आए। ग्रामीणों को कहना था कि अगर समय पर बाइक सवार युवक का इलाज होता तो शायद इसकी जिंदगी बच सकती थी। ग्रामीणों के जानकारी के अनुसार मृतक का पहचान पिंटू सिंह पिता भोला सिंह घर लातेहार बताया जा रहा है।

### छठ पर्व को लेकर हिन्द भारती स्वयंसेवी संस्थान की बैठक संपन्न

**बालूमाथ।** हिन्द भारती स्वयंसेवी संस्थान की बैठक संस्था के अध्यक्ष रवि सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। वही छठ घाट की साफ सफाई, लाइट एवं साउंड की व्यवस्था हिन्द भारती करेगी। अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि छठव्रतियों को किसी भी तरह का असुविधा न हो इसके लिए संस्था के सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहेंगे। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे बालूमाथ सड़क की साफ सफाई किया जाएगा। ज्ञात हो कि हिन्द भारती स्वयंसेवी संस्थान पिछले 30 वर्षों से लगातार छठ महापर्व पर अपना सहयोग देते आ रही है। इस बैठक पर प्रमोद कुमार गुड्डू, रवि रजक, संजय ओझा, लालदेव भोगता, अखिलेश भोगता, रंजय सिंह, विशेष कुमार, कैलाश यादव समेत कई लोग मौजूद थे। इधर छठ पर्व नजदीक हो जाने के बाद भी छठ घाट में गंदगी का अंबार पड़ा है। जिला प्रशासन द्वारा अभी तक ना तो छठ घाट का निरीक्षण किया गया है ना ही साफ सफाई करने पर कोई रुचि ली है। स्थानीय ग्रामीणों ने बालूमाथ प्रशासन से छठ घाट की सफाई करने की मांग की है।

## दवा दुकानदारों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, अस्पताल भवन निर्माण कराने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



ज्ञापन सौंपते दवा दुकानकार।

**लातेहार।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन जिला कमिटी लातेहार के जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता के नेतृत्व में बालूमाथ के दवा दुकानदारो (केमिस्ट्स) ने बालूमाथ प्रखण्ड विकास पदाधिकरी को ज्ञापन सौंपा एवं शेरेगडा रोड बालूमाथ में पूराने अस्पताल स्थल पर ही बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नए भवन बनाने की मांग रखी है। आपको बता दें की आजादी के बाद से ही लगभग दो एकड़ भूमि के कुछ भाग जमीन पर अस्पताल चल रहा था। बीच के वर्षों में उस भूमि पर लगभग तीन करोड़ रूपए के लागत से भवन निर्माण का कार्य हो रहा था। परंतु कोई कारण कार्य अधूरा ही रह गया है। बालूमाथ के नाक कहे जाने वाले थाना मेन चौक के पास यह जमीन व बचे हुए अस्पताल भवन है जिसमे हजारों मरिजों का इलाज होता है। लगभग आधा से अधिक भाग खाली है जिसमे जंगल झाड़ी हो गया है। जहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। बालूमाथ बस स्टैंड से सटे होने के कारण गरीब किसान मरीजों के ईलाज में आराम होता है। इसलिए हर हाल में पूराने स्थान पर ही अस्पताल का निमार्ण हो। साथ ही साथ लगभग 20 दवा दुकान अस्पताल से नजदीक है। जिनका रोजी रोटी इसी दवा दुकान से चलता है और परिवार के सदस्यों का भरण पोषण होता है। अगर अस्पताल का भवन निर्माण दुसरे स्थान पर होता है तो लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन जिला लातेहार के नेतृत्व में पुरे जिला भर के दवा दुकानदार आंदोलन करने पर मजबूर हो जायेंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में लखन लाल, निरंजन कुमार गुप्ता, रामलाल यादव, डॉ. गौस, मो. तौफीक, सतीश कुमार, आशीष कुमार, अशोक प्रसाद, पवन कुमार यादव, अमन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में औषधि उद्यान का किया गया साफ-सफाई



सफाई करते छात्रायें।

**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में औषधि उद्यान की साफ सफाई की गई। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने औषधीय पेड़ और पौधों की विशेषताओं से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कई आयुर्वेदिक दवाइयां औषधीय पेड़ पौधों से प्राप्त होता है। उन्होंने उन पेड़ पौधों को संरक्षित करने की बात कही। कार्यक्रम में इन पेड़ पौधों को संरक्षित करने के तरीकों से अवगत कराया गया। नवल किशोर प्रसाद ने पौधा रोपण करने की अपील की और कहा कि हमारे जीवन में पेड़ पौधों का काफी महत्व है। हमें जंगल बचाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कई स्वयंसेवक मौजूद थे।

### चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड मामले में आया नया मोड़, जेएसजेएमएम संगठन ने ली हत्या की जिम्मेवारी



चौकीदार सदीक अंसारी (फाइल फोटो)।

**चंदवा।** चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी के दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। हत्याकांड मामले में झारखंड संघर्ष जन मुक्ति मोर्चा (जेएसजेएमएम) संगठन ने संगठन के लेटर पेड पर हस्तलिखित पर्चा जारी कर हत्याकांड की जिम्मेवारी ली है। संगठन के राहुल सिंह के नाम से जारी किए गए विज्ञप्ति में 5,00,000/- की लेनदेन में विवाद के कारण घटना को अंजाम दिए जाने की बात लिखी गयी है। पैसा नही दिए जाने की वजह से हत्या किए जाने की भी बात उल्लेखित है। इसकी पुष्टि प्रशासनिक स्तर पर भी की गई है। संगठन द्वारा जारी किया गया पर्चा पुलिस के हाथ लगा है। मामले में प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे आयोजित**

**लातेहार।** आगामी 15 नवंबर राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य स्थापना दिवस को भव्य बनाने के लिए विविध कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्थापन दिवस का आयोजन धूम-धाम से किया जाएगा। इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। इस दौरान बैठक में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति तैयार की गई।

राज्य स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी प्रातः 6:30 बजे निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राएं भाग लेंगे। कारगिल पार्क में प्रातः 8:00 बजे मल्यार्पण किया जायेगा तथा प्रातः 8:30 बजे से सद्भावना मार्च कारगिल पार्क से समाहरणालय तक आयोजित की जाएगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों के बीच पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिलास्तर पर विकास मेला का आयोजन किया जाएगा। विकास मेला में सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी आमजनों को देने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। साथ ही लाभुको को परिसम्पति वितरित की जाएगी। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर राज्य स्थापना दिवस की समुचित तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे, महुआडांड़, जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ एवं जिला के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में निःशुल्क होगा कलश वितरण



**मेदिनीनगर।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा में निशुल्क कलश का वितरण किशोरियों व महिला श्रद्धालुओं के बीच किया जाएगा। उक्त जानकारी समिति की महिला विंग की प्रभारी मीना गुप्ता ने कही। बताया कि कलश के लिए ना तो सहयोग राशि, ना कोई कागजात और ना ही किसी तरह का रजिस्ट्रेशन होगा। जल यात्रा के दिन ज्यादा संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भागीदारी को मद्देनजर 18 नवंबर से ही यज्ञ स्थल परिसर से कलश का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। यज्ञ स्थल पर कलश प्राप्त नहीं कर सकने वाली महिलाओं को 21 नवंबर जल यात्रा के दिन गिरवर स्कूल के कोयल नदी तट स्थित टाउन हॉल में बगैर किसी सहयोग राशि लिए कलश वितरण किया जाएगा। मीना गुप्ता ने पलामू प्रमंडल की सनातन धर्मावलंबी माताओ-बहनों से लाल व पीले वस्त्रों में कार्यक्रम में शामिल होकर कलश यात्रा की भव्यता प्रदान करने का आह्वान किया है। मौके पर सुजाता सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

# सेक्स ज्ञान वाले बयान पर नीतीश कुमार ने मांगी माफी

## सदन में बोले- शर्मिंदा हूं, वापस लेता हूं बयान

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में दिये 'सेक्स ज्ञान' के बाद अब सफाई पेश की है। सियासी बवाल मचाने के बाद बुधवार को नीतीश कुमार ने इस पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सदन में दिये बयान पर माफी मांगी और कहा है कि वो अपने बयान पर शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। साथ ही, उन्होंने अपना बयान वापस लेने की बात कही है। उन्होंने कहा, मैंने तो बस महिलाओं की शिक्षा की बात की थी। उन्होंने आगे कहा, मेरी कोई बात गलत थी तो मैं माफी मांगता हूं। जो लोग मेरी निंदा कर रहे हैं, उनका भी मैं अभिनंदन करता हूं।

**सदन में हंगामा, इस्तीफे की मांग :** बुधवार को तीसरे दिन विधानसभा के शीतकालीन सत्र शुरू हुआ तो भाजपा ने हंगामा करना शुरू कर दिया। नेता प्रतिपक्ष ने सीएम नीतीश कुमार के बयान का विरोध जताया। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री ने जो कहा और उपमुख्यमंत्री जो सेक्स ज्ञान बांट रहे हैं इसने बिहार को शर्मसार किया है। ये व्यक्ति बिहार की सत्ता में बैठने के योग्य नहीं हैं। उन्हें इस्तीफा देना होगा। उनकी माफी हम स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल मंगलवार को बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधान परिषद में सीएम नीतीश कुमार ने जनसंख्या नियंत्रण पर कुछ ऐसा कह दिया जिसे सदन में सुन महिलाएं स्तब्ध रह गयीं और पुरुष हंसने लगे। उनके 'सेक्स ज्ञान' वाले



बयान ने सियासी पारा चढ़ गया। इसके बाद से विपक्ष नीतीश कुमार को लगातार घेर रहा है।

**महिलाओं की पढ़ाई पर जोर :** बुधवार को सदन में नीतीश कुमार ने सफाई पेश करते हुए कहा, हमने यहां महिलाओं को पढ़ाने की बात कही है और बार-बार यही कहते हैं कि महिलाएं कम पढ़ पायी हैं। उन्हें और पढ़ना होगा। सीएम ने कहा कि हमने अनुभव किया और महिलाओं को पढ़ाने का सिलसिला शुरू किया। कई जगहों पर शिक्षा नहीं थी, उन जगहों पर महिलाओं को शिक्षित करने के लिए कदम बढ़ाये।

**कौन उनके साथ और कौन खिलाफ :** एक तरफ जहां नीतीश कुमार की टिप्पणी की निंदा की जा रही है तो वहीं कुछ नेता उनका बचाव भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिलाओं की शिक्षा और जनसंख्या नियंत्रण पर बोलते-बोलते कुछ ऐसा बोल गए कि अब बवाल मच गया है। इसको लेकर जमकर राजनीति हो रही है। मुख्यमंत्री के इस बयान को लेकर उनके जूनियर और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बचाव में उतर आये। उन्होंने इसे सेक्स एजुकेशन से जोड़ दिया। उन्होंने कहा, इसका अगर कोई गलत मतलब निकालता है तो गलत बात है। अब तो स्कूलों में भी इसकी पढ़ाई होती है। बायोलॉजी में भी इसे पढ़ाया जाता है। उन्होंने तो बर्थ कंट्रोल की बात की है। इसे लोगों को गलत तरीके से नहीं लेना चाहिए। उन्होंने भाजपा एमएलसी निवेदिता सिंह पर हमला करते हुए कहा कि इन महोदया की आंखों में आंसू आने का कारण सेक्स एजुकेशन नहीं बल्कि सामाजिक आर्थिक गणना है। इनकी आखों में आंसू उस दिन क्यों नहीं आए जब मणिपुर में सरेआम बेटियों को निर्वस्त्र करके परेड करायी गयी, उस दिन तो ये गांधारी बनकर दुशासन रूपी बीजेपी शासन का गुणगान कर रही थीं। दरअसल, सीएम नीतीश कुमार जब विधान परिषद में अपना बयान दे रहे थे तो अचानक निवेदिता सिंह सदन से बाहर निकल गयीं। मीडिया ने जब बाहर आने का कारण पूछा तो वह फूट-फूटकर रोने लगीं। रोते-रोते उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार का बयान सुनकर तो मैं शर्मसार हो गयी। मुझसे रहा नहीं गया और सदन से बाहर निकल आयी। भाजपा ने नीतीश की उनकी आलोचना करते हुए इस्तीफे की मांग की है।

भाजपा का कहना है कि नीतीश कुमार के दिमाग में इन दिनों बी ग्रेड फिल्म चल रही है। 'भला कोई इतना गंदा और नंगा हो सकता है क्या। भाजपा नेता आरके सिंह ने कहा नीतीश कुमार ने थर्ड क्लास बयान दिया है। उनको तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। वहीं, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नीतीश कुमार का बिहार विधानसभा में महिलाओं के संबंध में भाषण की भाषा अमर्यादित और अक्षम्य है। नीतीश कुमार को नैतिकता के आधार पर बिना देरी बिना शर्त बिहार सहित देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सीएम नीतीश के बयान की आलोचना करते हुए कहा, 'इस देश की प्रत्येक महिला की ओर से और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में, मैं नीतीश कुमार से तत्काल और स्पष्ट माफी की मांग करती हूं।

## स्पीड न्यूज

### सात लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी

**चक्रधरपुर।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर विद्युत आपूर्ति शाखा चक्रधरपुर ने शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली चोरी के रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान सात लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाया गया। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ चक्रधरपुर थाना में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। इसके अलावा दोषियों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है उनमें पंप रोड पांडेय ब्लाक निवासी प्रभात कुमार झा पिता स्व. रामजीवन झा जुमार्ना 31530 रुपए, पंप रोड के बीआर रन्ना कालोनी निवासी श्यामल साहू पिता एसी साहू जुमार्ना 10125 रुपए, पुरनेंदु नंदा पिता स्व. विमल नंदा जुमार्ना 10125 रुपए, डाक बंगला के पीछे संथाल बस्ती निवासी विश्वनाथ तांती पिता स्व. सुभाष तांती जुमार्ना 21250 रुपए, असलम चौक निवासी मोहम्मद तारिक पिता मोहम्मद अनवर जुमार्ना 10125 रुपए, मोहम्मद शादाब पिता स्व. गुलाम मोहम्मद रब्बानी जुमार्ना 10125 रुपए, कंचन लाज निवासी उमरचंद जयसवाल जुमार्ना 38191 रुपए शामिल है। छापेमारी अभियान में सहायक विद्युत अभियंता भामा पद टुडू, कनीय अभियंता अजय हंस, तकनीकी सहायक बादल प्रकाश, चम्बरा बोदरा, शालोम जार्ज टोप्पो, मोहम्मद कलीम आदि शामिल रहे।

### बीडीओ के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप, बीपीओ को फटकार

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर की बीडीओ सह सोनुवा की प्रभारी बीडीओ सह सीओ सीमा कुमारी ने बुधवार की सुबह क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ के निरीक्षण से सोनुवा प्रखंड के अधिकारी से लेकर कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। बीडीओ सीमा कुमारी ने बुधवार सुबह ही सोनुवा प्रखंड के बेड़ासाई, देवांवीर, तैरा गांव में स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने भालुरुंगी पंचायत के शशिकला व अन्य गांवों में मनरेगा से संचालित बिरसा सिंचाई कूप योजना का निरीक्षण के साथ दीदी-बाड़ी योजना व आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य स्थल पर योजना का बोर्ड नहीं होने, मेडिकल कीट उपलब्ध नहीं होने, मजदूरों के छावनी की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए बीपीओ सीताराम प्रधान को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की निर्देश दिये। इस दौरान बीडीओ ने आगे इसी तरह की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने देवांवीर गांव में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्राथमिक विद्यालय बेड़ासाई में प्रार्थना देर से होने पर शिक्षक को फटकार लगायी। बीडीओ ने निरीक्षण के बाद प्रखंड कार्यालय पहुंच कर कर्मचारी व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### सिद्धू कान्हो युवा क्लब का चुनाव संपन्न

**गोड्डा।** जिले के ठाकुर गंगटी प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी आनंद रंजन झा ने उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के युवाओं के बीच प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा क्लब का चुनाव कराया।बैठक में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत के युवा सदस्यों ने सर्व सम्मति से चांदा पंचायत के सुजानकित्ता ग्राम निवासी त्रिभुवन यादव को प्रखंड अध्यक्ष मोरडीहा पंचायत के बिहार ग्राम निवासी दीपक कुमार पासवान को उपाध्यक्ष, खरखोदिया पंचायत के श्रीजल सोरेन को सचिव और सुनील यादव, दिलीप मरांडी,विनोद यादव,जफर अंसारी आदि को प्रखंड कार्यकारिणी समिति में रखा गया है।चयनित प्रखंड स्त्रीय समिति के सदस्य झारखंड सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के निदेर्शानुसार सभी कार्यों का निर्वहन करेंगे।साथ ही साथ सिद्धू कान्हू युवा क्लब के माध्यम से सामाजिक के साथ युवाओं और अन्य के सहयोग के लिए विभिन्न प्रकार का काम करेंगे। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के कई युवा शामिल थे।

## जमीन की उपलब्धता और उसके उपयोग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निरीक्षण किया

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाअधिकारी आलोक वरण केसरी ने अधीनस्थ कर्मियों के साथ प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत मोपहाड़ी स्थित जमीन और रूंजी पंचायत अंतर्गत बस्ता पहाड़ी स्थित जमीन को देखकर जांच किया। जांच के समय नक्शा के साथ प्रभारी अंचल निरीक्षक महेश कुमार, अमीन तकि अनवर आदि कर्मी भी शामिल थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने बारीकी से नक्शा और जमीन दोनों को देखा। अंचल निरीक्षक,अमीन आदि से से पूछ ताछ, सलाह परामर्श भी किया। एक अंदाज के मुताबिक बक्से में माफी को भी देखा और जमीन को देखकर भी यह मुआयना किया गया कि जरूरत के मुताबिक जमीन की उपलब्धता है। साथ ही साथ दोनों जगह में कौन सा उपयुक्त होगा इसका भी अनुमान लगाया जा रहा है।हालांकि दोनों इलाके के ग्रामीण अपने-अपने निकटवर्ती इलाके में डिग्री कॉलेज का निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं। मोपहाड़ी पर जमीन देखते समय मानिकपुर के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष इग्नाशियस मुर्मू भी उपस्थित थे।और बस्ता पहाड़ी पर डिग्री कॉलेज का भवन निर्माण कराने की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय कक्ष में आकर बनियाडीह ग्राम निवासी कर्मी प्रसाद यादव,भोला प्रसाद यादव आदि भी आकर प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक वरन केसरी से मिले और बस्ता पहाड़ी पर डिग्री कॉलेज का भवन निर्माण कराने का मांग किया।

## कांग्रेस पार्टी ने पंचायत स्तर के संगठन सशक्तिकरण समीक्षा के लिए बैठक बुलाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज गोड्डा जिला कांग्रेस कार्यालय में गोड्डा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष श्री नवल किशोर साह जी के अध्यक्षता में गोड्डा प्रखंड के पंचायत स्तर से कांग्रेस कार्यकताओं का संगठन सशक्तिकरण समिक्षा बैठक बुलाई गई । जिसमें मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस विधायक दल के उपनेता सह पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव एवं गोड्डा जिला कांग्रेस प्रभारी अनुकूल मिश्रा के साथ में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव भी उपस्थित रहे। विधायक ने प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर सभी कार्यकताओं को प्रेरित किया और कांग्रेस के केन्द्र से राज्य सरकार के द्वारा सभी योजनाओं का विस्तारित जानकारी एक एक जन तक पहुंचाने को कहा, जिला प्रभारी अनुकूल मिश्रा कहा कि गोड्डा लोक सभा सीट को जिताने के लिये मुझे प्रदेश से दायित्व मिला है मैं हर सम्भव प्रयाश करूंगा।

जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने सभी पंचायत से आये अध्यक्षों एवं कार्यकताओं का स्वागत किया और कहा की आप पंचायत स्तर के कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ की हड्डी होते हैं आप मजबूत होते हैं तो केन्द्र तक मजबूत होता है साथ ही साथ प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर साह को सफल बैठक के लिये धन्यवाद दिया। मौके पर अन्य कई कार्यकर्ता सहित कुछ पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी (गोड्डा) आगामी दीपावली,काली पूजा, लक्ष्मी पूजा,छठ पूजा को ले बुधवार को थाना में शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी आलोक वरन केसरी,थाना प्रभारी रफीक आलम ने बैठक में आए विभिन्न गांव के गणमान्य ग्रामीणों से काली पूजा और छठ पूजा के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। कहा की जिस गांव में गहरे तलाब में छठ पूजा मनाई जाती है वहां चिन्हित करते हुए पानी में बांस से बेरीकेटिंग करा दे।साथ-साथ सुरक्षा के मद्देनजर रस्सी,जाली आदि को भी उपलब्ध रखें।ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर सुरक्षा किया जा सके ।काली पूजा के मेले में भी शांति बना रहे जिस प्रकार से विगत वर्षों काली पूजा के अवसर पर मेला लगती आ रही है उसी प्रकार इस बार भी शांतिपूर्ण व्यवस्था में सभी मिलजुल कर आपस में भाईचारे सौहार्दपूर्ण वातावरण में काली पूजा मनावें। कहा कि सोशल मीडिया ग्रुप पर किसी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें।और अगर किसी ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट आती है तो तुरंत इसकी सूचना दें। यह भी बताया गया कि जिस ग्रुप में आपत्तिजनक और किसी धार्मिक भावना आदि को ठेस पहुंचाने संबंधी पोस्ट करते हुए पाया जाता है तो संबंधित ग्रुप के एडमिन से भी पूछताछ की जाएगी और करवाई भी की जाएगी।

## जमीन विवाद में चली गोली, तीन लोग गंभीर रूप से घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र के हरिनडांगा बाजार स्थित पुराने तेल टंकी के समीप बुधवार को पुराने जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के गोलीबारी में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक एक बीघा जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। इसके बाद विवाद में एक पक्ष के इंद्रनील चटर्जी की ओर से छह राउंड फायरिंग की गई। जिसमें रामकुमार ठाकुर, सुमित ठाकुर व विश्वकर्मकार घायल हो गए। आनन- फानन में तीनों घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल सोनाजोडी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार शहर के तेल टंकी के समीप स्थित एक खाली पड़ी जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार को एक पक्ष की ओर से जमीन की घेराबंदी की जा रही थी। तभी दूसरा पक्ष मौके पर पहुंचकर इसका विरोध करने लगा और इसी बीच एक पक्ष ने बंदूक निकालकर गोली चला दी। गोली लगने से मौके पर तीन युवक घायल हो गए।

उधर सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुँचकर मामले की जानकारी लिया। और जांच में जुट गई । उधर घटना को अंजाम देने के बाद भागरहे इंद्रनील चटर्जी को बंगाल पुलिस ने जंगीपुर से गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने बताया कि इंद्रनील चटर्जी और तुहिन शुक्ला के बीच जमीन विवाद में यह घटना हुई है। घटना में घायल लोगों का इलाज बंगाल में चल है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज उपायुक्त, के निदेर्शानुसार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, पथरगामा व बसंतराय में किया गया गोड्डा जिले के पथरगामा व बसंतराय प्रखंड कार्यालय के प्रखंड सभागार में भी बाल संरक्षण कार्यालय के द्वारा एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पथरगामा एवं बसंत राय में किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि बाल विवाह, बाल श्रम एक अभिशाप है। इसको समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों का चयन करके श्रम



विभाग, प्रखंड कार्यालय, तथा बाल संरक्षण इकाई को सूचित करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे बच्चे जहां नियोजित हैं उसको चिन्हित करने की जरूरत है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीतेश कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा की बच्चे भगवान का रूप होते हैं ,और इनको श्रम कार्य से मुक्त करना पहली प्राथमिकता है ।ऐसे बच्चे और इनके परिवार को चिन्हित करके उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके अलावे उन्होंने बताया कि बच्चों के बचपन की सुरक्षा हम सभी का कर्तव्य है। आज के बच्चे कल के भारत का भविष्य हैं और हमारा राष्ट्र और समाज मजबूत हो इसके लिए बाल श्रम मुक्त समाज का निर्माण करना है। बताया कि सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना बच्चों के लिए है। आप अधिकाधिक बच्चों का चयन करके ऐसे परिवार का चयन करके बाल संरक्षण इकाई और बाल कल्याण समिति को सूचित करे, ताकि बचपन को सुरक्षित किया जा सके। उनके द्वारा बाल विवाह के कारण, दुष्प्रभाव सहित अन्य तथ्यों पर विस्तृत जानकारी उपस्थित सभी बच्चों व अन्य लोगों को दिया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी के लिए सजा का प्रावधान किया गया है। उपस्थित संरक्षण अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया की बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल यौन शोषण एक अभिशाप है। इसे हमारे समाज से एवं भारतवर्ष से मुक्त करना अति आवश्यक है। बच्चों को शिक्षित होना जरूरी है जो कि आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगे। बाल विवाह हमारे देश में सदियों से चलती हुई एक कुप्रथा है। यह कोई जाति विशेष पर निर्भर नहीं करता है यह लगभग सभी जातियों में होते हैं। जिससे बच्चों का बचपन छिन जाता है। इसके साथ ही स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, पालना योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नेहा कुमारी ने पोक्सो कानून के बारे में सभी उपस्थित जनमानस को जानकारी दी। साथ ही गुड टच बेड टच के बारे में ही बच्चों को जानकारी दी। विकास चंद्र ने बताया कि बाल विवाह के तहत भारत सरकार द्वारा 2006 में कानून लागू हुआ था जिसे लेकर सरकार सहित अलग-अलग संस्थाओं द्वारा जागरुक कर इस पर रोक लगाने का प्रयास भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के कर्मवीर जी तथा विनिता ने भी बाल संरक्षण के मुद्दों पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के वार्डेन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीसीपीओ रितेश कुमार, संरक्षण अधिकारी ओम प्रकाश, विकास चंद्र, चाइल्ड हेल्पलाइन के राजेश कुमार, नेहा, सभी प्रखंड कर्मी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका व लगभग 350 छात्राएं एवं अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सीएम के नाम चार सूत्री मांग पत्र सौंपा

**गोड्डा।** मालूम हो कि पूर्व लंबित मांगों को धरना-प्रदर्शन के माध्यम से दिया गया। लंबित मांगों प्रति विभाग का उदासीन रवैया से स्वास्थ्य कर्मचारी काफी इस सरकार से नाराजगी जताई है, माननीय स्वास्थ्य मंत्री एवं विभागीय पदाधिकारी की उपस्थिति तथा संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठककर सहमति बनी थी, परन्तु स्थाई नियुक्ति की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। परन्तु बाध्य होकर पुनः इन मांगों को मुख्यमंत्री को याद दिलाते हैं संघ मांग करती है कि नियुक्ति करने की दिशा में पहल करने की जाय।

### पुनः बहाली की मांग पर पोषण सखी संघ (सीटू) ने किया प्रदर्शन

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर राज्य स्तरीय आह्वान पर बुावार को पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) के बैनर तले जिला समाहरणालय पर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के समीप अम्बेडकर पार्क से जिला मुख्यालय तक एक जुलूस भी निकाला गया। जिसमें झारखंड सरकार होश में आओ, पोषण सखी को फिर से बहाल करना होगा, महिलाओं को नौकरी देना होगा, नौकरी नहीं तो वोट नहीं आदि आक्रोश पूर्ण नारे लगाए जा रहे थे। प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नाम मांग पत्र उपायुक्त कार्यालय में सौंपा गया। प्रदर्शन में जरीना खातुन, पिंकी दास, रेशमी कुमारी, शाहीना प्रवीण, शबाना आजमी, प्रमीला देवी, प्रीति कुमारी, शिल्पी देवी, सरिता कुमारी, बेबी कुमारी, बंटी देवी, ममता भारती, जेबा प्रवीण, उषा देवी, सोनी कुमारी, अनीता देवी, सिमरन देवी, मुनेशा खातुन, राखी सिंह, पार्वती कुमारी, रिंकी देवी, पिंकी कुमारी, ललिता देवी, गुड़िया देवी सहित दर्जनों पोषण सखी शामिल थी।

### हाई मास्ट लाइट का बिजली विभाग ने काटा कनेक्शन

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के इटखोरी मुख्य बाजार और परसौनी चौक में लाखों रुपए की कीमत से लगाई गई मास्ट लाइट का कनेक्शन काट दिया गया है। कनेक्शन नहीं करवाए जाने के कारण विभाग ने स्ट्रीट लाइट्स के बिजली कनेक्शन को काट दिया है। जेई तरूण कुमार ने बताया कि विद्युत कनेक्शन काट दिए गए है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों जगह पर लगाया गया मास्ट लाइट के लिए कनेक्सन नहीं लिया गया है।

### प्रभात फेरी निकाल लोगों को किया गया जागरूक

**सिमरिया।** नालसा नई दिल्ली ,झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के विधिक कार्य कर्ता सुबोध कुमार शर्मा ,उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया।इसके तहत सिमरिया प्रखंड में संचालित गुरु नानक अकैडमी बगरा के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को खासकर महिला बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कानून की जानकारी भी दी गई।

### अमन साव गैंग पर रेलवे साइट में फायरिंग और रंगदारी को लेकर मामला दर्ज

**टंडवा।** रेलवे निर्माण कार्य में दशहत फैलाकर रंगदारी मांगने को लेकर टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मिलेनियम कंपनी के साइट इंजीनियर दिव्य प्रकाश के बयान के आधार पर टंडवा थाना कांड संख्या 255/ 2023 दर्ज किया गया है। पिछले दिनों सोमवार को बाइक सवार अज्ञात अपराधियों के द्वारा रकसी स्थित रेलवे साइट पर कंपनी के सर्वेयर तथा इंजीनियर के ऊपर हमला कर कयी राउंड फायरिंग किया गया था। जिसमें कंपनी के सर्वेयर अमित झा घायल हुए थे। स्थानीय पुलिस के द्वारा घटनास्थल से चार खोखा भी बरामद किया गया है।

## पेज 1 का शेष

### कोई शर्म नहीं है...

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में मंगलवार को जातीय गणना पर बोलते समय शादीशुदा जिंदगियों पर महिलाओं के लेकर शारीरिक संबंध से जुड़ा बयान दिया था। उस दौरान सभा में कई महिला विधायक भी मौजूद थीं। इस दौरान उन्होंने बताया कि महिलाएं जनसंख्या नियंत्रण में कैसे योगदान देती है। **नीतीश ने मांगी माफी :** इधर, बुधवार को पटना में सीएम नीतीश कुमार ने अपने बयान पर खेद प्रकट किया। इसके साथ ही उन्होंने माफी मांगी। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अगर मेरे बयान से दुख पहुंचा है, तो मैं हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। सदन में भी उन्होंने कहा- मैं अपना बयान वापस लेता हूं। मेरी बात से किसी को दुख हुआ है, तो उसके लिए माफी मांगता हूं। सदन के अंदर ही अपने बयान की खुद निंदा की और कहा शर्मिंदा हूं। मैंने हमेशा महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया है। मैं महिलाओं का काफी सम्मान करता हूं।

### एक्शन में सीएम...

उसके एवज में 41,69,880 रुपये का भुगतान किया गया, जो सरकारी प्रावधान का उल्लंघन है। इस प्रकार अर्जुन राम ने सरकारी पर पद का दुरूपयोग, अपराधिक षडयंत्र, घोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है।

### जेलर बोला- मोबाइल उसी का...

इडी जांच में यह बात सामने आयी है कि प्रेम प्रकाश के प्रभाव में रांची जिले से दोनों जेल अधिकारियों को आर्म्स का लाइसेंस भी जारी हुआ था। वहीं जेल के अलग-अलग लोगों को प्रेम प्रकाश ने उनकी जरूरतें पूरी करा, उनका इस्तेमाल भी किया। अब इडी इस मामले में मोबाइल से गायब डेटा को रिकवर करेगी। रिकवर करने के बाद उसका फॉरेंसिक करायेगी।

### एटीएएस ने आइएसआइएस...

**चैट से पकड़ाया गोड्डा का मो आरिज :** मो आरिज हसनैन अपने पिता कैशर हसनैन के साथ टेलीग्राम पर किये गये चैट से पकड़ा गया। गोड्डा थाना क्षेत्र स्थित रहमतनगर निवासी आतंकी संगठन में सक्रिय रह कर सोशल मिडिया व अन्य माध्यमों से लोगों को संगठन से जोड़ता था। वहीं हजारीबाग जिले के पेलावल थाना क्षेत्र के महतो टोला निवासी मो नसीम पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान के भी कई आतंकी संगठनों के सदस्यों के साथ संपर्क में था। आरिज हसनैन सोशल मिडिया व अन्य माध्यमों से संगठन का प्रचार-प्रसार कर रहा है। भोले-भाले लोगों को गुमराह कर संगठन से जोड़ रहा है। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहा है। एटीएस थाना (दैनिकी सं-5) 2 नवंबर को दर्ज करते हुए जांच एवं सत्यापन के लिए एटीएस की एक टीम को गोड्डा गयी थी। आरिज की गतिविधि पर संदेद के बाद उसे रांची लाकर गहन पूछताछ की गयी। उसने आतंकी संगठनों से जुड़े होने की बात बतायी। इसके मोबाईल के टेलीग्राम एप में एक संदिग्ध चैट पाया गया। जिसके बारे में पूछने पर इसके द्वारा बताया गया कि यह एक अन्य आतंकी मो नसीम नाम के एक व्यक्ति का है, वह भी आइएसआइएस से जुड़ा हुआ है। पूछताछ में बताया कि यह सोशल मिडिया के माध्यम से विभिन्न आतंकी संगठनों का प्रतिबंधित वीडियो इत्यादि देखकर अपने साथियों में इसका प्रचार भी करता था। दोनों आतंकियों के खिलाफ आइपीसी ओर यूएपी के तहत प्राथमिकी कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

स्पीड न्यूज

### अभिषेक बनर्जी को इडी ने आज पूछताछ के लिए बुलाया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित स्कूल रोजगार घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी को नौ नवंबर को यहां पेश होने के लिए समन किया है। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने बुधवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता शशि पांजा ने कहा कि बनर्जी गुरुपरी को ईडी के सामने पेश होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी बदले की राजनीति का शिकार हुए हैं।

### आज अयोध्या में होगी योगी कैबिनेट की बैठक

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को अयोध्या में मंत्रिमंडल की बैठक होगी। राम नगरी में कैबिनेट की यह पहली बैठक होगी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव समारोह से पहले यह बैठक करने का फैसला किया था।अयोध्या के जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बुधवार को बताया कि प्रदेश के सभी कैबिनेट मंत्रियों को गुरुवार पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे कैबिनेट की बैठक के लिए अयोध्या में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। यह बैठक अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में होगी।

### ज्ञानवापी मामले में एक दिसंबर को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को ज्ञानवापी मामले में सुनवाई एक दिसंबर तक के लिए टाल दी। इस मामले में वाराणसी की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने ज्ञानवापी मस्जिद के स्थान पर मंदिर बहाल करने की मांग वाले मूल वाद को चुनौती दी है। बुधवार को जब इस मामले में मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर द्वारा सुनवाई शुरू की गई, तो अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से सुनवाई टालने का अनुरोध किया गया जिस पर अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए एक दिसंबर, 2023 की तिथि नियत की।

### बांके बिहारी मामले में फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** मथुरा के वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के लिए गलियारा निर्माण के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने मथुरा के आनंद शर्मा और एक अन्य द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

### पंजाब में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले के एक गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की उनके घर में कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान इकबाल सिंह (55), पत्नी लखविंदर कौर (53) और भाभी सीता कौर (60) के रूप में हुई है। एक अधिकारी के मुताबिक, हत्या के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। परिवार के साथ 20 साल से काम कर रहे घरेलू सहायक ने कहा कि हमलावरों ने उसका अपहरण कर लिया और पिटाई करने के बाद सतलुज नदी में फेंक दिया।

### पाक में आतंकवादी हमला दो पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों ने एक तेल एवं गैस कंपनी पर हमला किया, जिससे दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हमला मंगलवार देर रात दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे इस्माइल खान जिले में स्थित अल्हाज ऑयल एंड गैस कंपनी पर हुआ। आतंकवादियों के साथ भीषण गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी और तीन सैनिकों के मारे जाने के कुछ दिनों बाद हुआ है।

# हमास का टॉप हथियार निर्माता ढेर

## आइडीएफ ने रॉकेट और मिसाइल से दर्जनों सुरंगों को किया ध्वस्त

एजेंसी

**तेल अवीव/यरुशलम।** गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 33वें दिन बुधवार को इजराइल के हवाई हमले में फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास का हथियार और उद्योग विभाग का प्रमुख महसन अबू-जीना मारा गया। इस हमले में महसन अबू-जीना समेत हमास के कई बड़े कमांडर भी ढेर हो गए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रॉकेट और मिसाइल दाग कर हमास की दर्जनों सुरंगों को उड़ा दिया। इस बीच, आईडीएफ ने आज उत्तरी गाजा में नागरिकों के लिए दक्षिण की ओर जाने के लिए सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर एक और निकासी



गलियारा खोला। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह गलियारा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहा। फिलहाल, आईडीएफ का हमास के खिलाफ अभियान जारी है। आईडीएफ के गुप्तचर हमास के आतंकवादियों की लगातार पहचान कर रहे हैं। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमास ने गाजा पट्टी में 240 निर्दोष



नागरिकों को अगवा कर लिया है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह को चेतावनी दी है। नेतन्याहू ने कहा है कि अगर हिजबुल्लाह नया मोर्चा खोलता है तो यह उसके जीवन की सबसे बड़ी गलती होगी। उसका उसे भयावह अंजाम भुगतना होगा। रक्षामंत्री योव गैलेंट ने कहा कि आईडीएफ ने हमास के चारों ओर शिकंजा कस दिया है।

इजराइली सुरक्षाबल 'गाजा शहर के केंद्र' तक पहुंच गए। साथ ही साथ इजराइल की थल सेना ने गाजा शहर को चारों ओर बंद कर दिया। वायु सेना हवाई निगरानी कर रही है। अब हमास का एक भी आतंकवादी गाजा छोड़कर भाग नहीं सकता। इस बीच इजराइल की सेना ने रातभर दक्षिण इजराइल के खान यूनिस में हमास के ठिकानों को निशाना बनाकर तहस-नहस कर दिया।

# मानव तस्करी में एनआइए का बंगाल समेत 10 राज्यों में छापा, 44 गिरफ्तार

## डिजिटल उपकरण, भारतीय और विदेशी मुद्रा भी बरामद

एजेंसी

नयी दिल्ली। मानव तस्करी के मामले में एनआईए ने बुधवार को देश के दस राज्यों में छापेमारी कर 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये छापेमारी त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक , तमिलनाडु , तेलंगाना , हरियाणा, राजस्थान, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा पुडुचेरी में चल रहे मानव तस्करी नेटवर्क के सिलसिले में की गई। बताया गया है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में यह व्यापक अभियान चलाया । इस दौरान दौरान गुवाहाटी, चेन्नई, बेंगलुरु, जयपुर में एनआईए शाखाओं में मानव तस्करी के 4 मामले दर्ज कर दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 55 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर तलाशी ली। इन राज्यों से मानव तस्करी के 4 मामलों में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान



डिजिटल उपकरण, दस्तावेज के साथ भारतीय व विदेशी मुद्रा भी बरामद की गई। बुधवार के आपरेशन के दौरान एनआईए ने कुल 44 गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इनमें त्रिपुरा से 21, कर्नाटक से 10, असम से 5, पश्चिम बंगाल से तीन, तमिलनाडु से दो, पुडुचेरी, तेलंगाना और हरियाणा से एक एक गिरफ्तारी हुई है।

एनआईए ने डिजिटल उपकरण में मोबाइल फोन, सिम कार्ड और पेन ड्राइव के साथ 20 लाख रुपये से अधिक की भारतीय मुद्रा और 4550 यूएस डालर विदेशी मुद्रा भी बरामद की है। इसके अलावा आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित बड़ी संख्या में पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद किए है, जिनके जाली होने का संदेह है। इस मामले में एनआईए की जांच से पता चला कि इस अवैध मानव तस्करी नेटवर्क के विभिन्न मॉड्यूल तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों में फैले हुए थे और वहां से संचालित हो रहे थे। इन जांच निष्कर्षों के के बाद एनआईए ने देश के विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों में स्थित इस व्यापक नेटवर्क के मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के लिए तीन नए मामले दर्ज किए। इस ऑपरेशन का उद्देश्य भारत-बांग्लादेश सीमा के पार अवैध प्रवासियों की घुसपैठ और भारत में बसने में शामिल अवैध मानव तस्करी सहायता नेटवर्क को खत्म करना था।

## पाक में 140 रुपये किलो बिक रहा आटा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में महंगाई की मार से जूझ रही आम जनता को रोटी के लाले पड़ सकते हैं। देश की खस्ताहाल आर्थिक



हालात के बीच मिल मालिकों ने आटे के थोक दाम में प्रतिकिलो 5 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। सरगोधा के मिल मालिकों ने आटे की 20 किलो की बोरी की कीमत में 100 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। जानकारी के मुताबिक आटे के दाम में बढ़ोतरी के बाद 20 किलो की बोरी की कीमत 2800 रुपये हो गई है। आटा मिल मालिक संघ के अध्यक्ष मियां मुहम्मद नसीम हसन और राव साजिद महमूद ने कहा है कि कार्यवाहक सरकार की खराब नीतियों के कारण मिल को अभी तक गेहूं का कोटा उपलब्ध नहीं कराया गया है। यही कारण है कि हमें निजी स्तर पर अधिक कीमत पर गेहूं खरीदना पड़ रहा है। मिल मालिकों ने खाद्यान्न विभाग से गेहूं का कोटा जारी करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार आधिकारिक कोटा जारी नहीं करती है तो गेहूं आपूर्ति के अभाव में आटे की कीमत प्रति बोरी और 50 से 100 रुपये तक बढ़ सकती है। मिल मालिक ऊंची कीमत पर गेहूं खरीदकर सरकारी दर पर आटा नहीं बेच सकते।



### आडवाणी के जन्मदिन पर मोदी, शाह और राजनाथ सिंह ने दी बधाई

**नयी दिल्ली। पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी बुधवार को 96 साल के हो गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , अमित शाह, राजनाथ सिंह और कई वरिष्ठ नेताओं ने आडवाणी को बधाई देते हुए कहा कि वह ईमानदारी और प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं तथा उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने राष्ट्रीय प्रगति और एकता में अहम योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आडवाणी जी को जन्मदिन की बधाई। वह ईमानदारी और प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं जिन्होंने महान योगदान दिया जिससे हमारे देश को मजबूती मिली।**

## अमित शाह ने लांच किया भारत आर्गेनिक ब्रांड

# जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नवगठित नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) के 'भारत ऑर्गेनिक्स' ब्रांड को लॉन्च करते हुये कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई मापदंड निर्धारित किए हैं, जिनमें से एक जैविक खेती है। श्री शाह ने एनसीओएल द्वारा आयोजित सहकारी समितियों के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने से जुड़ी राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभी भारतीयों के लिए संतोष की बात है कि हम कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं। अधिशेष उत्पादन की यात्रा में कुछ गलतियां भी की गई हैं। हमें कमजोरियों की पहचान करनी होगी। उत्पादन बढ़ाने के लिए, उर्वरक और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने हमारे भविष्य के लिए बुरे परिणाम दिए हैं। इसने भूमि की उर्वरता को कम कर दिया, भूमि और पानी को प्रदूषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने कई मापदंड निर्धारित किए हैं, जिनमें से एक जैविक खेती है। जैविक खेती को सफल बनाने के लिए हमें कई कारकों पर काम करना होगा और उन्हें एक साथ लाकर आगे बढ़ना होगा। जैविक खेती को 50 प्रतिशत से ऊपर ले जाने का लक्ष्य बहुआयामी दृष्टिकोण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अनाज के मामले में भारत अभी आत्मनिर्भर है लेकिन अब समय आ गया है कि जैविक उत्पादों को देश दुनिया तक पहुंचाया जाये।

# महादेव एप मामले में 32 पर प्राथमिकी दर्ज

### 15,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने कथित तौर पर करीब 15,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तक समेत 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। माटुंगा पुलिस के अधिकारी के अनुसार, 2019 से अब तक धोखाधड़ी करने के लिए ऐप प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर, एवं मुख्य आरोपी रवि उप्पल और शुभम सोनी तथा अन्य के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी। अधिकारी ने बताया कि 30वीं कुर्ला अदालत के निर्देश पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 120-बी , सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया ।

## राष्ट्रपति ने बदरीनाथ धाम में की पूजा



**गोपेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित बदरीनाथ धाम के दर्शन किए । राष्ट्रपति ने मंदिर में भगवान बदरी विशाल की करीब 25 मिनट तक पूजा अर्चना की और देश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# सिंघम अगेन से करीना कपूर का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी जल्द ही अपनी फेमस कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट सिंघम अगेन लेकर आने वाले हैं। सिंघम अगेन में अजय देवगन की मुख्य भूमिका होगी।फिल्म सिंघम अगेन में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह की कैमियो भूमिका है।इस फिल्म से करीना कपूर का फर्स्ट लुक रोहित शेट्टी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर करीना का





लुक जारी किया है। तस्वीर में करीना कपूर जख्मी हालत में, हाथों में गन थामीं हुई बेहद इंटेंस नजर आई हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा, मिलिए सिंघम की ताकत अवनि बाजीराव सिंघम से। हमने सबसे पहले 2007 में साथ काम किया था। अब तक 3 ब्लॉकबस्टर हो चुकी हैं। गोलमाल रिटर्न्स, गोलमाल 3, सिंघम रिटर्न्स और अब हम चौथे प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं सिंघम अगेन। 16 साल का लंबा एसोसिएशन। कुछ नहीं बदला, बेबो आज भी वही है, सिंपल, स्वीट और हार्डवर्किंग। करीना कपूर ने भी अपना लुक रिवील करते हुए लिखा है, अब समय आ गया है...कॉप कविता #सिंघमअगेन के साथ फिर से फोर्स में शामिल होने का फिल्म सिंघम 3 में अजय देवगन,करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे।

एक नजर में

## नेपाल में भूकंप से 10 हजार मकान जमींदोज, 67 हजार लोग विस्थापित



**काठमांडू।** नेपाल में पिछले शुक्रवार की मध्य रात आए भूकम्प से हुई क्षति का पूर्ण विवरण सरकार की तरफ से सार्वजनिक किया गया है। इसके मुताबिक करीब 10 हजार मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 67 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। 3 नवम्बर की रात को स्थानीय समयानुसार 11:47 बजे 6.4 रेक्टर स्केल पर आए भूकम्प में 10 हजार मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला प्रशासन कार्यालय जाजरकोट के मुताबिक भेरी नगरपालिका क्षेत्र में 2,540 मकान, नलगाड नगरपालिका में 2,315 मकान, छेडागाड नगरपालिका में 1,945 मकान, बारेकोट गांवपालिका में 1,435, कुशे गाउँपालिका में 1,843, जुनिचाँदे गांवपालिका में 634 और शिवालय गांवपालिका में 48 घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। जाजरकोट जिला प्रशासन ने बताया कि भूकम्प से जाजरकोट में ही सिर्फ 67 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। जाजरकोट जिला प्रशासन की तरफ से बताया गया है कि जिले में भूकम्प के कारण करीब 1 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने यह भी बताया कि भूकम्प के कारण करीब 24 हजार मकानों को आंशिक क्षति हुई है। भूकम्प के कारण जाजरकोट में मारे गए 101 लोगों में 53 बच्चे हैं।

## मेलबर्न के एक पब में घुसी एसयूवी कार भारतीय मूल के पांच लोगों की मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में एक पब के बाहरी हिस्से में बनाए गए भोजन करने के स्थान पर एसयूवी कार के घुसने से दो बच्चों सहित भारतीय मूल के दो परिवारों के पांच सदस्यों की मौत हो गई। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार रविवार रात को फुटपाथ पर बीएमडब्ल्यू कार चढ़ गई और उसने रॉयल डेलेसफोर्ड होटल के सामने के लॉन में खाना खा रहे लोगों को टक्कर मार दी जिसमें विवेक भाटिया (38), उनका बेटा विहान (11), प्रतिभा शर्मा (44), उनकी बेटी अवनी (9) और साथी जतिन चुघ (30) की मौत हो गई। शर्मा और उनका परिवार, दूसरे पारिवारिक मित्रों भाटिया और उनके बेटे विहान के साथ छुट्टी मनाने आया था। घटना में भाटिया की 36 वर्षीय पत्नी रुचि और उनका छह वर्षीय बेटे अबीर को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है।









मनुष्य एक जिज्ञासु प्राणी है। वह तमाम चीजों के साथ-साथ अपना भविष्य भी जानना चाहता है। शायद अपनी इसी मनोवृत्ति की तृप्ति के लिए ही उसने ज्योतिषशास्त्र की खोज की होगी। लेकिन, बाजार में ज्योतिष के नाम पर मनगढ़ंत किताबों के साथ ढोंगी-पाखंडी बाबाओं की भरमार हो गई है। मामूली पत्थर को भी ये लोग महंगे नगीने के नाम पर बेच कर लोगों को आसानी से ठग लेते हैं। यही कारण है कि हर गली, मुहल्ला, गांव, शहर, नगर, महानगर में ज्योतिषीय उपाय से समस्या समाधान करने का साइनबोर्ड टंगा हुआ है। आजकल तो टीवी चैनलों और अखबारों में ज्योतिषियों की बाढ़ सी आ गई है। टीवी पर चलने वाले कार्यक्रमों के कंटेंट और प्रेजेंटेशन डर और भय पैदा करने वाले होते हैं।



# शुभ-अशुभ का भ्रमजाल

**कमलेश प्रसाद**

जन्मकुंडली में 9 ग्रह बताए जाते हैं। ये ग्रह हैं सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु एवं केतु। इसमें पृथ्वी का कोई स्थान नहीं है, जबकि वैज्ञानिक तथ्य यह है कि मनुष्य के जीवन पर सबसे ज्यादा प्रभाव पृथ्वी का ही पड़ता है। जब मौसम और जलवायु में बदलाव होता है, तब मनुष्य की जैविक क्रियाओं-प्रतिक्रियाओं में परिवर्तन होने लगता है। इनका प्रभाव इतना होता है कि मनुष्य को मौसम के अनुसार कपड़े पहनने पड़ते हैं। लेकिन ज्योतिषशास्त्र में मौसम और जलवायु का मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसकी कहीं कोई चर्चा नहीं है।



वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया है कि सूर्य तारा है, ग्रह नहीं। लेकिन ज्योतिषशास्त्र में अब भी सूर्य को ग्रह ही माना जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि ज्योतिषशास्त्र में सैकड़ों सालों से नई खोज हुई ही नहीं है। नई खोज होगी कैसे? आज ऐसे हजारों ज्योतिषी हैं जिनको केवल संस्कृत भाषा का ही ज्ञान है।

## शिकार और शिकारी

ज्योतिषियों के शिकार केवल अनपढ़-गंवार या सामान्य लोग ही नहीं हैं, बल्कि पढ़े-लिखे, बुद्धिजीवी, बड़े-बड़े धनासेठ, वैज्ञानिक, इंजीनियर, डाक्टर, आइएएस अफसर, आइपीएस अफसर, वकील, नेता, अभिनेता-अभिनेत्री भी इन ज्योतिषियों की सेवा लेते हैं। फिल्मी दुनिया में तो जितना अंधविश्वास है उतना तो अनपढ़-गंवार लोग भी नहीं मानते हैं। निर्देशक राकेश रोशन अपनी फिल्मों के नाम क अक्षर से रखते हैं, जैसे 'कामचोर', 'खुदगर्ज' 'करण अर्जुन', 'कहो ना प्यार है', 'कारोबार', 'कृष', 'कोयला' इत्यादि। 'कभी सास भी बहू थी' टीवी धारावाहिक की निर्मात्री और अभिनेता जितेंद्र की बेटी एकता कपूर भी अपने धारावाहिकों और फिल्मों का नाम क अक्षर से ही रखती हैं, जैसे 'कभी मैं झूठ नहीं बोलता', 'कृष्णा कॉटेज', 'कसौटी जिंदगी की', 'कहीं किसी रोज' इत्यादि। जबकि एकता कपूर की क अक्षर से टाइटल वाली सभी फिल्में फ्लॉप हो गईं। जबकि उन की द अक्षर की टाइटल वाली फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' सफल हो गई। फिर भी उनका अंधविश्वास ज्यों का त्यों कायम है।

ऋतु चौधरी जब फिल्मों में अभिनेत्री बनने आईं और निर्देशक सुभाष घई से मिलीं तो सुभाष घई ने ऋतु चौधरी को सलाह दी कि उनके लिए म अक्षर लक्की है। उनकी सभी फिल्मों की अभिनेत्रियों के नाम म अक्षर से हैं। इसलिए तुम अपना नाम म से रख लो। तो ऋतु चौधरी महिमा चौधरी बन गईं। और फिल्म बनी 'परदेस।' इतना कर्मकांड करने के बाद भी न फिल्म परदेस चली और न ही अभिनेत्री महिमा चौधरी का कॅरियर आगे बढ़ सका।

## सीमा से परे अंधविश्वास

यह अंधविश्वास केवल हिंदू धर्म में नहीं है। इस्लाम धर्म को मानने वाले भी अंधविश्वासी होते हैं। जब यूसुफ खान फिल्म में अभिनेता बनने आए तो उन्होंने प्रसिद्ध ज्योतिषी पंडित नरेंद्र शर्मा से अपना नामकरण संस्कार दिलीप कुमार के रूप में कराया। शाहरुख खान पन्ना पहनते हैं, तो सलमान खान फिरोजा ब्रेसलेट। केवल फिल्मी हस्तियां ही नहीं, बल्कि कई प्रधानमंत्रियों को अपने तांत्रिक मित्रों के कारण काफी प्रसिद्धि-अप्रसिद्धि भी मिली। इंदिरा गांधी एकमुखी रुद्राक्ष की माला पहनती थीं और कई बाबाओं के यहां आती-जाती रहती थीं। इसके बावजूद उन का जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा। प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बारे में भी ऐसा ही कहा जाता है। प्रधानमंत्री पी वी नरसिंहा राव तांत्रिक चंद्रास्वामी से संबंध होने के बावजूद हवाला घोटाला में फंसे और उनकी काफी फजीहत हुई।

इसरो हमारे देश की सबसे बड़ी विज्ञान की प्रयोगशाला है। लेकिन इसके कई अध्यक्ष भी ऐसे-ऐसे वैज्ञानिक हुए हैं जो कर्मकांड और अंधविश्वास को मानते रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद यानी इसरो के वैज्ञानिक रॉकेट लाँच करने से पहले वेंकिटेश्वर स्वामी के तिरुपति बालाजी मंदिर में पूजार्चना करते हैं। इस पूजा में इसरो के अध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहते हैं। 2014 में आइएएस टॉपर इरा सिंघल ने एक साक्षात्कार में कहा कि वे ज्योतिष से जान गई थीं कि इस बार उन का चयन आइएएस में हो जाएगा। बच्चन परिवार हो या अंबानी परिवार, राजनेता हो या नौकरशाह इन बड़े लोगों ने भी जाने-अनजाने में अंधविश्वास का प्रचार-प्रसार किया। ऐश्वर्या राय की शादी के समय अमिताभ बच्चन ने ग्रह-नक्षत्रों को खुश करने के लिए मंदिरों का खूब दौरा किया था। वहीं, अंबानी बंधुओं में दरार पाटने के लिए मोरारी बापू से सलाह ली गई थी।

### आस्था के मारे ये बेचारे

- राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पन्ना पहनते हैं
- तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को वास्तुशास्त्र में इतना विश्वास है कि वे अपना आधिकारिक कार्यालय वास्तुशास्त्र के अनुसार 2 बार बदलवा चुके हैं।
- धार्मिक पाखंड पर बनी बहुचर्चित फिल्म 'पीके' के अभिनेता आमिर खान अपनी हर फिल्म दिसंबर में रिलीज करने को शुभ मानते हैं।
- कैटरीना कैफ अपनी हर फिल्म की रिलीज से पहले अजमेर शरीफ दरगाह जा कर दुआ मांगती हैं।
- अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अपनी आइपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स की सफलता के लिए मैच के दौरान 2 घड़ियां पहनती हैं।
- परेश रावल अपनी किसी भी फिल्म की शूटिंग के पहले दिन लोकेशन पर नहीं जाते हैं।
- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोती पहनते हैं।
- शिवसेना नेता और 5 बार के सांसद मोहन रावले अपने चुनाव अभियान के दौरान सिर्फ पीली शर्ट ही पहनते हैं।
- महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने अपना नाम बदल कर अशोक राव चव्हाण कर लिया।
- वकील व पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने नॉर्थ ब्लॉक में अपने कार्यालय के बाहर गणेश की बड़ी मूर्ति लगवा ली थी।
- धर्मनिरपेक्ष देश की राजधानी दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का घर गणेश की मूर्तियों से भरा हुआ था। फिर भी वे चुनाव हार गईं।

### ज्योतिषियों की फीस डॉक्टरों से ज्यादा

**सामान्यतया** ये ज्योतिषी एक डाक्टर से ज्यादा फीस लेते हैं। यंत्र-मंत्र-तंत्र और कर्मकांड करने-कराने के नाम पर तो मोटी रकम वसूली जाती है, वहीं रुद्राक्ष, लॉकेट, अंगूठी, रत्न, माला, शंख की कीमत सैकड़े से शुरू होकर लाखों में चली जाती है। बेजान दारूवाला एक प्रसिद्ध ज्योतिषी हैं। 5 साल तक आपका कॅरियर कैसा रहेगा, यह बताने के लिए वे करीब 5,275 रुपए लेते हैं। प्रसिद्ध ऐस्ट्रोलॉजर के एन राव के शिष्य एस गणेश की फीस 6,000 रुपए है। 3 साल तक आपका कॅरियर कैसा रहेगा, यह बताने के लिए कंप्यूटर ऐस्ट्रोलॉजी के जनक अजय भाम्बी 4,500 रुपए लेते हैं। प्रेमपाल शर्मा प्रति प्रश्न 2,100 रुपए लेते हैं। सुरेश श्रीमाली टेलीफोन पर सलाह देने के लिए एक व्यक्ति से 11,000 रुपए झटक लेते हैं।

जादवपुर यूनिवर्सिटी में विजिटिंग फैकल्टी डा. सुरेंद्र कपूर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सलाह देने के लिए 15 मिनट का 2,100 रुपए लेते हैं। ऋतु शुक्ला आपका जीवन 2 साल तक कैसा रहेगा, यह बताने के लिए 11,000 रुपए लेती हैं। दूरसंचार कंपनी एयरसेल अपनी ज्योतिष सेवा से प्रतिमाह 2 करोड़ रुपए का कारोबार करती है। हालांकि सबकी फीस क्लाइंट की स्थिति के हिसाब से घटती-बढ़ती रहती है। भारतीय संविधान के 10 मूल कर्तव्यों में एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना भी है। लेकिन यहां अंधविश्वास को ही आगे बढ़ाने वालों की भीड़ ज्यादा है।

# धनतेरस, छोटी दिवाली, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज यह पंचपर्व का उत्सव



**स्वामी दिव्यानंद**

**सामान्य** तौर पर लोग धनतेरस के दिन खूब खरीदारी करते हैं बर्तनों की दुकान में भी अच्छी खासी भीड़ देखी जा सकती है अच्छी बात है किंतु यह स्मरण रखें लोहे स्टील अल्युमिनियम की वस्तुओं का खरीदना बिल्कुल शुभ नहीं है धनतेरस के दिन किंतु हां सोने पीतल कांसा तांबा इत्यादि धातुओं के बर्तन मूर्तियां सिक्के आभूषण वगैरह अवश्य खरीदे जा सकते हैं। ज्योतिष की दृष्टिकोण से धनतेरस या दीपावली में स्थिर लगने की पूजा की जाती है स्थिर लग्न में चार राशियां हैं वृषभ सिंह वृश्चिक और कुंभ वृषभ के स्वामी शुक्र है सिंह के स्वामी सूर्य और वृश्चिक के स्वामी मंगल इस तरह कुंभ के स्वामी शनि देव हैं स्थिर लग्न में वृषभ सिंह और वृश्चिक लग्न में पूजा की जाती है की जानी चाहिए किंतु धनतेरस और दीपावली में कुंभ लगने में पूजा नहीं करते हैं स्थिर लग्न होने के बावजूद भी स्टील लोहा शनि के कारक धातु है इसलिए दीपावली धनतेरस में इन धातुओं की खरीदारी नहीं करने का परामर्श दिया जाता है।

धनतेरस, छोटी दिवाली, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज यह पंचपर्व का उत्सव है कहा जाए तो पांचों दिन दीप जलाने का विधान है, आई समझते हैं किस दिन कितने और कैसी दीप जलानी चाहिए - छोटी दिवाली के दिन सर्वप्रथम घर के पूजन स्थल में घर के पानी वाले स्थान में रसोई में घर के मुख्य द्वार में पांच दिए पास के मंदिर देवालय शिवालय में बट एवं पीपल वृक्ष के में पास यदि कोई नदी तालाब हो तो वहां भी,

यह दीपक के नाम पर घर के परिसर के बाहर यमदिया के नियमानुसार, दीपावली दीपावली के दिन प्रकाश उत्सव ही होने के कारण समर्थ के अनुसार यथा संभव ज्यादा से ज्यादा दीपक अपने घर के परिसर के कोने में सती मंदिर तलाव बाबरी बट पीपल इत्यादि के पास इसके अतिरिक्त गोवर्धन पूजा भैया दूज के दिन पांच-पांच दीपक भी जलाई जा सकते हैं।

दिवाली के दिन स्मरण रखें दीपावली के दिन भूल कर भी घर के किसी कोने तक में अंधेरा ना रहे यानी घर में सभी स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए जैसे दीपक भी लगते हैं जलते हैं तो पूजा घर रसोई पानी रखने का स्थान छत बाथरूम सीधी घर स्टोर रूम बरांडा बालकनी में दीपक जलानी है घर के किसी भी कोण में अंधेरा ना रह जाए इस बात का विशेष ख्याल रखें घर में घर में अशांति किस-किस निंदा ईर्ष्या गंदगी से रचनी चाहिए इससे माता लक्ष्मी और प्रसन्न होती हैं यह स्मरण रखें की माता लक्ष्मी को स्वच्छता एवं प्रकाश शांति प्रिया है यदि इन बातों का ख्याल रखा जाए तो माता लक्ष्मी प्रसन्न होकर घर में सुख शांति वैभव धन संपदा से परिपूर्ण रखेंगे भक्तों को।

सनातन धर्म की की माता और विशालता तो आदरणीय है क्योंकि सनातन धर्म ही एक ऐसा है जो पेड़ पर्वत सांप बिच्छू पर्यावरण पत्थरों तक को पूछता है यहां तक की प्राण को हरने वाले यमराज यमदेव को भी पूजने का उन्हें सम्मान प्रकट करने की परंपरा है,

सूर्य देव की दो संताने पुत्री यमुना और पुत्र यमराज किसी अन्य कथा के अनुसार यमुना गोलोक में और यमराज यमलोक में इनका निवास स्थान रहा, दोनों भाई बहनों में अत्यंत प्रेम था अलग-अलग रहने के कारण मन व्याख्यित भी था, एक बार यमुना अपने प्रिय भाई यमराज को बहुत ही मिलने की इच्छा से स्मरण करने लगी और भाई को सूचित की कि वह मेरे घर आए और भोजन करें हुआ भी ऐसा ही, यमदेव ने सोचा हम तो लोगों का प्राण हरने वाले हैं मुझे तो कोई नहीं स्मरण करेगा ना ही कोई अपने घर बुलाएगी किंतु बहन बुलाई है तो मुझे अवश्य जाना चाहिए और यमदेव यमुना के घर गए भी जिस दिन यह पूजा होती है।

गोवर्धन पूजा के दिन भगवान कृष्ण की पूजा गोवर्धन पर्वत की पूजा और गौ माता की गोवंश की पूजा करने का विधान है इस दिन गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने का विशेष महत्व है कदाचित समूह के लिए यह व्यावहारिक रूप में संभव नहीं भी हो सकता है किंतु सनातन धर्म की विशालता एवं परंपरा अतुलनीय है अपने घर के बाहर आंगन इत्यादि में भी गोबर का एक अस्थाई रूप से पर्वत का निर्माण किया जा सकता है और भगवान श्री कृष्ण की पूजा गोवंश की पूजा संपन्न करने के पश्चात घर में बनाए गए इस अस्थाई पर्वत की भी परिक्रमा के लिए कर ली जाए तो इसका समान फल मिलता है स्मरण रहे गोवर्धन पूजा या अनुकू की पूजा घर के अंदर नहीं किया जाता है यह घर के बाहर आंगन में ही करें साथ ही घर के सभी सदस्य एक साथ मिलकर करें ना कि सभी अपनी पूजा अलग-अलग करें गोवर्धन पूजा के दिन काले वस्त्र भूल कर भी ना पहने।

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी यानी धनतेरस के दिन यह दिया निकालने का विधान है सनातन धर्म की विशालता एवं महानता यह दशार्ती है की मृत्यु के देवता प्राण हरने वाले यमराज की भी वंदना करता है सनातन संस्कृति, इस दिन भगवान धन्वंतरि के साथ यमदेव को भी समर्पित है यह तिथि यमदेव के नाम पर दीपक जलाना यमदेव की प्रसन्नता एवं अकाल मृत्यु से रक्षा हेतु उनसे कामना की जाती है,

धनतेरस की रात जब घर के सभी सदस्य सो जाएं तो घर परिवार में सबसे बुजुर्ग माताएं यह दीपक जलती हैं विधान के अनुसार यमकदीप दान करने के लिए कौर दीपक का उपयोग किया जाता है यानी मिट्टी के दिए जिसे पकाया नहीं गया है ऐसे कौर दीपक का उपयोग करें किंतु आज के समय में विशेष कर शहरों में हो सकता है कि यह उपलब्ध ना हो सके इसकी जगह में गेहूं के आटे की दीपक बनाकर जिसके चार मुख हो ऐसे दिए में या मिट्टी के कोर दिए में नहीं हुई की बत्ती लगाकर चार मुख वाले दीपक को तिल के तेल के साथ या सरसों के तेल में काला तिल छोड़कर घर के मुख्य द्वार के बाहर दक्षिण भिमुख होकर थान को जल से परीक्षण करके अनाज की देरी के ऊपर दीपक को प्रतिष्ठित करें दीपक की पूजन कर ली जाए तत्पश्चात यमदेव से प्रार्थना करें की यमदेव आप प्रसन्न हो घर के पूरे परिवार की रक्षा करें ऐसी प्रार्थना करते हुए दीपक को प्रतिष्ठित करके प्रयास करें की पीछे घूम कर वापस ना देखें यानी दीपक के समक्ष यमदेव को प्रार्थना प्रणाम करके पीछे घूम कर सीधे घर के अंदर आ जाए बिना पीछे मुड़े हुए है।

**दीपोत्सव**

**धनतेरस, छोटी दिवाली, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज यह पंचपर्व का उत्सव है कहा जाए त ोपांचों दिन दीप जलाने का विधान है, आइये समझते हैं किस दिन कितने और कैसी दीप जलानी चा हिए। छोटी दिवाली के दिन सर्वप्र थम घर के पूजन स्थल में घर के पानी वाले स्थान में रसोई में घर के मुख्य द्वार में पांच दीये पास के मंदिर देवालय शिवालय में बट ए वंपीपल वृक्ष के में पास जलायें।**

# पोंगापंथी फैलाने में सोशल मीडिया और टीवी सबसे आगे

**मीता प्रेम शर्मा**

फेसबुक, व्हाट्सऐप, अखबारों के साथ-साथ कई टीवी चैनल, जैसे 'आस्था', 'संस्कार', 'दिव्य', 'दिशा', 'साधना', 'गौड' आदि पोंगापंथी फैलाने में किसी न किसी तरह से लिप्त हैं। फेसबुक, व्हाट्सऐप पर दिनों के अनुसार देवी-देवताओं की तस्वीरें व संदेश आते हैं, जैसे सोमवार को शंकर, मंगलवार को हनुमान आदि। बस, एक बार 'जय' लिखो अधूरे काम पूरे होंगे। हजारों की संख्या में लोग, 'जय,' 'प्रणाम,' 'जयकारा' आदि फटाफट लिख भेजते हैं। इसी तरह हजारों की संख्या में लोग लाइक और शेयर करते हैं।

**एक और बानगी व्हाट्सऐप पर :** 'हनुमान' के इन 12 नामों को 12 लोगों को भेजें। 3 दिनों में मनोकामना पूर्ण होगी। इनकार करेंगे तो 12 वर्ष तक कोई भी काम नहीं बनेगा। धर्मभीरू लोगों को डराने का यह एक सहज तरीका है। इसी तरह, राम के नाम हजार बार लिखो और 15 लोगों को भेजो, रात तक खुशखबरी मिलेगी।




फेसबुक परः मानते हो तो दिल से लाइक करें-'ओम साईं राम.' पोस्ट करते ही 94,339 लाइक, 1,550 शेयर आ गए फेसबुक पर।

नवग्रह मंदिर, खरगौन, मध्य प्रदेश का संदेश फेसबुक पर, 'अपने दुश्मनों से छुटकारा पाने, अपने जीवन के हर क्षेत्र में विजयी होने, कोर्ट केस जीतने, प्रतियोगिता में जीतने के लिए पूजा कराएं।'

इन संदेशों के बारे में जितना कहा जाए, उतना कम है। आजकल व्हाट्सऐप पर एक ऑडियो मैसेज आता है कि यदि देश के दुश्मन कोई अफवाह फैलाना चाहें या देश में आतंकी खबर फैलाना चाहें तो कितनी जल्दी सोशल मीडिया द्वारा फैला सकते हैं। मास मैसेज भेजने वाले इस बात का अनुमान लगा रहे हैं, इसलिए, बिना सोचे-समझे कोई भी मैसेज आगे, न बढ़ाएं।

**अकर्मण्यता का प्रचार**

'रंक से राजा बनाने वाले राशि और भाग्यरत्न, भाग्योदय, रोगमुक्त और धन-दौलत, संपन्नता पाने का रामबाण उपाय...' ऐसे विज्ञापन अंधविश्वास ही फैलाते हैं।

सोशल मीडिया में कीर्तन, कथा व पांडित्य प्रवचनों का काफी चलन है। शिक्षित वर्ग में भी यह अंधविश्वास तेजी से फैल रहा है। आज का आकर्षण टेलीविजन और इसमें कदम बढ़ाते भक्ति चैनलों पर प्रवचन देती, कथा सुनाती सुंदर व युवा नारियों की वाणी की प्रखरता दर्शकों के जनसमूह को सम्मोहित कर लेती है। कुछ समय पूर्व तक इस क्षेत्र में पुरुष वर्ग का वर्चस्व था लेकिन अब कथा क्षेत्र, कीर्तन, वास्तुज्ञान में भी महिला वर्ग की उपस्थिति बढ़ रही है।

**चैनलों पर पोंगापंथी**

'दिशा' चैनल पर 'भाग्यदर्पण' के तहत 'लाल वट तेल' बेचने का अनोखा तरीका यों दिखाया जा रहा है- आप लाल रंग का दीपक जलाओगे तो शक्ति प्रसन्न होगी। इससे शत्रु का नाश होगा, भूत-प्रेत का असर समाप्त होगा। फिर धोखाधड़ी से बचने की सलाह देते हुए ऑनलाइन खरीदने पर जोर दिया जाता है। एक दिन टेलीविजन पर समाचार आ रहा था, साईंबाबा के दर्शन महंगे हुए- दर्शन 200 रुपए, आरती 600 रुपए। साईंबाबा के बारे में लिखा गया वर्णन तथा लोगों से सुनते आ रहे विचारों से मालूम यही हुआ कि साईंबाबा फकीर थे, इसी चैनल पर, आपको बताया जाता है कि मृत्यु के बाद किसी व्यक्ति की मुक्ति नहीं हुई है तो श्रीमदभगवत का पाठ कराएं और अमावस्या के दिन पूजा कराएं। भक्तिमुक्ति के नाम पर प्रचार करने वाले संगठन कई अजीब तरीके अपनाते हैं। मंहगी गाड़ियों, सिल्क वस्त्रों में लिपटे हुए संत प्रवचन द्वारा मोहमाया से दूर रहने की बात करते हैं जबकि स्वयं अकूत धन के मालिक बने रहते हैं।

अखबारों में प्रकाशित धार्मिक लेख, टेलीविजन पर दिखाए जाने वाले धार्मिक प्रकरण, प्रवचन, ऊटपटांग उपाय बताए जाने वाले राशियों के फल आदि दर्शकों, पाठकों के विचारों पर प्रभाव डाल उन्हें अपनी ओर खींचते हैं। अंधविश्वास गहरा होता जाता है जब दर्शक, पाठक इनको बार-बार देखता और पढ़ता है। इस विधि को मार्केटिंग भाषा में 'पुश फैक्टर' कहा जाता है।

पोंगापंथी व अंधविश्वास से बचना लोगों के अपने हाथ में है। किसी भी प्रचार पर विश्वास व अमल करने से पूर्व बुद्धि का प्रयोग करें। पर धर्म के प्रचारक इतने तेज हैं कि वे बुद्धि का इस्तेमाल करने ही नहीं देते।